सूर्योदय : 5:18
सूर्यास्त : 6:47
अधिकतम तापमान : 40.7
न्यूनतम : 28.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-325 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 17 मई 2026
29 ज़िकादा 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

भारत-नीदरलैंड दोस्ती को मिलेगी नई धार

एम्स्टर्डम पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

हेग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एम्स्टर्डम पहुंचे। प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच रणनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से हो रहा है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार और निवेश संबंध में लगातार विस्तार हो रहा है।

नीदरलैंड की राजधानी में उतरने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की प्रक्रिया ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई गति प्रदान की है और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खोले हैं। मोदी ने कहा, 'एम्स्टर्डम पहुंच गया हूं। नीदरलैंड की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते ने व्यापार और निवेश संबंधों को काफी बढ़ावा दिया है। यह सेमीकंडक्टर, जल, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। '

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपनी यात्रा के दौरान नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन से बातचीत करेंगे और राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह 16 मई की सुबह होने वाले एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड यूरोप में भारत के प्रमुख आर्थिक साझेदारों में से एक है और देश में विदेशी निवेश का एक प्रमुख स्रोत बनकर उभरा है। पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़कर प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता, कृषि और सेमीकंडक्टर विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में लगातार विस्तारित हो रहा है। यह दौरा भारत और यूरोपीय संघ द्वारा लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों के बीच हो रहा है।

मोदी ने भारतीयों को किया संबोधित

हेग। शनिवार को पीएम मोदी ने हेग में भारतीय समुदाय के लोगों की एक सभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने भारत को 'अवसरों की भूमि' बताया जो 'अभूतपूर्व परिवर्तन' से गुजर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 15 से 17 मई तक की नीदरलैंड यात्रा इस यूरोपीय देश की उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 2017 में नीदरलैंड की यात्रा की थी।

भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे जोश के साथ स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय समुदाय को संबोधित करने के दौरान पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका पर जोर दिया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान ट्यूलिप और कमल का भी जिक्र किया। मोदी ने हॉकी और क्रिकेट में भी भारत-नीदरलैंड संबंधों को मजबूत बताया। पीएम मोदी ने कहा, 'साथियों, नीदरलैंड ट्यूलिप की धरती है और

नीदरलैंड ट्यूलिप तो भारत है कमल की धरती

यहां के खूबसूरत ट्यूलिप्स को देखने के लिए दुनिया भर के लोग यहां आते हैं। भारत में भी दुनिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में से एक हमारे कश्मीर में है। जिस तरह नीदरलैंड को ट्यूलिप्स के लिए जाना जाता है, वैसे ही भारत लोटस यानी कमल के लिए जाना जाता है। साथियों ट्यूलिप और कमल, दोनों फूल हमें बताते हैं कि जड़े चाहे पानी में हो या धरती पर अगर सही पोषण मिले तो सुंदरता भी मिलती है और स्ट्रेंथ भी आ जाती है।

पाक्सो मामले में मंत्री का बेटा गिरफ्तार

बंदी संजय कुमार बोले, कानून की नजर में सब बराबर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ साई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। केंद्रीय मंत्री के बेटे पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है।

बंदी संजय कुमार, गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री और भाजपा सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री ने आज शनिवार, 16 मई को बताया कि उन्होंने अपने बेटे बंदी भगीरथ साई को इस मामले की जांच के लिए पुलिस के हवाले कर दिया है। 25 वर्षीय भगीरथ साई पर 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम' (पाक्सो एक्ट) और 'भारतीय न्याय संहिता' की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि साई ने आत्मसमर्पण नहीं किया था, बल्कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं केंद्रीय मंत्री का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे को पुलिस के हवाले किया है, क्योंकि कानून की नजर में सब बराबर हैं।

न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन गलती नहीं

केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सत्यमेव जयते, कानून और ज्यूडिशियरी का पूरा सम्मान करते हुए, आज मेरा बेटा बंदी भगीरथ हमारे वकीलों के जरिए जांच के लिए तेलंगाना पुलिस के सामने गया।' संजय कुमार ने आगे लिखा, 'मैंने यह पहले भी कहा है, चाहे मेरा अपना बेटा हो या कोई आम नागरिक, कानून के सामने सब बराबर हैं। मेरा बेटा लगातार कहता रहा है कि उसने कोई गलती नहीं की है।' बंदी संजय कुमार ने आगे बताया, 'लीगल एक्सपर्ट्स से सलाह लेने और उनके सामने हमारे पास मौजूद सबूत रखने के बाद, हमें सलाह दी गई कि इस मामले को लीगल प्रोसेस के जरिए सही तरीके से सुलझाया जाएगा। साथ ही, मेरा मानना है कि जांच में पूरा सहयोग करना चाहिए और ज्यूडिशियल सिस्टम का सम्मान करना चाहिए।' केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा, भले ही कोर्ट की कार्रवाई चल रही है और अगले हफ्ते ऑर्डर आने की उम्मीद है और हमारी लीगल टीम की सलाह के बावजूद, मुझे लगा कि जांच में सहयोग करने में हमारी तरफ से कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। मुझे जस्टिस सिस्टम पर पूरा भरोसा है। न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन उसे नकारा नहीं जा सकता।

सेना प्रमुख की पड़ोसी देश को चेतावनी

पाकिस्तान भूगोल में रहेगा या इतिहास में वह खुद तय करे

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि उसे तय करना होगा कि वह विश्व मानचित्र पर अपनी पहचान बनाए रखना चाहता है या आतंकवादियों को आश्रय देने और भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधि जारी रखकर खुद को इतिहास से मिटाने का जोखिम लेना चाहता है। शनिवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र में यह पूछे जाने पर कि अगर ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां फिर से उत्पन्न होती हैं तो भारतीय सेना कैसा जवाब देगी, तो जनरल द्विवेदी ने दो टूक उत्तर देते हुए कहा, 'अगर आपने पहले मेरी बातें सुनी हैं, तो मैंने कहा है कि पाकिस्तान अगर आतंकवादियों को पनाह देता रहा और भारत के खिलाफ गतिविधियां करता रहा, तो उसे तय करना होगा कि वह भौगोलिक मानचित्र का हिस्सा रहना चाहता है या इतिहास का। '

सेना प्रमुख की यह टिप्पणी भारत के शीर्ष सैन्य नेतृत्व की ओर से एक मजबूत चेतावनी के रूप में देखी जा रही है जो यह संकेत देती है कि सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत की सहनशीलता सीमित है और भविष्य में कोई भी भड़काने वाली कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर केवल एक ट्रेलर था

जनरल द्विवेदी ने पिछले वर्ष नवंबर में 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग' को संबोधित करते हुए कहा था, ऑपरेशन सिंदूर केवल एक ट्रेलर था, जो 88 घंटे में समाप्त हुआ। हम भविष्य में किसी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। अगर पाकिस्तान अवसर देगा, तो हम उसे यह सिखाएंगे कि पड़ोसी देश के साथ जिम्मेदारी से व्यवहार कैसे करना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर के समय सैन्य संचालन महानिदेशक रहे लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ पर कहा था कि भारत की सैन्य कार्रवाई के कारण पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर भारी नुकसान उठाना पड़ा जिसके बाद उसे भारत के सामने संघर्षविराम की गुहार लगानी पड़ी।

गोरखपुर में सीएसआर फंड से बनेगा इंटरनेशनल स्टेडियम

सीएम योगी ने मॉडल और ड्राइंग मैप का किया अवलोकन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश को माफियामुक्त, गुंडा मुक्त, दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त बनाया है। इससे प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब विकास होता है तो रोजगार का सृजन स्वतः स्फूर्त भाव से होता है। मुख्यमंत्री ने लोगों को आगाह किया कि जो लोग जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर बांटते है वो आपके हितैषी नहीं हो सकते। जब भी उनके पास सत्ता आई तो वे गुंडागर्दी अराजकता, अव्यवस्था करते रहे।

उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग अपने परिवार के लिए किया, जनता हित के लिए कभी नहीं किया पर आज की डबल इंजन सरकार आमजन के कल्याण के लिए, रोजगार सृजन के लिए कार्य कर रही है। योगी ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यूपी में अब तक हम लोग 534 से अधिक पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के जरिये सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। साथ ही 500 खिलाड़ियों की नई भर्ती फिर से निकाली है। इससे बहुत शीघ्र ही जिन्होंने भी ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप आदि में मेडल जीते हैं उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक सीधी भर्ती में ललित उपाध्याय, दीप्ति शर्मा, पारुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, प्रवीण कुमार, राजकुमार पाल को उत्तर प्रदेश पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी का पद दिया गया है।

विजय कुमार यादव और दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार, अर्जुन सिंह को यात्री और मालकर अधिकारी, प्राची और पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी, अजीत सिंह, सिमरन को जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रीति पाल को खंड विकास अधिकारी, रिंकू सिंह को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से नई खेल संस्कृति आगे बढ़ी है।

इसका परिणाम है कि ओलंपिक, एशियाड, कामनवेल्थ और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिभाग और मेडल की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर देना सरकार की जिम्मेदारी है और सरकार इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। सुविधा मिलने से आज के खिलाड़ी पीएम मोदी के विजन को साकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार हर गांव में खेल मैदान, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियमए जिला स्तर पर स्टेडियम और मंडल स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज की सुविधा विकसित कर रही है।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के साथ किया भूमि पूजन

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए सीएसआर फंड से 100 करोड़ रुपये देने के लिए पेट्रोलियम मंत्री इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के प्रति आभार व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। भूमि पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम के ड्राइंग मैप और मॉडल का अवलोकन किया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रस्तावित निर्माण कार्यों और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

आजम खान को बड़ा झटका

कोर्ट ने सुनाई दो साल कैद की सजा

रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को बड़ा झटका लगा है। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए उनके विवादित बयान को लेकर दोषी ठहराते हुए उन्हें 2 साल की कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि कोर्ट ने आजम खान ने चुनावी जनसभा के दौरान तत्कालीन डीएम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा था कि सब डटे रहो, यह कलेक्टर-पलेक्टर से मत डरियो। यह तनखैया है और तनखैयों से नहीं डरते। देखे हैं कई मायावती के फोटो, कैसे बड़े-बड़े अफसर रूमाल निकालकर जूते साफ कर रहे हैं। उन्हीं से गठबंधन है, उन्हीं के जूते साफ कराऊंगा इनसे। आजम के इस बयान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी आपत्ति जताई थी। आरोप था कि चुनावी मंच से दिए गए बयान से प्रशासनिक गरिमा को ठेस पहुंची और आचार संहिता का उल्लंघन हुआ।

पीएम धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या फिर खुद जिम्मेदारी लें

नीट पेपर लीक पर राहुल गांधी की मांग

नई दिल्ली। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को नीट पेपर लीक मामले को लेकर मोदी सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाने की मांग की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि 22 लाख नीट छात्रों के साथ विश्वासघात हुआ है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत हटा दें या फिर खुद इसकी जिम्मेदारी लें।

पेपर लीक के मामले पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा की तैयारी के लिए दो साल तक दिन-रात मेहनत की थी, लेकिन उनकी सारी मेहनत बेकार चली गई। उन्होंने आरोप लगाया, 'पूरा देश जानता है कि परीक्षा से दो दिन पहले नीट का पेपर वाट्सएप पर बांट दिया गया था। ' राहुल गांधी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर इस विवाद की ज़िम्मेदारी लेने से इनकार करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, धर्मेंद्र प्रधान, जो भारत के शिक्षा मंत्री हैं, कहते हैं कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। एक समिति ने एक सिफारिश की थी, लेकिन उन्होंने उसे कूड़ेदान में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि समिति में विपक्ष के लोग बैठे हैं, इसका कोई मतलब नहीं है, इसकी कोई जरूरत नहीं है।

शिक्षा व्यवस्था को तबाह कर दिया

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आरएसएस, बीजेपी और यूनिवर्सिटी अधिकारियों के बीच एक साठगांठ ने देश की शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। राहुल गांधी ने कहा, 'सच कहूं तो, आपने हिंदुस्तान की बुनियाद को नुकसान पहुंचाया है। यह एक साठगांठ है – आरएसएस, बीजेपी और हमारी यूनिवर्सिटी में उनके साथी: वाइस चांसलर और प्रोफेसर। इनके बीच पैसा कमाने की एक साठगांठ है, और इन्होंने हिंदुस्तान की शिक्षा व्यवस्था को तबाह कर दिया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा

कार कंटेनर में घुसी पांच लोगों की मौत

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार अपराह्न हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार तेज गति से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जा रही थी। माइलस्टोन-238 के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से पीछे से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 और थाना कंधरापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और लोगों ने काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर एसपी ट्रैफिक भी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्यों का जायजा लिया। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा।

संकट ईरान के साथ युद्धविराम को लेकर ट्रंप का बड़ा बयान

हमने पाकिस्तान के अनुरोध पर किया सीज फायर

चीन की यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से की बात

एयर फोर्स वन। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने निर्णय को प्रभावित किया।

ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमरीका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा, हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रंप ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमरीका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमरीका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा, हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया।

ईरान ने होर्मुज का मैकेनिज्म तैयार किया, जहाजों से होगी टोल वसूली

तेहरान। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जाने वाले जहाजों को नियंत्रित करने के लिए एक नई व्यवस्था तैयार की है। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने शनिवार को बताया कि एक मैकेनिज्म बनाया गया है, जिससे होर्मुज के ट्रैफिक से टोल वसूली को व्यवस्थित किया जा सके। इस प्लान को ईरान की ओर से जल्दी ही दुनिया के सामने रखा जाएगा। अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट विवाद के केंद्र में है। ऐसे में ईरान का टोल वसूली का प्लान ट्रंप को नाराज कर सकता है।

रॉयटर्स के अनुसार, इब्राहिम अजीजी ने बताया कि इस नए तंत्र के तहत ईरान वाणिज्यिक जहाजों और नेवी के साथ सहयोग करने वाले देशों को प्राथमिकता के आधार पर पहुंच दी जाएगी। इस प्रक्रिया में वाणिज्यिक जहाजों और ईरान के साथ सहयोग करने वाले पक्षों को ही लाभ मिलेगा। अजीजी ने कहा कि निर्धारित शिपिंग मार्ग का जल्द खुलासा किया जाएगा। ईरानी नेता ने बताया कि प्रस्तावित तंत्र के तहत प्रदान की जाने वाली विशेष सेवाओं के लिए जहाजों से आवश्यक शुल्क लिया जाएगा।

मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने पर खरगे का पलटवार

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है।

श्री खरगे ने यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट, दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर व्यापक प्रभाव होता है और इससे पूरे देश में महंगाई की श्रृंखलाबद्ध मार पड़ती है, जिसका असर उद्योगों, किसानों और घरेलू बजट पर होता है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के समय सरकार ने स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया और कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए वाजिब सवालों को खारिज किया है। उनका कहना था कि रूस से तेल खरीद को लेकर मार्च में अमेरिका ने 30 दिन की छूट की अनुमति देने जैसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री ने देश को ऐसी स्थिति में क्यों पहुंचा दिया कि भारत को अनुमति मांगनी पड़े। श्री खरगे ने कहा कि चुनाव के दौरान सरकार यह संदेश देती रही कि सब कुछ सामान्य है लेकिन अब संकट बढ़ने पर प्रधानमंत्री लोगों को घर से काम करने और ईंधन बचाने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि करों के माध्यम से भारी राजस्व अर्जित किया।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 146 शिकायती आयी मात्र 07 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील धौरहरा में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एएसपी पवन गौतम एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 146 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 63, पुलिस 42, विकास 09,समाज कल्याण 09, लोक निर्माण 04, विधुत 06, नगर निकाय 03, आपूर्ति 04, अन्य की 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम शशिकांत मणि, तहसीलदार आदित्य विशाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

धौरहरा नगर पंचायत के मुख्य बाजार सेहटाया गया चार साल पुराना अतिक्रमण

लखीमपुर खीरी। धौरहरा नगर पंचायत के मुख्य बाजार से शनिवार को चार साल पुराना अतिक्रमण हटा दिया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के निर्देश पर की गई। संतोष चौरसिया को आवंटित दुकान के सामने मुंशी राईन ने तखत डालकर कब्जा कर रखा था। पीड़ित की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत ईओ गौरव सिंह, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सोनकर और नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव को पुलिस बल के साथ भेजा। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया। कार्रवाई के बाद संतोष चौरसिया ने प्रशासन का आभार जताया।

वट वृक्ष पूजा के दौरान एक महिला का हार छीनने का मामला आया सामने

लखीमपुर खीरी। शहर के सेठ घाट पर वट वृक्ष पूजा के दौरान एक महिला का हार छीनने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब घाट पर पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ जुटी हुई थी बताया जा रहा है कि मौके के पास ही पुलिस चौकी भी मौजूद है, इसके बावजूद बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद महिलाओं में दहशत और नाराजगी का माहौल है।वहीं दूसरी तरफ़ भुईफ़ोरवानाथ मंदिर पर विमला मिश्रा निवासी हाथीपुर सोने की चैन गायब वट वृक्ष पूजा के लिए आई थी मंदिर।

ईंधन बचत और सादगी का दिया संदेश, बोले- कठिन परिस्थितियों में हर नागरिक को निभानी होगी जिम्मेदारी अंजनी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ईंधन बचत व सादगी अपनाने की अपील का असर अब प्रशासनिक अमले में भी दिखने लगा है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अपने सरकारी काफिले को छोटा कर एक नई मिसाल पेश की है।सोमवार से डीएम ने अपने काफिले में शामिल स्कॉर्ट वाहन कम कर दी है। शनिवार को तहसील धौरहरा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शामिल होने के लिए डीएम केवल एक सरकारी वाहन और जरूरी स्टाफ के साथ पहुंचे। पहले उनके काफिले में उनकी गाड़ी के साथ एक अतिरिक्त स्कॉर्ट वाहन भी शामिल रहता था डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने देशवासियों से कम से कम ईंधन इस्तेमाल करने और संसाधनों की बचत करने का आह्वान किया है। ऐसे समय में हर व्यक्ति और अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह अपने स्तर से योगदान दे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत भी देशहित में बड़ा संदेश देती हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी अनावश्यक खर्च और अतिरिक्त संसाधनों के उपयोग को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं डीएम के इस कदम को प्रशासनिक सादगी, जिम्मेदारी और जनसंदेश से जोड़कर देखा जा रहा है। आम लोगों के बीच भी इस पहल की चर्चा रही कि जब जिले का मुखिया खुद बचत और जिम्मेदारी का संदेश दे रहा है तो समाज के अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

कृष्णा टाकीज रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों फाटकों के फंसा बीच ई-रिक्शा

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र में कृष्णा टाकीज रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह एक ई-रिक्शा दोनों फाटकों के बीच फंस गया। जल्दबाजी के चक्कर में चालक ने ऐसा किया। इसी दौरान ट्रेन आ गई। हालांकि गेटमैन की सतर्कता की वजह से बड़ा हादसा टल गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर का कहना था कि गेटमैन की ओर से कोई मेमो उन्हें नहीं मिला है। अगर मिलेगा तो ई-रिक्शा चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह मैलानी की ओर जाने वाली ट्रेन गुजारने के लिए गेटमैन ने कृष्णा टाकीज स्थित रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर रहा था। इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक निकलने की जल्दबाजी में दोनों बैरियरों के बीच फंस गया। क्रॉसिंग के बीच में ई-रिक्शा और तेज आ रही ट्रेन को देखकर गेटमैन ने सतर्कता दिखाते हुए ई-रिक्शा किनारे कराते हुए ट्रेन का रास्ता साफ किया।

श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई वट सावित्री पूजा

लखीमपुर खीरी। शनिवार को वट सावित्री पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। शनिवार को सुबह से ही सुहागिन महिलाएं सोलह शृंगार कर विभिन्न मंदिरों और वट वृक्षों के पास पहुंचीं। महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने भुईफोरवानाथ मंदिर, पंजाबी कॉलोनी स्थित ऋषि आश्रम, सौजन्या चौक, गोला रोड समेत कई स्थानों पर वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागे बांधे और व्रत कथा सुनी। पूजा स्थलों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगी रही। कई महिलाओं ने फल-फूल, रोली, अक्षत और मिठाई अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की पूजा की। धार्मिक मान्यता है कि वट सावित्री व्रत करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखमय बना रहता है।

कठिना नदी किनारे स्थित कष्ट हरण मंदिर में मचा हड़कम्प

लखीमपुर-खीरी। कठिना नदी किनारे स्थित कष्ट हरण मंदिर में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम भार्गव ने अपनी लाइसेंसी बंदूक और पेट्रोल के साथ खुद को मंदिर के अंदर बंद कर लिया। उन्होंने मंदिर के रखरखाव, मंदिर की जमीन पर कब्जे और प्रशासनिक उपेक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन व कुछ स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए है। पूर्व ब्लाक प्रमुख ने बताया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती। तब तक वह मंदिर के अंदर ही कैद रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शाम 5 बजे तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वह आत्महत्या कर लेंगे घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने सभी से तैयारी की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के पश्चात कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह चरम पर है । संदीप राणा ने कहा कि जिला कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मेहनत से इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रयासरत है और सम्मेलन ऐतिहासिक ही होगा। आगामी 18 मई 2026 (सोमवार) को गागलहेड़ी के रॉयल पैलेस में होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा के लिए बुलाई गई। इस बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सभी ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों सहित, समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी सौंपी थी, उन सभी से तैयारी की प्रगति पर जानकारी ली। बैठक में सभी ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों सहित कांग्रेस पदाधिकारियो ने अपने-अपने स्तर पर की जा रही तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र से सम्मेलन स्थल तक अपने-अपने वाहनों से झंडे व बैनरों के साथ जाएंगे और इस कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे। संदीप राणा ने कहा कि 18 मई को होने वाले इस कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे जी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, सहारनपुर लोकसभा सांसद काजी इमरान मसूद सहित उत्तर प्रदेश से लोकसभा में सभी कांग्रेस सांसद, उत्तर प्रदेश विधानमंडल दल की नेता एवं विधायक श्रीमती आराधना मिश्रा जी आदि सहित राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने अपने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि हम अनुशासित तरीके से मार्ग में व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन स्थल तक पहुंचेंगे, जिससे किसी को कोई दिक्कत न हो। संदीप राणा ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की किसान, नौजवान व जनविरोधी नीतियों से जनता आजिज आ चुकी है और जनता जानती है कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस ही इसके विरुद्ध संघर्ष कर रही है। संदीप राणा ने कहा कि सफल कार्यकर्ता सम्मेलन जनपद में कांग्रेस की बड़ी रैली और चुनावों में कांग्रेस की विजय, दोनों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चैधरी मेहरबान आलम ने सम्मेलन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए इसकी सफलता के लिए अपने अनुभवी व सुझावों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल ने अपने विभाग की तैयारी की जानकारी देते हुए इस कार्यकर्ता सम्मेलन में समाज के सभी कार्यकर्ताओं को लाने की बात कही। लगभग तीन घंटे चली बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल, जिला कोषाध्यक्ष विनय राणा, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्षगण नितिन शर्मा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, शाजिया नाज, प्रीतम सैनी व पवन मौर्या, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, टीचर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामनरेश शर्मा, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव मधु सहगल, बिट्टू चैधरी, सखावत अली, अजय राणा, अजय त्यागी, हरविंदर सिंह राणा, रणबीर सिंह बंदूखेड़ी, हाशिम चैधरी, चैधरी गालिब, फाजिल अहमद, कर्मवीर सिंह, मेघराज सिंह, पवन सिंह राणा, साजिद अली, प्रभजीत सिंह लांबा, जोगिंदर कुमार, बुमरान कुरैशी, नसीब खान, असगर आलम, अनुज कुमार, विशाल कुमार लखनौती, राशिद मलिक, एडवोकेट सतीश कश्यप, विवेक चैधरी, शाहबाज, रवि कुमार, वसीम गाड़ा, नाथीराम आदि शाहिद वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें।

नगर निगम मे सफाई कर्मचारियों का धरना जारी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर निगम में सफाई कार्य का ठेका निजी कम्पनियों को दिये जाने के विरोध में सफाई कर्मचारियो का चल रहा धरना आज भी जारी रहा। आज धरने पर समस्त संगठनों को पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों को देखते संयुक्त रूप से आंदोलन करने पर सहमति जताते हुए कहा कि शीध्र की निगम कोई ठोस निर्णय नहीं लेता तो सोमचार से सफाई कार्य ठप्प कर हडंताल की जायेगी। नगर निगम परिसर में आज भी सफाई कर्मचारियों का धरन प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान समस्त सफाई कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी संगठनों के पदाधिकारियों से एक राय होते हुए कहा कि कर्मचारियों के हितों के देखते हुए विरोध प्रदर्शन संयुक्त रूप से चलाया जायेगा। उन्होंने निगम द्वारा ठेका सफाई कार्य निजी कम्पनियों को देना का विरोध है क्योंकि निगम के नेतृत्व में सफाई कार्य किये जा रहे है कर्मचारी संतोषजनक है। इसके बाद भी निजी कम्पनियों को जबरन ठेका दिया जा रहा है जो कर्मचारी हित में नहीं है।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निजी कंपनी का प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप कर दी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। वाल्मीकि सभा अध्यक्ष विनोद घावरी ने कहा कि निजी कंपनियां अपने स्वार्थ के लिए सफाई कर्मचारियों का आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण करती हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी निजी हाथों में दी गई सफाई व्यवस्था सफल नहीं रही थी। वर्तमान में शहरी आजीविका केंद्र के माध्यम से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से सफाई कार्य कराया जा रहा है और व्यवस्था संतोषजनक ढंग से चल रही है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीध्र ही निर्णय वापस न लिया गय तो सफाई कार्य को ठप्प कर दिया जायेगा। धरना-प्रदर्शन में विनोद घावरी, सोनी आजाद, राहुल वाल्मीकि, ए. गफ्फार, महेंद्र बेदी, सुनील घाघट, राकेश, कमल किशोर चंचल, राजकुमार, गुरुदयाल सिंह, तौसीफ, ईश्वर, हिमांशु, रतन लाल, उदय महरून, राजकुमार चंदेल, सिद्धांत, संजय, अमित कुमार, मुनेश कुमार, दीपक, मांगेराम, भूरा आदिवाल, अमित अविनाश बिरला, आशू, शिवम, सचिन, संदीप सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

तहसील देवबन्द में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चैहान ने आए हुए लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चैहान की अध्यक्षता में तहसील देवबन्द में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निदान करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों व समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 37, खण्ड विकास अधिकारी देवबन्द की 01, एसएचओ देवबन्द की 04, पुर्ति के 05, विद्युत विभाग की 01, ईओ की 03, लोक निर्माण विभाग की 01, चकबन्दी की 05 कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से राजस्व विभाग की 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ शिकायतकर्ता को संतुष्टी भी मिलनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि भूमि संबंधी विवादों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, डीएफओ शुभम सिंह, उपजिलाधिकारी देवबन्द युवराज सिंह, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भाजपा महानगर के 11 मंडलों के प्रभारी किये घोषित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारतीय जनता पार्टी महानगर सहारनपुर के संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा महानगर के 11 मंडलों के प्रभारी घोषित किए गए। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई ने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि भाजपा नगर विधान सभा के 6 मंडल प्रभारी में बनाये गये, जिनमें योग चुघ को भूतेश्वर मंडल प्रभारी बनाया गया, मानवेंद्र भारद्वाज को जनक मंडल का प्रभारी बनाया गया। सरदार सुपनीत सिंह को हकीकत मंडल का प्रभारी बनाया गया अनेश शर्मा को प्रताप मंडल का प्रभारी बनाया गया है। जबकि सुनील गुप्ता को शारदा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। शैलेंद्र भूषण गुप्ता को केशव मंडल का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा देहात विधान सभा के 5 मंडल प्रभारी में घोषित किये गये है। अमित चैधरी को गागलेहडी मंडल का प्रभारी बनाया गया। टोपरी मंडल में ठाठ सिंह राणा को प्रभारी बनाया गया है। विनीत गुप्ता को कोटा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। नीरज माहेश्वरी को पुवारका मंडल का प्रभारी बनाया गया है। विक्रम शर्मा को मानकमऊ मंडल का प्रभारी बनाया गया है। महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि सभी घोषित मंडल प्रभारी संगठन के अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने पार्टी में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने सभी को बधाई देते कहा कि संगठन के प्रति सभी प्रभारियों की निष्ठा, अनुभव एवं कार्यशैली के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। महापौर अजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत, संगठन क्षमता एवं जनसेवा के आधार पर दायित्व दिए जाते हैं। नए मंडल प्रभारी बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति देने का कार्य करेंगे। सभी मंडल प्रभारियों के लिए सभी जनप्रतिनिधि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त प्रभारी अपने अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता से मंडलों में पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे तथा आगामी अभियानों एवं कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पुलिस मुठभेड़ में घायल समेत दो शातिर गौकश गिरफ्तार

सहारनपुर। बेहट कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रूपए के इनामी समेत दो शातिर गौकशों को घायलावस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस 315 व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर मोटरसाइकिल बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुसार बेहट कोतवाली पुलिस रात्रि समय जनता रोड स्थित शाहपुर मोड़ पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान जनता रोड की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने टार्च दिखाकर संदिग्धों को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार बदमाश पीछे मुड़कर संसारपुर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया। कुछ दूरी पर जाकर बदमाशों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ी। पुलिस को नजदीक आता देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे पुलिस ने बलप्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस काफी देर तक काम्बिंग करती रही। काम्बिंग के दौरान दूसरा बदमाश भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दबोचे गए बदमाशों की पहचान आसिफ पुत्र जलील निवासी ग्राम खिड़का भटकवा थाना बेहट व आदिल पुत्र अल्ताफ निवासी मौहल्ला कस्सावान कस्बा व थाना बेहट के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा व दो खोखा कारतजूस व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस ने घायल बदमाश आसिफ को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। आसिफ शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में लगभग 9 मुकदमें दर्ज हैं तथा पुलिस द्वारा 25 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

उद्योगों को प्रोत्साहित करने का हरसंभव होगा प्रयासः रामभरोस

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। राज्यकर विभाग के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सरन ने कहा कि उद्योग व उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जायेगा ताकि उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाये और प्रशासन सदैव तत्पर है तथा उद्यमीगण अपनी समस्याओं एवं सुझावों के साथ उनसे व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क कर सकते हैं। राज्यकर विभाग के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रामभरोस सरन चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामभरोस सरन (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपायुक्त उद्योग अजय त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अधिशासी अभियंता स.पु.वि.प्रा. सार्थक शर्मा, वरिष्ठ आर्किटेक्ट मनमीत सिंह बजाज, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार कैम, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सहारनपुर के सेल्स मैनेजर अभिषेक भदोरिया, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार एवं संस्था के चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा, राजेश सपरा, परमजीत सिंह, संदीप कपूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि रामभरोस सरन (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सर्वप्रथम सभी पदाधिकारियो एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगो के बीच में आकर अत्यंत गर्व एवं आत्मीयता का अनुभव कर रहे हे और जिन समस्याओं एवं मुद्दों को उनके संज्ञान में लाया है, उन सभी समस्याओं का समाधान संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर करवाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन सदैव तत्पर है तथा उद्यमीगण अपनी समस्याओं एवं सुझावों के साथ उनसे व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क कर सकते हैं। चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि आईआईए सदैव उद्योगों के हितों, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान एवं जनपद के औद्योगिक विकास हेतु सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सरकार की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं एवं औद्योगिक प्रोत्साहन संबंधी नीतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वरिष्ठ आर्किटेक्ट मनमीत सिंह बजाज द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी माँ शाकुम्भरी देवी आवासीय योजना, नवीन सहारनपुर के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। अधिशासी अभियंता स.पु.वि.प्रा. सार्थक शर्मा ने उपस्थित उद्यमियों को बताया कि माँ शाकुम्भरी देवी आवासीय योजना, नवीन सहारनपुर फेज-1 में आवासीय भूखंड 6 श्रेणियों में उपलब्ध हैं- 90 वर्ग मीटर, 112.50 वर्ग मीटर, 135 वर्ग मीटर, 162 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर एवं 288 वर्ग मीटर। उन्होंने बताया कि भूखंड की कीमत 32,000 प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार कैम ने आईआईए परिवार का आभार व्यक्त किया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सहारनपुर के सेल्स मैनेजर अभिषेक भदोरिया ने बैंक की विभिन्न आकर्षक सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। अंत में आईआईए के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था के साथ जुडे नये सदस्य अनमोल मल्होत्रा व पीयूश गोयल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में परमजीत सिंह, संदीप कपूर, वीरभान भटेजा, अरविन्द खन्ना, प्रेम क्षात्रा, संजीव सचदेवा, दर्शन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार अग्रवाल, सदीप कपूर, प्रमोद कुमार गोयल, मनोज जैन, सुशमा बजाज, सुनील सैनी, प्रियेश गर्ग, शिवम गोयल, सुनील वर्मा, ऋषभ अग्रवाल, अविनाश अरोड़ा, आर.के.अग्रवाल, आषीश गुप्ता, पंकज गोयल, अरशद अहमद, अभय सैनी, ललित धीमान, शिव अरोड़ा, नवीन सैनी, अंशुल गोयल, अपूर्व गोयल, अमित अरोड़ा, राकेश सैठी, गुलबशर, आशीष मित्तल, एच.एस.गोगिया, राजकुमार, मोन्टू, नौशाद अली, अजेश शर्मा, कपिल जैन, अशोक पोसवाल, मनमोहन जुनेजा, पुनीत चैहान, अतुल मित्तल, नीरज कुमार, एम.पी.दीक्षित, नमन गोयल, आदित्य अवस्थी, ऋषभ अरोड़ा, रमन दीप सिंह, गगनदीप सिंह, आकाश जाटव, अनुज गुप्ता, संजय सिंह, संजय गुम्बर, पंकज गोयल, आयुश गुप्ता, नितीन खेड़ा, चरणप्रीत सिंह, राजीव शर्मा, वरूण चावला, अजय पाल सिंह, पुलकीत जैन, अशोक खुराना, सचिन जैन, राजेन्द्र कालरा, रजत अग्रवाल, निखिल गोयल, गोरांग अरोड़ा, प्रवीण कदम, अविक जैन, विजय गुप्ता, हिमांशु राणा, रजनीश तनेजा, त्रिभुवन पाल, प्रवीण आहूजा आदि के अलावा लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे के बयान पर भड़की एआईएमआईएम कार्रवाई की मांग

- एआईएमआईएम को 'आतंकी संगठन' बताने पर महोबा में प्रदर्शन
- राष्ट्रपति को छह सूत्रीय संबोधित ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

महोबा। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ने ऑल इंडिया मजलि ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) पार्टी को आतंकवादी ऑर्गेनाइजेशन और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तुलना पूर्व अलकायदा नेता ओसामा बिनलादेन से किए जाने के विवादित बयान से नाराज एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद पार्टी ने राष्ट्रपति को छह सूत्रीय संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त एसडीएम को सौंपकर मंत्री के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में बताया कि महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने भारतीय चुनाव आयोग में रजिस्टर्ड एआईएमआईएम पार्टी को आतंकवादी आर्गेनाइजेशन और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तुलना अलकायदा नेता ओसामा से किए जाने के विवादित बयान दिया था, जिससे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं मे खासा आक्रोश व्याप्त है। कहा कि यह भारत एक सबसे बड़ा लोक तांत्रिक संवैधानिक देश हैं, इसके बावजूद धार्मिक एजेंडे को सेट करने के लिए एक पार्टी और विशेष के खिलाफ खुलेआम नफरते फैलाई जा रही है। ज्ञापन में बताया कि मंत्री द्वारा दिया गया बयान अशोभनीय होने के साथ गेर संवैधानिक और निंदनीय है। संविधान की शपथ लेकर मंत्री पद पर रहने वाले इस व्यक्ति का यह कृत्य कानूनी कार्रवाई की परिधि में आता है। बताया कि मंत्री ने मदरसो पर तथ्यहीन आरोप लगाकर आतंकवादियों का केंद्र कहने, मदरसो में किताब के बजाय बंदूक मिलने के फर्जी और भ्रामक आरोप भरे विवादित गैर जिम्मेदाराना बयान देने के खिलाफ पार्टी के लोगों ने कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में आदिल, रोशन, नाजिर अली, वारिस मंसूरी, सैफ, लईक, इसरार, सतीश कुमार सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल है।

संपूर्ण समाधान दिवस में खादी ग्रामोद्योग विभाग का कार्यक्रम आयोजित

गोण्डा। तहसील तरबगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा आमजन से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचे। उन्होंने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को विभागीय योजनाओं की सही जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं होंगी स्वस्थ्य व शिक्षित : पूजा दीक्षित

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। काशी की बेटियों द्वारा काशी की बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वाभिमान एवं जागरूकता को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत ललिता सैनिटरी पैड् का औपचारिक शुभारंभ आर्य महिला नागरमल मुरारका मॉडल स्कूल चेतगंज में आयोजित माँ-बेटी जागरूकता संवाद कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता और सुरक्षित जीवनशैली को लेकर सकारात्मक संवाद स्थापित करना था। इस विशेष आयोजन का संचालन टीम ललिता द्वारा आर्य महिला नागरमल मुरारका मॉडल स्कूल के सहयोग एवं कुंडू फाउंडेशन के सहभाग से किया गया, जिसमें छात्राओं, माताओं, शिक्षकों, चिकित्सकों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने महिलाओं से जुड़े संवेदनशील विषयों पर खुलकर चर्चा का एक सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सह-संस्थापक रशिका डिडवानिया के उद्बाटन संबोधन से हुई। उन्होंने 'ललिता' पहल के पीछे की सोच, उसके सामाजिक उद्देश्य और महिलाओं के सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़े विज़न को विस्तार से साझा किया। वहीं सह-संस्थापक नंदिनी डिडवानिया ने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को समाज की प्राथमिक सआवश्यकता बताते हुए जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती पूजा दीक्षित ने महिला नेतृत्व, शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में मजबूत हों।

कार्यक्रम में डॉ. दीपिका और डॉ. सलोनी ने मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य प्रबंधन और महिलाओं के कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर उपयोगी जानकारी साझा की। साथ ही कुंडू फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने माहवारी से जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखते हुए जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

4 करोड़ की लागत से अजीतपुर आसना में बनेगा अत्याधुनिक उपवन पार्क

- महापौर व नगर आयुक्त ने किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं प्रदेश सरकार की नगरीय विकास संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत नगर निगम अलीगढ़ द्वारा विस्तारित वार्ड संख्या-23 स्थित ग्राम अजीतपुर आसना में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से उपवन योजना के अंतर्गत आधुनिक उपवन पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। शनिवार को महापौर प्रशांत सिंघल एवं नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन कर इस विस्तारित वार्ड में उपवन पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

पार्क में होंगी ये सुविधाएं

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि उपवन योजना अंतर्गत लगभग 4 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाला यह पार्क आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा जिसमें शहरी वार्डो की जनता के लिए पर्यावरण संरक्षण मनोरंजन स्वास्थ्य एवं जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इस पार्क के निर्माण कार्य को अगले 4 से 65 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्क परिसर में फॉरेस्ट-टू-फीस्ट थीम आधारित कैफे डिजिटल व्याख्या केंद्र पौधरोपण प्रशिक्षण केंद्र एवं आकर्षक उद्यानिकी व्यवस्था विकसित की जाएगी। पार्क में प्रवेश द्वार पर मूर्ति सहित जलाशय कमल तालाब पत्थर की मूर्ति सहित मछली तालाब बच्चों के खेल क्षेत्र ओपन जिम तथा नागरिकों के बैठने हेतु सुंदर गज़ीबो(विश्राम मंडप) एवं बेंच स्थापित किए जाएंगे। पार्क में कंकरीले पत्थरों का पैदल मार्ग रिफ्लेक्शन पथ परगोला एवं सेवा सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुरुष महिला एवं दिव्यांगजन हेतु पृथक शौचालयों की व्यवस्था पार्किंग कूड़ादान, कम्पोस्टर सहित अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र विद्युत कक्ष/एमडीबी कक्ष एवं प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। पार्क क्षेत्र में व्यापक पौधरोपण किया जाएगा जिसे 17 जोनों में विभाजित कर तीन वर्षों तक रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि पार्क परिसर में प्रशासनिक एवं आगंतुक सेवा भवन टिकट काउंटर गार्ड रूम सीमा दीवार एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण भी प्रस्तावित है।

संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 56 शिकायतें, मौके पर 6 का निस्तारण

- धरातल पर हो शिकायतों का निस्तारण, फर्जीवाड़ा मिलने पर होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

महोबा । सदर तहसील में शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिकरियों ने आए हुए फरियादियों की गंभीरता से शिकायतों को सुनते उनका निस्तारण कराए जाने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस पर 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के अलावा मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमारए उप जिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे ने भी मौजूदगी पर लोगों की समस्याओं को सुनी। इस मौके पर 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धए गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें।

व्यवस्था परखने आधी रात सड़कों पर उतरे एसपी

- आल्हा चौक पर औचक निरीक्षण, चौकी प्रभारियों की लोकेशन का किया सत्यापन

अवधनामा संवाददाता

महोबा। जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा, शशांक सिंह ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र तहत आल्हा चौक पर रात्रि गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में संचालित रात्रि गश्त की गुणवत्ता का गहनता से आकलन किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत तैनात समस्त चौकी प्रभारियों की लोकेशन का सत्यापन करते हुए उनकी सक्रियता, सतर्कता एवं मौके पर उपस्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निरीक्षण के क्रम में यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ हो तथा अपराधों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा है तथा इसके लिए निरंतर निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। अंत में उन्होंने निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते रहें।

आईपी विजया के 'काशिका रेस्टोरेंट' मे पीएनजी सेवा प्रारंभ

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पीएनजी गैस आपूर्ति को सुचारू रूप से विस्तार कर रहा है। यह बातें

नवाज़िश अली अंसारी, (उप महाप्रबंधक) (डीजीएम-प्रोजेक्ट्स) ने बताया। श्री अंसारी नें बताया कि,आज शनिवार को भेलूपुर क्षेत्र स्थित आईपी विजय मॉल के 'काशिका रेस्टोरेंट' को पीएनजी नेटवर्क के साथ जोड़ा गया।

उन्होंने बताया कि,पूर्व में इस रेस्टोरेंट संचालन के लिए प्रतिमाह लगभग 45 एलपीजी सिलेंडरों की खपत होती थी। अब पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के बाद इन सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे इन्हें अन्य क्षेत्रों में उपयोग हेतु स्थानांतरित किया जा सकेगा और अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। गेल इंडिया से जुड़ने के साथ रेस्टोरेंट को निरंतर एवं निर्बाध गैस आपूर्ति, उच्च स्तर की सुरक्षा, परिचालन लागत में कमी तथा पर्यावरण-अनुकूल ईंधन जैसे अनेक लाभ प्राप्त होंगे। बता दे कि,श्री अंसारी के निर्देशन में वाराणसी में पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने एवं क्रियान्वयन का कार्य सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

ढेबरुआ थाना क्षेत्र का मधवानगर गांव बना नशेड़ियों का अड्डा

बढ़नी सिद्धार्थनगर। जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र में जिम्मेदारों की उदासीनता से स्मैक के कारोबार पर लगाम लगता हुआ दिखाई नही दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण नशे का कारोबार शहर से लेकर गांव तक फल-फूल रहा है। जिसके चपेट में आकर तमाम युवा पीढ़ी बर्बाद हो रहे है।

सूत्रों की मानें तो बढ़नी क्षेत्र में कुछ छोटे मोटे कारोबारियों पर स्थानीय पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई की गई थी। जो जेल से छूटने के बाद फिर उसी कारोबार में संलिप्त बताये जाते हैं। अभी बीते कुछ माह पहले नगर पंचायत बढ़नी में स्मैक कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों ने आवाज उठाया था। जिसके कारण काफी विवाद भी हुआ था। स्मैक से जुड़े कई विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। जिसके बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ने से स्मैक कारोबारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। जो पास का गांव मधवानगर इन दिनों काफी सुर्खियों में है।

हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से मजदूर का आशियाना खाक, सामान जलकर बर्बाद

- पीड़ित ने की आगजनी में हुई क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग

अवधनामा संवाददाता

महोबा। तहसील चरखारी क्षेत्र के ऐंचाना गांव में शुक्रवार की रात एक मजदूर के कच्चे घर में बिजली की हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से आग लग गई। आग लगते ही घर में मौजूद लोगों ने बाहर की तरफ दौड़ कर जान बचाई। ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब पीड़ित का आशियाना सहित उसमे रखा सामान जलकर बर्बाद हो गया। पीड़ित ने आगजनी में हुई क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

ऐंचाना निवासी ओमबाबू प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह मनरेगा और दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर रहता है और गांव में बने कच्चे मकान में परिवार सहित रहता था। शुक्रवार को मजदूरी करने के बाद रात में खाना खाकर सो गया, तभी घर के ऊपर से निकली बिज 11 हजार की हाईटेंशन बिजली लाइन की चिंगारी मकान के छप्पर पर गिरी और आग का रुप ले लिया। आग और धुआं देख मकान में सो रहे लोग आनन फानन में बाहर की तरफ भागे और शोर शराबा मचाकर ग्रामीणों को एकत्र किया।

ग्रामीणों ने आनन फानन में बाल्टी सहित अन्य बर्तन में जेटपंप और हैंडपपों से पानी भरकर आग पर डालना शुरू किया और एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखे खाद्यान्न व घरेलू सामान आदि जलकर बर्बाद हो गया। पीडित ने बताया कि इस आगजनी से मकान सहित हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित ओमबाबू ने बताया घटना की सूचना ग्राम पंचायत के लेखपाल सचिव राहुल पाठक और प्रधान दिनकर तिवारी को दी है। बताया कि उनके घर के ऊपर से 11000 केवी की बिजली लाइन गुजरती है, जिससे अक्सर चिंगारियां निकलती रहती हैं। सूचना मिलने पर खरेला उपखंड विद्युत विभाग के जेई जयवीर सिंह गौतम मौके पर पहुंचकर स्थल की जांच कर रहे हैं। इस नुकसान से मजदूर ओमबाबू और उनका परिवार काफी परेशान है।

जिलाधिकारी द्वारा राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा देर रात्रि लगभग 12 बजे डॉ राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल की इमरजेंसी,

विभिन्न वार्डों, एन0आर0सी0 वार्ड एवं एस0एन0सी0यू0 वार्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में काफी गंदगी पाए जाने तथा डस्टबिन कलर कोडिंग के अनुसार न रखे जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बाथरूम भी गंदे पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के प्रत्येक हिस्से में स्वच्छता मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। जिलाधिकारी ने वार्डों में लगे एसी के बंद पाए जाने पर भी संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा तत्काल एसी संचालित कराने के निर्देश दिए। साथ ही भर्ती मरीजों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी वार्डों में पर्याप्त संख्या में साफ चादर एवं तकिये उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उप्र में प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सेवानिवृत्ति शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फर्रुखाबाद के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित - जीआरडी गेस्ट हाउस मसेनी चौराहे के पास जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के संयोजकत्व में 31 मार्च को सेवा निवृत्त 56 शिक्षक शिक्षिकाओं माल्यार्पण कर, अंग वस्त्र भेंट कर,भगवत गीता, रामचरित मानस एवं मुस्लिम शिक्षक-शिक्षिकाओं को कुरान की पुस्तक भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घजीवी रहने की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्राचार्य डॉ अनुपम अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं डायट प्राचार्य डॉ अनुपम अवस्थी को बुकें देकर,शाल उड़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर एस?आरजी यदुराज पाल एवं रुचि वर्मा , बीएसए कार्यालय से सेवानिवृत्त अवधेश चौहान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।विदाई गीत प्रस्तुत करने पर सुमन मिश्रा एवं फकीर लाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

दो अलग-अलग घटनाओं में महिला व युवक ने खाया जहर, महिला की मौत, युवक रेफर

- एक ही गांव में दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ, पुलिस जाँच में जुटी

अवधनामा संवाददाता

महोबा। श्रीनगर क्षेत्र में दो अलग अलग घटनाओं में एक महिला और एक युवक ने जहरीला पदार्थ क सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनो के परिजन आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां महिला की इलाज दौरान मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच करते हुए महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहली घटना श्रीनगर निवासी अमरचंद की पत्नी उर्मिला (35) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया गया कि जब अमरचंद खेत में मवेशी चराने गया था और ससुर कोर्ट की तारीख पर मुख्यालय आया था, तभी यह घटना हुई। उर्मिला की 8 साल की बेटी ने मां की तबीयत बिगड़ती देख पिता को फोन पर सूचना दी। परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पति का कहना है कि घर में कोई विवाद नहीं था। वहीं, मृतका के मामा सीताराम राजपूत ने ससुराल पक्ष पर उर्मिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

दूसरी घटना भी इसी कस्बे में घटी जहा पर छक्कू के पुत्र अशोक (27) ने सल्फास खा लिया। उपचार के बाद डॉक्टरों ने अशोक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों के अनुसार, घर में चाचा की बेटी की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान भाभियों ने बुंदेलखंडी परंपरा के अनुसार उसके साथ हंसी मजाक करने लगे। इस मजाक से आहत होकर अशोक ने गेहूं में रखने वाली सल्फास की गोली खा ली।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर संपूर्ण समाधान दिवस पर आये फरियादियों की समस्याएं सुनी गई

अवधनामा संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब, फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 12, विद्युत विभाग की 05, नगर निकाय की 05 तथा अन्य विभागों की 08 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर राजस्व विभाग की 03 शिकायतों का निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समाधान दिवस के दौरान अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा अधिकारी समाधान दिवस को गंभीरता से लें।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत प्रदान करना है, इसलिए सभी अधिकारी जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी अमृतपुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रीन फील्ड़ कालेज, इलसिया ग्रान्ट रामकोट, सीतापुर, पिन कोड़-261001

आवश्यकता है

सहायक आचार्य-(बी0एस0सी0)- रसायन विज्ञान-02 पद, जन्तु विज्ञान-02 पद, वनस्पति विज्ञान-02 पद, भौतिक विज्ञान-02 पद, गणित 02 पद।

योग्यता- यू0जी0सी0/लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी - दिनांक 25 मई 2026 तक, प्रबन्धक, ग्रीन फील्ड़ कालेज, सीतापुर पिन-261001 मो0-9044826653 के पते पर समस्त शैक्षिक प्रपत्रों के साथ आवेदन पंजीकृत डाक से भेजे अथवा greenfieldcollege.gfc@gmail.com पर मेल करे।

प्रबन्धक/सचिव
ग्रीन फील्ड़ कालेज, सीतापुर।
मो.-9044826653

दबंग ग्रामीण ने उखाड़ डाली सार्वजनिक रास्ते की इंटरलॉकिंग सड़क

शिकायत कर्ता के विरुद्ध ही रूदौली पुलिस ने दर्ज कर दिया मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या । रूदौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सार्वजनिक मार्ग को क्षतिग्रस्त करने का विरोध करना एक ग्रामीण को मंहगा पड़ गया । दबंगो ने पूरे परिवार को मारा पीटा वही रूदौली कोतवाली पुलिस ने भी पीड़ित के खिलाफ दबंगो से मिल कर मुकदमा दर्ज करा दिया जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार बच्चूलाल पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम ममभवपुरवा मजरे अल्हवाना कोतवाली रुदौली जनपद अयोध्या ने डीएम व एसएसपी से शिकायत किया है कि दिनाँक 02.05.2026 को विपक्षीजन मालिक राम पुत्र राम किशोर, सुघरा पत्नी मलिकराम, संगीता व चाँदनी पुत्री मालिकराम व संजय की पत्नी सरकारी /सर्वजानिक रास्ते की इण्टरलाकिंग को उखाड कर रास्ते की भूमि में पिलर बनाने हेतु गढढा खोद रहे थे, प्रार्थी ने सर्वजानिक रास्ते से इण्टरलाकिंग उखाड कर गढ़ढा खोद कर रास्ते की भूमि में पिलर बनाने से मना किया तो उक्त विपक्षीजन एक राय होकर प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये लाठी डण्डे से प्रार्थी को मारने लगे शोर गुहार लगाने पर प्रार्थी की बहू बचाने आयी तो विपक्षीजनों ने उसे भी मारापीटा जिससे प्रार्थी व बहू सुशीला के शरीर में काफी चोटे आयी है हल्ला गुहार सुनकर लोगों ने बीच बचाव किया और प्रार्थी की जान बचाई विपक्षीजन जान से मार कर गायब कर देने की धमकी देते हुये चले गये। तत्पश्चात प्रार्थी समय लगभग 8 बजे सुबह कोतवाली रुदौली पहुंचा तथा उक्त विपक्षीजनों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया तथा प्रार्थी को लगभग दो घंटे कोतवाली रूदौली में बैठाये रखा । प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर न तो कोई कार्यवाही की गई और न ही प्रार्थी व प्रार्थी के बहू के शरीर में आई चोटों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया बल्कि ये कहकर कोतवाली रुदौली से वापस कर दिया घर चलो अभी आते है जिसके बाद %प्रार्थी घर चला आया आने के बाद प्रार्थी उसी दिन आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील रुदौली पहुंचा वहां पर उपस्थिति पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया तब सीओ रूदौली आशीष निगम ने वहां मौजूद कोतवाली प्रभारी रूदौली संजय मौर्य को बुलाया और उक्त प्रकरण में जानकारी प्राप्त की तो कोतवाली प्रभारी ने अपने मोबाईल से सार्वजानिक रास्ते से उखाड़ी गई इण्टरलाकिंग व रास्ते में खोदे गये गढढे की वीडियोग्राफी को दिखाते हुये कहा कि गलत तरीके से सार्वजानिक रास्ते से इण्टरलाकिंग उखाड कर रास्ते में गढढा खोदा गया है तब उन्होंने निष्पक्ष कार्यवाही करने का निर्देश दिया । इसके बाद उसी दिन शाम को 5 बजे विपक्षियों के विरूद्ध मु0अ0सं0 202/2026 धारा 191 (2), 115 (2),352 व 351 (3) पंजीकृत हुआ। इसकी जानकारी भेलसर पुलिस चौकी में लगभग 6 वर्षों से तैनात रजत कुमार को हुई तो आरक्षी रजत कुमार सरकारी बोलेरो जीप से विपक्षी मालिक राम को बैठाकर कोतवाली लाये और विपक्षी के पक्ष से तहरीर दिलाया जिसके बाद प्रार्थी व प्रार्थी के परिजनो के विरूद्ध पैसा लेकर फर्जी तरीके से मु0अ0सं0 0204/2026 धारा 115 (2),352 व 351 (3) पंजीकृत कराया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

(सोनभद्र/ब्यूरो)। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के तृतीय शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये।

एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजनाओं में 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

(सोनभद्र/सिंगरौली) सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा प्रथम चरण में गृहिणियों को बेसिक फर्स्ट-एड प्रशिक्षण देने के बाद 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' का शुभारंभ किया गया है। इस चरण के अंतर्गत एनसीएल पोषित स्कूलों के बच्चों में प्राथमिक उपचारह्य के प्रति जागरूकता तथा आपातकालीन परिस्थितियों हेतु उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जा रहा है 7 इसी क्रम में एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजना में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के मूलभूत सिद्धांतों, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता, घायल व्यक्ति की देखभाल, सीपीआर एवं दैनिक जीवन में सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय, बीना से 80 विद्यार्थी और डीएवी विद्यालय, अमलोरी से 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

गौरतलब है कि 'बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0' के फेज -1 की शुरुआत में एनसीएल के 10 स्कूलों के 3200 बच्चों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल के तहत पहला कार्यक्रम खड़िया परियोजना के डीएवी विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें दो बैचों में 155 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नगर निगम में कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

अवधनामा संवाददाता

कानपुर संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति नगर निगम जलकल कानपुर के तत्वावधान आज तीसरे दिन की निजीकरण को लेकर मोतीझील मुख्यालय पर सभा हुई लगभग तीन चरणों में वार्ता के पश्चात नगर आयुक्त द्वारा लिखित रूप से आदेश किया गया की 6000 आउटसोर्स सफाई कर्मचारी सहित अन्य संवर्ग के कर्मचारियों को निजी कंपनी में नहीं भेजा जाएगा अपनी जगह सभी कर्मचारी यथावत कार्य करते रहेंगे। सभी कर्मचारियों को सेवा निगम बोर्ड का लाभ भविष्य में प्राप्त होगा और हड़ताल समाप्ति की घोषणा धीरज गुप्ता द्वारा की गई।

सभा के अंत में महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित सिंह का एक स्वर से आभार वयक्त किया और सभा में घोषित किया गया कि कल से सभी अपने अपने काम में जुट जाएं युद्ध स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्य रूप से जयपाल सिंह, रमाकांत मिश्र, हरिओम वाल्मीकि, विनोद रावत, अजीत बाघमार, उस्मान अली शाह, मुकेश वाल्मीकि, पिंटू चौधरी, धीरज गुप्ता, कमरुद्दीन, अखिलेश सिंह, रामगोपाल चौधरी, रमेश चंद शुक्ला, बृजलाल भारती, प्रदीप वाल्मीकि, चमन खन्ना, सुधाकर मिश्र, नीलू निगम, मुन्ना हजारिया, पिंटू चौधरी, देवीदीन भाऊ, मुन्ना गंगोत्री, रमेश शर्मा, संजय हजारिया, रमेश अंबेडकर, राकेश परिहार,प्रदीप वाल्मीकि, अशोक कुंडे, शैलेन्द्र कैथल, संतोष अली बाबा, दीप वाल्मीकि, युसूफ अली,जीतू बाबा,तारा चन्द्र किशोर सागर, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

गीत-संध्या में गीत कृति ज़िंदगी गीत है का विमोचन

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। शुक्रवार साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था मानसरोवर द्वारा आयोजित गीत संध्या में गीतों की स्वर लहरियों के मध्य नवगीतकार जयराम जयकी काव्य कृति ज़िंदगी गीत है का विमोचन एच-2/37,कृष्णापुरम में दिनांक 15 मई को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवगीत के प्रेमचंद वरिष्ठ नवगीतकार अवध बिहारी श्रीवास्तव ने तथा संचालन शैलेंद्र शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि कविवर रामबाबू रस्तोगी,रायबरेली(उ.प्र.) तथा विशिष्ट अतिथि ऋषि सिन्हा,पटना(बिहार) रहे। प्रसिद्ध नवगीतकार एवं समालोचक वीरेंद्र आस्तिक ने जयराम जय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा,गीत नवगीत के क्षेत्र में जयराम सिंह जय का नाम चिर-परिचित है,लोक प्रिय है।उनकी काव्य कृति ज़िंदगी गीत हैके गीत-नवगीत बहुत ही साफ सुथरी भाषा में अपने समय के ज्वलंत प्रश्नों से टकराते हैं, इनके गीतों की संवाद शैली विशेष पहचान है,जो इन्हें भरपूर पठनीय बनाती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ नवगीतकार अवध बिहारी श्रीवास्तव ने कहा,कि जयराम जय जीवन को समग्रता में गहराई से देखने और उसे भाव एवं सहज भाषा में कहने वाले कवि है,भाषा की सहजता के कारण जय के गीत पाठक के भीतर वैसे के वैसे उतरते चले जाते हैं। जयराम की गीत कृति ज़िंदगी गीत हैपर शैलेंद्र शर्मा,बृजनाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मानसरोवर संस्था के सदस्यों ने मुख्य अतिथि रामबाबू रस्तोगी व विशिष्ट अतिथि ऋषि सिन्हा को सम्मानित किया। दूसरे सत्र गीत-संध्या में सर्व श्री अवध बिहारी श्रीवास्तव,राम बाबू रस्तोगी,वीरेंद्र आस्तिक,शैलेंद्र शर्मा,बृजनाथ श्रीवास्तव,ऋषि सिन्हा,जयराम जय, मृदुल तिवारी,डॉ राधा शाक्य,वेद प्रकाश संजर,देवनाथ बाजपेई,यज्ञदत्त प्रशांत,डॉ अरुण तिवारी गोपाल, नज़र कानपुरीआदि के गीतों,ग़ज़लों व दोहों की सरस बौछार ने मानसरोवर की गीत संध्या को कविता के विभिन्न रसों से तर-बतर कर दिया।

रात में चला सघन अभियान, 91 वाहनों पर कार्रवाई

17 वाहन सीज किए गए तथा 74 वाहनों का चालान

कानपुर नगर। घाटमपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि 9 बजे से राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं खनन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सघन सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोड, बिना नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। संयुक्त टीमों द्वारा कुल 91 वाहनों पर कार्रवाई की गई। परिवहन एवं खनन विभाग की ओर से 7 वाहनों के विरुद्ध ओवरलोड, टैक्स, परमिट, लाइसेंस तथा प्रेशर हॉर्न संबंधी 10 अनियमितताओं में कार्रवाई करते हुए लगभग 4 लाख 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस विभाग द्वारा 17 वाहन सीज किए गए तथा 74 वाहनों का चालान किया गया। अभियान में एसडीएम घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह, एआरटीओ कहकशां, एसीपी कृष्णकांत, खनन अधिकारी, पुलिस बल एवं अन्य विभागीय टीमें मौजूद रहीं। एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने बताया कि मा. मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के सम्बन्ध में 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह, 2026 का शुभारम्भ किया गया है। सहभागी न्याय और न्याय की घर-घर तक पहुँच के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए, भारत का सर्वोच्च न्यायालय देश भर में मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे और विवादों के सामंजस्य के लिए सर्वोच्च न्यायालय की कार्रवाई के तहत 21 अप्रैल प्रारम्भ हुआ समाधान समारोह 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा।

सचिव ने सभी अधिवक्ताओं, वादियों और हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे इस पहल के तहत विवादों के प्रभावी समाधान में सक्रिय रूप से भाग लें और योगदान दें। पक्ष अपने विवादों के निपटारे के लिए व्यक्तिगत रूप से (भौतिक रूप से) या ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर (आभासी रूप से) उपस्थित हो सकते हैं। विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जायेगा। जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थतथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के अंतर्गत आरम्भ हो चुका है, जिसमें जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में प्री-सिटिंग की तिथियां 20, 22, 25, 27 व 30 मई 2026 निर्धारित है।

पक्षकार सुलह प्रयास बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं। अपने मामले (जो सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित हैं) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में शामिल करने के लिए पक्ष और उनके वकील गूगल फार्म लिंक https://forms.gle/jq&efqFyBCWzukoP{•ÕflÊ https://forms.gle/pRWbif{wAPrcqMsZ} पर 31 मई 2026 तक निर्धारित गूगल फार्म जमा कर सकते हैं। गूगल फार्म वेबसाइट https://222.sci.gov.in/ पर भी उपलब्ध है। सचिव ने बताया कि समाधान समारोह के सम्बन्ध में सहायक एवं जानकारी के लिए स्थापित किये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) के प्रभारी का दूरभाष नम्बर 011-23112428 अथवा 011-23112528 तथा सी.आर.पी. निदेशक के दूरभाष नम्बर 011-23115652 व 011-23116465 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त भवन परिसर के बी ब्लाक में वन स्टाप सेन्टर को दूरभाष नम्बर 011-23116464 व 011-23116465 तथा ई-मेल speciallokadalatwÆw{@sci.nic.in है। सचिव ने बताया कि विशेष लाक अदालत के सम्बन्ध में जनकारी प्राप्त करने के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट https://bahraich.dcourts.gov.in/ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष नम्बर 05252-297175 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

कई उपनिरीक्षकों को मिला थाना का चार्ज, पुलिस व्यवस्था में नए दौर की शुरुआत

जनपद के 22 थानों में नए प्रभारियों की तैनाती, कई पहली बार संभालेंगे कमान

महराजगंज। जनपद पुलिस महकमे में हुए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 22 थानों और इकाइयों में नए प्रभारियों की तैनाती की गई है।

इस बार का फेरबदल कई मायनों में खास माना जा रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों को महत्वपूर्ण थानों की कमान सौंपी गई है।

इसे नए नेतृत्व को अवसर देने और जमीनी पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की पहल के रूप में देखा जा रहा है।

जारी सूची के अनुसार उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह को पनियरा, राघवेंद्र सिंह को फरेंदा, अभिषेक सिंह को नौतनवा, कुंवर गौरव सिंह को कोल्हुई, सूरज कुमार को घुघली, विशाल कुमार शुक्ला को सिंदुरिया, अंकित सिंह को निचलौल, विवेक कुमार सिंह को परसामलिक तथा कृष्ण कुमार सिंह को सोहगीबरवा की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा मनीष पटेल को चौक थाना, राजकुमार सिंह को पनियरा, मदनमोहन मिश्र को पीआरओ, शैलेंद्र शुक्ला को पीआरओ तथा ओम प्रकाश गुप्ता को फरेंदा भेजा गया है।

वहीं निरीक्षक स्तर पर भी बदलाव करते हुए धनंजय कुमार राय को बरगदवा, अखिलेश कुमार सिंह को श्यामदेउरवा और मनोज कुमार राय को अपराध निरीक्षक थाना श्यामदेउरवा की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस महकमे के जानकारों का मानना है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों के स्थानांतरण और नए चेहरों को जिम्मेदारी देने से कानून-व्यवस्था में नई ऊर्जा आएगी। विभागीय स्तर पर इसे जवाबदेही बढ़ाने और अपराध नियंत्रण की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

जनपद के कई महत्वपूर्ण थानों में नए प्रभारियों की तैनाती के बाद अब लोगों की निगाहें उनके कामकाज और क्षेत्रीय कानून-व्यवस्था पर रहेंगी।

सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

महराजगंज। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा स्थानीय सर्राफा व्यापारियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस एवं व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी सर्राफा व्यवसायियों को अपनी दुकानों के अंदर और बाहर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उन्हें हर समय चालू रखने के निर्देश दिए। साथ ही बाजार क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस या आपातकालीन सेवा 112 पर देने की अपील की। बैठक में व्यापारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव रखे। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक में अनुपस्थित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

जिला समीक्षा समिति बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। सतत निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला समीक्षा एवं निरीक्षण समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की विकासपरक योजनाओं तथा 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजन को शत-प्रतिशत लाभ दिया जाए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, आवास एवं नहर सिंचाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। अनुपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। खनन शिकायतों पर चर्चा के दौरान परमिट होने के बावजूद वाहनों के सीज किए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई।

थाना सचेंडी में आवासीय एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

अवधनामा संवाददाता

कानपुर शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के अंतर्गत थाना सचेंडी में प्रस्तावित आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन-अर्चन कर किया गया। उक्त निर्माण परियोजना पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत थाना परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रशासनिक भवन, कार्यालय कक्ष, पुलिस कर्मियों हेतु आवासीय भवन, पार्किंग व्यवस्था, हरित क्षेत्र एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। तैयार किए गए ले-आउट प्लान के अनुसार परिसर को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा, जिससे पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण एवं आवासीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) संकल्प शर्मा, पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर श्री अनुभव सिंह* सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण एवं संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उक्त परियोजना पूर्ण होने के उपरांत थाना सचेंडी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी स्वरूप प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

शब्दावली विकास हेतु किया गया संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मिठौरा (महराजगंज)। स्थानीय नगर पंचायत चौक बाजार स्थित दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार में भारतीय भाषा समर कैंप-2026 के चतुर्थ दिवस हेतु प्रस्तावित गतिविधियों के क्रम में स्थानीय व्यंजन मसाला /सब्जियों /फलों के नाम आदि के विषय में पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी सरल तैयारी/ चित्र एवं वास्तविक सामग्री के माध्यम से शब्दावली विकास संभव है। उक्त बातें विद्यालय की शिक्षिका पूनम सिंह ने कही। छात्र/ छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यंजन और भाषा के बीच गहरा और अटूट संबंध होता है। किसी भी क्षेत्र का भोजन वहां की संस्कृति, जलवायु और इतिहास का दर्पण होता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सविता सिंह ने कहा कि चित्र और वास्तविक सामग्री के माध्यम से शब्दावली का विकास बहुत ही प्रभावी और स्वाभाविक होता है। यह विधि सीखने वालों को सीधे अर्थ समझने, शब्दों को लंबे समय तक याद रखने और भाषा में रुचि लेने में मदद मिलती है। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन बिनोद कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षिकाएं,कर्मचारी और अधिकांश छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

कुल 48 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत, मौके पर 8 मामलों का हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। तहसील बांसी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसी में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 48 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-20, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-08, विकास-1, पूर्ति-8, नगर पालिका-1, लोक निर्माण विभाग-1 अन्य-9 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा राजस्व-4 तथा पूर्ति- 4 प्रार्थना-पत्र का मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, तहसीलदार बांसी, तहसील बांसी क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ई रिक्शा और बाइक में टक्कर, युवती घायल

लोटन सिद्धार्थनगर। लोटन थाना क्षेत्र के लोटन -सोहास मार्ग पर करूआवल ट्यूबल के पास शनिवार सुबह दुर्घटना में एक युवती घायल हो गई। युवती के पैर में गम्भीर चोट लगने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों के अनुसार ई रिक्शा चालक लोटन की तरफ से सोहास बजार की तरफ जा रहा था ।ट्यूबल के पास पहुचा रिक्शा मोडने लगा तभी अचानक सोहास की तरफ से बनकसीहा थाना सिद्धार्थनगर निवासी सरीफ पुत्र अजीज अपनी पत्नी जरीना उम्र लगभग 22 वर्ष बैठाकर जा रहा था अनियंत्रित होकर रिक्शे से टकरा गया । टक्कर लगने से जरीना के पैर में गंभीर चोट आई।राहगीर द्वारा पी आर बी को सुचना दिया गया मौके पर पहची पुलिस घायल को एम्बुलेंश के द्वारा सी एच सी लोटन भेजा गया।प्राथमिक उपचार के बाद हालत सामान्य न होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया की घटना की जानकारी हुई है पीआरबी मौके पर पहुची थी और थाने से भी फोर्स गई थी कोई तहरीर नही मिली है।

जलालपुर में डीएम व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अम्बेडकरनगर। तहसील जलालपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर एवं पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई की गई। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रास्ता, कब्जा, पेंशन, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर शीघ्र निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की मंशानुरूप आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा कोतवाली जलालपुर पहुंचकर वहां भी जनसुनवाई की गई। इस दौरान थाना परिसर में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जलालपुर, क्षेत्राधिकारी जलालपुर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जलालपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने सुनी जनसमस्याएं

अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल एवं आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने शनिवार को गोंडा सदर तहसील पहुंचकर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर निकाय, कृषि तथा पेंशन से संबंधित विभिन्न प्रकरण प्राप्त हुए। मंडलायुक्त एवं आईजी ने एक-एक शिकायत का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से मौके की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा उपस्थित समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए।

मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पेंशन, विद्युत एवं राजस्व से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक हो, उनमें संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष कार्रवाई करें।

आईजी अमित पाठक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा, भूमि विवाद एवं आपसी विवादों से जुड़े मामलों में पुलिस संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता को संतोषजनक कार्रवाई का अनुभव होना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान इटियाथोक निवासी करमचंद तिवारी द्वारा बिना डिग्री एवं लाइसेंस के कथित रूप से मेडिकल स्टोर संचालन एवं उपचार किए जाने की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने एसडीएम सदर को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित मेडिकल प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। झंझरी निवासी स्वाले ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अधिनियम के तहत आख्या प्रस्तुत न किए जाने एवं निर्माण कार्य न रोके जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर मण्डलायुक्त ने एसडीएम सदर को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी क्रम में ग्राम मुंजेहना थाना धानेपुर निवासी फरीदा बानो ने भूमि विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी दर्ज भूमि पर गिरे पेड़ों को उठाने से विपक्षीगण रोक रहे हैं तथा अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने सीओ सदर को कमेटी गठित कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

24 कैरेट खरा सोना एवं सोने की ईटे की बिक्री सीधे ग्राहको को नही करने को लेकर हुई बैठक

व्यापारियों ने दिया आश्वासन, देशहित में किसी भी ग्राहक को नहीं करेंगे सीधे बिक्री

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री, उप्र द्वारा मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश के सर्राफा व्यापारियों द्वारा 24 कैरेट खरा सोना (बुलियन) और सोने की ईटे (बार) की बिक्री सीधे ग्राहको को नही करने की अपील पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधिक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में शनिवार को जीएसटी विभाग एवं जनपद के सर्राफा व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों के साथ तहसील बांसी में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जीएसटी विभाग के उपायुक्त विजय सिंह बिसेन एवं उपायुक्त सिद्धार्थ सौरभ बन्धु द्वारा व्यापारियों से परिचर्चा के तहत पुराने सोने को रिसाइकल और डिजाइन करने के लिए सोने की शुद्धता के आधार पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने एवं 24 कैरेट खरा सोना (बुलियन) और सोने की ईटे (बार) की बिक्री सीधे ग्राहको को नही करने की अपील की गयी। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं सर्राफा संगठनो के पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम सभी सरकार के साथ है और देशहित में किसी भी ग्राहक को सीधे बिक्री नही करेंगें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि आप लो शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करे। बैठक में प्रमोद भाष्कर प्रशासनिक अधिकारी जीएसटी, रोबिन वर्मा अध्यक्ष, सर्राफा संगठन बांसी, पंकज वर्मा उपाध्यक्ष सर्राफा संगठन बांसी, दिनेश चन्द्र वर्मा, सलाहकार मंत्री, जावेद अहमद, विकास वर्मा आदि व्यापारियों के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

हादसा : पिकअप-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा काजीदेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार पिकअप वाहन और बाईक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों में कोहराम छा गया।

मृतकों की पहचान राम अवतार (20) और अंकित (18) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रोज की तरह गोंडा मुख्यालय टाइल्स लगाने के काम पर जा रहे थे। इसी दौरान गोंडा की ओर से मनकापुर जा रहे पिकअप वाहन से उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मोतीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अंकित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा बना हुआ था। वहीं राम अवतार अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा था और मजदूरी कर घर की आर्थिक मदद करता था। दोनों युवक प्रतिदिन मोटरसाइकिल से गोंडा आकर टाइल्स लगाने का कार्य करते थे और देर रात घर लौटते थे। मोतीगंज थानाध्यक्ष एवं प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

उप्र प्रधानाचार्य परिषद की जनपद इकाई के तत्वावधान में शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

उप्र प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

महात्मा गौतम बुद्ध उमावि जोगिया के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी बने जिलाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जनपद इकाई द्वारा शनिवार को ललिता इंटर कॉलेज चौखड़ा डुमरियागंज में एक शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रादेशिक महामंत्री शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने किया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक श्रीनिवास शुक्ल व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व महामंत्री रविंद्र नाथ त्रिपाठी तथा विद्यालय के प्रबंधक (धौरहरा स्टेट) कुंवर आनंद प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में जनपद के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य इंतजार हुसैन रिजवी, रामकृष्ण द्विवेदी, सुनील कुमार रंजन, तथा रवीन्द्र उपाध्याय का सम्मान समारोह किया गया तथा नवागत प्रधानाचार्य मकसूद आलम, मोहम्मद रफीक, लालचंद शिवकरन, विद्या शंकर कुशवाहा तथा अशोक त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कृत चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, भानु प्रताप मिश्रा, नलिनी कांत मणि त्रिपाठी, रमाकांत द्विवेदी, गोपेश्वर चौबे को चुना गया। नई कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार द्विवेदी प्रधानाचार्य महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया, कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में डॉ धर्मेन्द्र मिश्र प्रधानाचार्य तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज बांसी, जिला मंत्री शैलेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य महामना मालवीय इंटर कॉलेज बरगदवा तथा चन्द्र प्रकाश राव प्रधानाचार्य ललित इंटरमीडिएट कॉलेज चौखड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही नौगढ़ तहसील से हिना, बांसी से अरविंद चौधरी, इटवा से राजेंद्र सिंह, शोहरत गढ़ से विजय वर्मा डुमरियागंज सेअहमद फरीद अब्बासी को उपाध्यक्ष चुना गया। डॉक्टर शेषनारायण पाण्डेय प्रधानाचार्य दुर्गा श्री दुर्गा जी पाटेश्वरी इंटर कॉलेज पटनी जंगल को संरक्षण मंत्री तथा जयराम यादव प्रधानाचार्य जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई को संगठन मंत्री तथा श्रीमती अंजू मिश्रा तथा काज़ी तारीख अहमद संयुक्त मंत्री के रूप में एवं आय व्यय निरीक्षक के रूप में रामनिवास कुशवाह तथा अभय प्रताप सिंह प्रधानाचार्य रुद्रपाल इंटर कॉलेज लटेरा, रवीन्द्र श्रीवास्तव को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया।

मजलिस ए चेहल्लुम 18 मई को

जलालपुर अम्बेडकर नगर। नगर के जाफराबाद निवासी- मास्टर इब्ने हसन जाफरी के युवा भतीजे मोहम्मद जमा मरहूम पुत्र सिब्ते हसन के चालीसवे की मजलिस- ए- चेहल्लुम का आयोजन 18 मई सोमवार को प्रातः 10 बजे बड़े इमाम बाड़ा पर किया गया है।मास्टर कल्बे हसन ने बताया कि मजलिस को दिल्ली के मौलाना सय्यद नामदार अब्बास किबला सम्बोधित करेंगे। क़ुरान ख्वानी का सिलसिला प्रातः 7 बजे से शुरू हो जाएगा। मजलिस से पूर्व मीसम रज़ा बाकरी अपने हमनवाओ के साथ मर्सिया ख्वानी करेंगे। अज़हर कायमी व मास्टर कल्बे हसन पेश ख्वानी करेंगे।

टांडा में बिजली व्यवस्था चरमराई उपभोक्ता परेशान

अम्बेडकरनगर। भीषण गर्मी और उमस के बीच टांडा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मकोईया एवं औझीपुर फीडर से जुड़े हजारों नहीं बल्कि लाखों उपभोक्ता लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण सप्लाई बाधित रहती है, जिससे बूढ़ों, बच्चों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस नंबर से फीडरों की सप्लाई संचालित होती है, वह अक्सर स्विच ऑफ रहता है। शिकायत करने के बावजूद उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। तेज गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों की रातों की नींद हराम कर दी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिर्फ एक कर्मचारी की लापरवाही का खामियाजा पूरा क्षेत्र भुगत रहा है। लगातार बिजली बाधित होने से पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है, वहीं छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक प्रभावित हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और उच्च अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर व्यवस्था सुधारने की मांग की है ताकि लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिल सके।

प्रधानाध्यापक के व्यवहार से नाराज ग्राम प्रधान ने बीएसए से की शिकायत

गोण्डा। विकास खण्ड पण्डरी कृपाल की ग्राम सभा चिलबिला खत्तीपुर की ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने जूनियर हाई स्कूल चिलबिला डिहवा के प्रधानाध्यापक पर अभद्र व्यवहार और विद्यालय का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है। ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रधानाध्यापक का व्यवहार बच्चों, अभिभावकों, रसोइयों, पंचायत कर्मियों और स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति ठीक नहीं है। आरोप है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को डांटने के साथ मारपीट की जाती है तथा अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है।शिकायत में यह भी कहा गया है कि विद्यालय की रसोइयों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें कई बार विद्यालय से बाहर कर दिया गया। वहीं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण करने पहुंची टीम के साथ भी कथित रूप से अभद्रता की गई, जिसके बाद ग्राम प्रधान के हस्तक्षेप से कार्य पूरा हो सका।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में बायोफ्लॉक परियोजना में कथित घोटाले की आंच

अंबेडकरनगर। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत बायोफ्लॉक तकनीक को किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। योजना के अंतर्गत 40-60% सब्सिडी, तकनीकी प्रशिक्षण और उपकरणों की सहायता का प्रावधान है। लेकिन जनपद अंबेडकर नगर में इस योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लाभार्थियों और ग्रामीणों की शिकायतें अब जोर पकड़ रही हैं। आरोप है कि सब्सिडी का भारी भरकम दुरुपयोग हो रहा है, कागजी कार्यवाही में गड़बड़ियां की जा रही हैं और वास्तविक परियोजनाएं धरातल पर नदारद हैं। कटेहरी ब्लॉक के मोरा पारा गांव के निवासी शिव मूरत सिंह को PMMSY के तहत बायोफ्लॉक प्लांट सिस्टम की मंजूरी मिली थी। विभागीय कागजों में परियोजना पूर्ण रूप से स्वीकृत, उपकरण आपूर्ति, इंस्टॉलेशन और सब्सिडी वितरण का पूरा रिकॉर्ड दर्ज है। परंतु वास्तविकता एकदम उलट है।

सैदापुर ग्रामसभा तालाब पर अतिक्रमण आदेश के बाद भी प्रशासन खामोश

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद की सैदापुर ग्राम सभा में सार्वजनिक तालाब पर कथित अतिक्रमण का मामला एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब दो दशक से तालाब की भूमि पर कब्जा बना हुआ है, जबकि इस संबंध में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं और न्यायालय व प्रशासनिक स्तर से आदेश भी जारी हुए हैं। इसके बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदेश में अवैध कब्जों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई लगातार सुर्खियों में रहती है, लेकिन सैदापुर का मामला जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, यदि सरकारी अभिलेखों में तालाब दर्ज है और संबंधित प्रकरणों में आदेश भी पारित हो चुके हैं, तो फिर कार्रवाई आखिर किस वजह से लंबित है? ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से चल रहे इस विवाद में प्रशासनिक उदासीनता के चलते तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में जलभराव और जल संरक्षण जैसी समस्याएं भी इससे प्रभावित हो रही हैं।

हालांकि, इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से अब तक कोई स्पष्ट सार्वजनिक बयान सामने नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार, राजस्व विभाग स्तर पर फाइलों की जांच और पुराने अभिलेखों के परीक्षण की प्रक्रिया जारी बताई जा रही है।

क्षेत्र में चर्चा है कि जहां प्रदेश के कई जिलों में सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर की गर्जना सुनाई देती रही है, वहीं सैदापुर में कार्रवाई का पहिया थमा हुआ नजर आ रहा है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और वर्षों पुराने विवाद का समाधान कब तक निकल पाता है। फिलहाल ग्रामीण प्रशासन से निष्पक्ष जांच और तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं।

कई बार हुआ ट्रान्सफर फ़िर भी नहीं छोड़ा चार्ज बसखारी सीएचसी पर प्रभाव का खेल

अम्बेडकरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में तैनात कुछ स्टाफ नर्सों को लेकर स्वास्थ्य विभाग में चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार कई बार ट्रांसफर आदेश जारी होने के बावजूद संबंधित स्टाफ नर्सों ने आज तक अपने नए तैनाती स्थल पर चार्ज नहीं लिया। बताया जा रहा है कि मुंडेरा पीएचसी और हंसवर पीएचसी के लिए स्थानांतरण होने के बाद भी प्रभाव और पहुंच के दम पर ट्रांसफर रुकवा लिया गया। विभागीय गलियारों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में आदेशों को बार-बार ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है,ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर स्टाफ की कमी होने के बावजूद कर्मचारियों का मुख्य केंद्रों पर जमे रहना चर्चा का विषय बन चुका है। लोगों का कहना है कि शासन की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की है, लेकिन प्रभावशाली व्यवस्था के चलते आदेशों का पालन नहीं हो पा रहा,सूत्रों की मानें तो विभागीय स्तर पर कई बार शिकायतें भी हुईं, मगर हर बार मामला दबता नजर आया।

सभी शिक्षक समय से पूरा करें विभागीय कार्य : बीईओ

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में शनिवार को प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों के साथ एक आवश्यक बैठक की गई जिसमें नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला ने शिक्षकों से सभी विभागीय कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने कहा कि समय से कार्य पूरा न करने वाले शिक्षकों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

बैठक में उन्होंने कहा कि नवीन नामांकन प्रक्रिया गतिमान है सभी शिक्षक प्रत्येक विद्यालय में 20 बच्चों का नामांकन कार्य पूरा करें साथ ही बच्चों की उपस्थिति पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी व एमडीएम हाजिरी प्रतिदिन समय से पूरा करें। इसके अलावा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक व अन्य बैठकों के लिए पदाधिकारी को आमंत्रित करते विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी दें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक डायरी प्रतिदिन पूरा करें और विभागीय दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्य समय से पूरा करें। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए विभागीय कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाना है।

थोक में महंगाई

अप्रैल माह में थोक महंगाई दर 8.30 फीसदी हो गई, जो मार्च में 3.88 फीसदी थी। बीते 42 माह में यह महंगाई का उच्चतम स्तर है। विशेषज्ञों का मानना है कि मई की महंगाई दर 9 फीसदी को पार कर सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अधिकतम महंगाई की जो सीमा तय कर रखी है, उसके मुताबिक मुद्रास्फीति 6 फीसदी से नीचे रहनी चाहिए, लेकिन अब आसार 9-10 फीसदी के बन रहे हैं। यकीनन अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। वित्तीय, राजकोषीय और चालू खाता घाटे बढ़ सकते हैं। औसत उपभोक्ता के लिए ईएमआई और ब्याज दरों का बोझ बढ़ेगा। जिस देश के नेता, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल साईकिल, बुलेट, ई-रिक्शा, रेल पर सवार दिख रहे हों और देश के आर्थिक संकट का 'मजाक' बना रहे हों, प्रधानमंत्री के आह्वान का अपमान कर रहे हों, उनके लिए महंगाई कोई चिंतित मुद्दा नहीं है, लेकिन आम आदमी के लिए मरने-जीने का सवाल है। नेतागण 'नौटंकी' करना छोड़ दें, क्योंकि उनकी गतिविधियों से संकट हल होने वाला नहीं है। यदि सुरक्षा कोई संवेदनशील मुद्दा नहीं है और संकट विकराल है, तो मंत्रीगण पैदल चलें। ये दृश्य हास्यास्पद् हैं। प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी इसे दहशत और चिंता की बात नहीं मानते। बहरहाल यह महंगाई सिर्फ ईरान युद्ध की देन नहीं है। बेशक कच्चे तेल के बढ़ते दाम भी महत्त्वपूर्ण कारक हैं, लेकिन कुछ और विसंगतियां भी हैं, जिनके कारण थोक महंगाई दर इतनी बढ़ी है। यदि थोक महंगाई की स्थिति यह है, तो अंततः खुदरा महंगाई दर भी अपनी मानक सीमा तोड़ कर बढ़ सकती है। नतीजतन आम आदमी की जेब ही कटेगी। देश की 90 फीसदी से अधिक कामगार जमात असंगठित है। उसमें मजदूर, किसान भी, दिहाड़ीदार, अस्थायी ठेकों पर काम करने वाले और असंख्य बाल-मजदूर आदि शामिल हैं। जो जमात औसतन 10-12 हजार रुपए महीना ही कमा पाती है, उसके घर में 3000-3500 रुपए का रसोई गैस सिलेंडर कैसे खरीदा जा सकता है? कालाबाजारी में सिलेंडर इसी दाम पर धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। सरकारी संरक्षण के बिना 'कालाबाजार' चल ही नहीं सकता? यह वाकई शोध का विषय है।

इससे 'उज्ज्वला' की विसंगतियां भी बेनकाब होंगी। कहां है युद्ध और ऊर्जा का संकट? गैस का बड़ा सिलेंडर 1300 रुपए महंगा हो चुका है। आयातित दालें 35 फीसदी, खाद्य तेल 15 रुपए, मेवे 80 फीसदी, दूध 2-5 रुपए प्रति लीटर महंगे हो चुके हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। चावल, चीनी, आटा, गेहूं, अंडा, मांस, मछली आदि भी महंगे बिक रहे हैं। सरकार ने चीनी के निर्यात पर रोक क्यों लगाई है? निर्यात तो पहले ही बिखर चुका है। बेशक प्याज, टमाटर, आलू की कीमतें शांत हैं। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के उत्पाद 4.62 फीसदी महंगे हुए हैं। इस क्षेत्र की बाजार में 64 फीसदी हिस्सेदारी है और सूक्ष्म स्तर पर सर्वाधिक रोजगार भी इसी क्षेत्र में है। मुंबई में सीएनजी 2 रुपए महंगी कर दी गई है, जहां 12 लाख से अधिक वाहन सीएनजी इस्तेमाल करते हैं। अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि आम आदमी के लिए महंगाई दर 8-9 फीसदी नहीं, बल्कि 30-40 फीसदी है, क्योंकि उसकी आमदनी बेहद सीमित है और वह 'कालाबाजार' का शिकार है। इस संदर्भ में भी रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आगाह किया है कि यदि मध्य-पूर्व का संकट नहीं थमा, तो महंगाई और बढ़ेगी। तेल-गैस और खाद की किल्लत बढ़ेगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि सरकार कुछ छिपा रही है, क्योंकि भारत के पास ऐसा कोई 'करिश्मा' नहीं है कि वह ईरान युद्ध से बेअसर रह सके। लंबे वक्त तक पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम न बढ़ाए जाएं। सरकार और तेल कंपनियां कब तक घाटा झेलती रहेंगी। देश पर पहले से ही 200 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज़ है। बहरहाल आजकल सोने की खूब चर्चा है। वैसे वह भी महंगाई का हिस्सा है और 10 ग्राम सोने के दाम 1.55 लाख रुपए से ज्यादा हो चुके हैं।

'आस्था और अंधविश्वास के बीच की लकीरों की पड़ताल'

डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी

माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर,
कर का मनका डार दे, मन का मनका फेर।

कबीर दास जी इस दोहे में कहते है कि, बहुत लंबे समय तक माला घुमा लें, लेकिन यदि मन का भाव नहीं बदल पाया तो बेहतर कि हाथ की माला को फेरना छोड़ मन के मोतियों को फेरा जाए अथवा बदला जाए। इसी भावना के साथ, लघुकथाकार सुरेश सौरभ के संपादन में संपादित लघुकथा साझा संग्रह 'मन का फेर'? एक विशिष्ट संकलन है जो अंधविश्वास और उन पुरातन रीति-रिवाजों की जटिल परतों को गहराई से उजागर करता है, जिनकी आज के समय में आवश्यकता समाप्त होती जा ही है। रूढ़ियों एवं कुरीतियों की संज्ञा एक ऐसी संज्ञा है जो पुरानी प्रथाओं को नवीन समय देता है। आज की रूढ़ि किसी समय की सर्वमान्य प्रथा हो ही सकती है। जिन घटनाओं का कोई कारण ज्ञात नहीं हो सका, उसे ईश्वरीय कारण कहा गया और जब कारण ज्ञात हुआ तो, वह ज्ञात कारणों के मध्य स्थान पा गया। आज भी हो सकता है कि, कोई डॉक्टर किसी की मृत्यु का कारण कोई बीमारी बता पाएं, लेकिन उस बीमारी का कारण अज्ञात रहे, तब कोई कह ही सकता है कि, ईश्वर की मर्ज़ी थी। कुल मिलाकर अंधविश्वास का कारण, कारण का अज्ञान है और यह अज्ञान सदैव और सर्वस्थानों पर किसी ना किसी घटना के लिए रहेगा ही तथा समय के साथ वह कारण ज्ञात भी होगा। यह संग्रह विभिन्न प्रतिभाशाली लेखकों के दृष्टिकोणों की एक पच्चीकारी प्रस्तुत करता है। लघुकथाओं के माध्यम से, यह संग्रह, मानव के उस विश्वास को उजागर करता है, जिनके कारण या तो अब ज्ञात हो चुके हैं या फिर जिनके कारण समाज में अनावश्यक भय व्याप्त है। यह संग्रह उन परंपराओं पर भी प्रकाश डालता है जो अपनी प्रासंगिकता अब खो चुके हैं। 'समाज को शिक्षित करती लघुकथाएं' शीर्षक से वरिष्ठ पत्रकार अजय बोकिल की अद्भुत भूमिका और सुरेश सौरभ के विचारोत्तेजक सम्पादकीय लिखा है। इस संकलन की विशेषताओं में से एक लघुकथाओं की शैलियों में विविधता है। प्रत्येक लेखक पाठकों के लिए अपने अनुसार रोचक कथ्यों की समृद्धता प्रदान कर रहा है।

योगराज प्रभाकर, संतोष सूपेकर ,मधु जैन, डॉ. मिथिलेश दीक्षित, मनोरमा पंत, विजयानंद 'विजय', सुकेश साहनी, हर भगवान चावला, सुरेश सौरभ, बजरंगी भारत, राम मूरत 'राही' सहित 60 उत्तम चयनित लघुकथाओं के लेखक समसामयिक मुद्दों पर रंग बिखेर रहे हैं। समय के साथ पुरानी पड़ती परंपरा एक बोझ के समान है, उस बोझ से जूझ रहे व्यक्तियों से लेकर अंधविश्वास में डूबे समुदायों के भयावह वृत्तांत तक, यह पुस्तक भीतर हमें विचार करने को प्रेरित करता है।

जो बात इस संकलन को अलग करती है, वह पूर्वकल्पित धारणाओं को चुनौती देने और आत्मनिरीक्षण को प्रेरित करने की क्षमता है। कल्पना के लेंस के माध्यम से, लेखक कुशलतापूर्वक प्रथाओं की जटिलताओं और विश्वसनीयता का विश्लेषण करते हैं, जिससे पाठक सवाल उठाने और अन्वेषण की एक विचारोत्तेजक यात्रा हेतु मानसिकता विकसित कर सकते हैं। इसके अलावा, 'मन का फेर' माहौल और मनोदशा की भावना पैदा करने की क्षमता में उत्कृष्ट है। लगभग प्रत्येक लघुकथा एक विशिष्ट वातावरण को उजागर करती है जो संग्रह के अंतिम पृष्ठ को पलट चुकने के बाद भी लंबे समय तक दिमाग में बनी रहती है। अधिकतर रचनाओं का गद्य विचारोत्तेजक और गूढ़ है, जो पाठकों को समान निपुणता के साथ यथार्थ और काल्पनिक दोनों दुनियाओं में खींच लेता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है, बालिकाओं की स्थिति, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर महिलाएं एवं बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा?

कब तक दोहराई जाती रहेंगी निर्भया जैसी त्रासदियां?

दिल्ली के नांगलोई में एक निजी बस के भीतर महिला के साथ हुई बस कंडक्टर एवं ड्राइवर के दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर पूरे देश की चेतना को झकझोर दिया है। यह घटना केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस भयावह सामाजिक और प्रशासनिक विफलता का आईना है, जो वर्षों से हमारे सामने खड़ी है। चौदह वर्ष पहले निर्भया कांड के बाद देश की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने सोचा था कि अब

व्यवस्था बदलेगी, कानून सख्त होंगे, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और समाज अपनी सोच बदलेगा। लेकिन आज जब उसी प्रकार की घटनाएं पुनः पुनः सामने आती हैं, तब यह प्रश्न और भी तीखा होकर उठता है कि आखिर हम बदले कहां हैं? सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसका उत्तर केवल कानून की कमजोरी में नहीं, बल्कि समाज की उस विकृत मानसिकता में छिपा है, जहां महिला को आज भी बराबरी के सम्मान के साथ नहीं देखा जाता। आधुनिकता के चमकदार दावों के बीच भी पुरुष प्रधान सोच का अंधेरा जस का तस मौजूद है। महिलाओं को व्यक्ति नहीं, बल्कि उपभोग की वस्तु मानने वाली सोच आज भी अनेक मन-मस्तिष्कों में गहराई तक बैठी हुई है। यही कारण है कि सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों, स्कूल-कॉलेजों और यहां तक कि घरों के भीतर भी महिलाएं असुरक्षा का अनुभव करती हैं।

विडंबना यह है कि विज्ञान, तकनीक और आर्थिक विकास के इस दौर में भी समाज स्त्री के सम्मान और सुरक्षा के बुनियादी संस्कार विकसित नहीं कर पाया। बच्चों को शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन संवेदनाएं नहीं दी जा रहीं। घरों में बेटियों पर नियंत्रण और बेटों को छूट देने वाली मानसिकता आज भी कायम है। एक ओर लड़कियों को 'सावधान रहने' की नसीहत दी जाती है, दूसरी ओर लड़कों को अपने व्यवहार और दृष्टि की मर्यादा सिखाने की गंभीर कोशिश बहुत कम दिखाई देती है। यही असंतुलन आगे चलकर अपराधों की जमीन तैयार करता है। प्रश्न यह भी है कि प्रशासन बार-बार ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है? निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्पलाइन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, पुलिस गश्त और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा उपायों की लंबी घोषणाएं हुईं। लेकिन वास्तविकता यह है कि इन व्यवस्थाओं का बड़ा हिस्सा कागजों और भाषणों तक सीमित रह गया। निजी बसें आज भी बिना पर्याप्त निगरानी के चल रही हैं। कई स्थानों पर चालक और परिचालकों का समुचित सत्यापन तक नहीं होता। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन अक्सर केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है।

दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के

बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है, बालिकाओं की स्थिति, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर महिलाएं एवं बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?

सच्चाई यह है कि हमारी व्यवस्था अपराध होने के बाद सक्रिय होती है, अपराध रोकने के लिये नहीं। हर बार घटना के बाद गिरफ्तारी, जांच और बयानबाजी होती है, लेकिन अपराध की जड़ों तक पहुंचने की गंभीर पहल नहीं दिखाई देती। राजनीतिक दल कुछ दिनों तक आरोप-प्रत्यारोप करते हैं, मीडिया में बहस चलती है और फिर धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य मान लिया जाता है। लेकिन जिन परिवारों की बेटियां इस अमानवीयता का शिकार होती हैं, उनके जीवन में भय, पीड़ा और असुरक्षा स्थायी घाव बनकर रह जाते हैं। यह भी विचारणीय है कि आखिर महिलाएं और बालिकाएं बार-बार ऐसे अत्याचारों का शिकार क्यों बन रही हैं? इसका कारण केवल अपराधियों की क्रूरता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता भी है। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी का अभाव दिखाई देता है। लोग तमाशबीन बन जाते हैं। कई बार पीड़िता को ही कठघरे में खड़ा कर दिया जाता है-उसके कपड़े, समय, जीवनशैली और व्यवहार पर सवाल उठाए जाते हैं। यह मानसिकता अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है, क्योंकि उन्हें पता होता है कि समाज पूरी तरह पीड़िता के साथ खड़ा नहीं होगा। कब तक महिलाएं अपने ही शहरों, बसों, गलियों और कार्यस्थलों पर भय के साथ जीती रहेंगी? कब तक माता-पिता अपनी बेटियों के घर लौटने तक चिंता में डूबे रहेंगे? यह प्रश्न केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा का प्रश्न है। जिस समाज में आधी आबादी स्वयं को सुरक्षित महसूस न करे, वह समाज वास्तव में सभ्य नहीं कहलाया जा सकता। आज आवश्यकता केवल कठोर कानूनों की नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आत्ममंथन की है। कानून अपराधी को दंड दे सकता है, लेकिन समाज ही मानसिकता बदल सकता है। स्कूलों और परिवारों में लैंगिक संवेदनशीलता की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। बेटियों को भय में जीना नहीं, बल्कि सम्मानपूर्वक जीना सिखाना होगा। फिल्मों, सोशल मीडिया और विज्ञापनों में स्त्री की वस्तुवादी छवि पर भी गंभीर विमर्श जरूरी है, क्योंकि संस्कृति और मनोरंजन भी समाज की सोच को प्रभावित करते हैं। प्रशासन को भी केवल घटनाओं के बाद की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन में रियल-टाइम जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन और नियमित निगरानी को पूरी कठोरता से लागू करना होगा। निजी परिवहन संचालकों और कर्मचारियों का गहन सत्यापन अनिवार्य किया जाना चाहिए। पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सक्रिय बनाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि समाज को यह समझना होगा कि महिला सुरक्षा कोई 'महिला मुद्दा' नहीं, बल्कि मानवता और सभ्यता का प्रश्न है। जब तक स्त्री को समान सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास के सारे दावे अधूरे रहेंगे। नांगलोई की यह घटना केवल एक समाचार नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। यदि अब भी हम नहीं जागे, तो निर्भया जैसी त्रासदियां बार-बार हमारे सामने आती रहेंगी और हर बार हमारी संवेदनहीनता, हमारी प्रशासनिक विफलता और हमारी विकृत मानसिकता हमें कठघरे में खड़ा करती रहेगी। प्रश्न यही है-आखिर कब तक?

'विद्या मंदिरों' में लगते ताले

यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फ़ंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन 'धर्मों के बारे में शिक्षा' की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है।

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि नीट अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गयी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को ज़िम्मेदार मानते हुये परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। इसके लिए ज़िम्मेदार

कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक़्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाये उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस ख़बर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की 'विद्या' यहाँ के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गयी है। एक तरफ़ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान,वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं,उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ़ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकतायें भी कुछ और ही नज़र आ रही हैं।

आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म, अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहाँ सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फ़ंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन 'धर्मों के बारे में शिक्षा' की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है।

शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुज़र रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नक़ली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित, इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिये संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व

प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी.फ़िल. की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गाँधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं।

परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नज़रों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहाँ की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि 'एक तरफ़ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ़ एक ग़रीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत (Hard work) से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है '। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए 'हार्वर्ड' की नहीं, 'हार्ड वर्क' की ज़रूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार 'हार्वर्ड' वालों से ज़्यादा दम 'हार्ड वर्क' वालों में है। ज़रा सोचिये कि क्या पढ़ाई करना 'हार्ड वर्क' की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिये दिन रात एक किये रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज़ 16 - 18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है? निश्चित रूप से शिक्षा के प्रति शीर्ष सत्ता के इसी मनोभाव की वजह से ही आज देश के विद्या मंदिरों पर घोर संकट छाया हुआ है। विगत 10 वर्षों के दौरान भारत में लगभग एक लाख सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं। यह कुल सरकारी स्कूलों में लगभग 8% की कमी है। आज दुर्भाग्यवश देश में सरकारी स्कूल्स की संख्या बढ़ने के बजाये 11.07 लाख से घटकर क़रीब 10.17 लाख हो गयी है। जबकि शुद्ध व्यवसायिक मॉडल वाले मंहगे निजी स्कूलों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। ग़ौरतलब है कि देश के सरकारी स्कूल्स में प्रायः साधारण परिवारों या ग़रीबों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं जिनमें अधिकांश संख्या एस सी ,एस टी,ओ बी सी व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की होती है। इनमें ज़्यादातर बच्चे किसानों,कामगारों व मेहनतकश मज़दूरों के होते हैं जो वास्तव में शिक्षा के हक़दार भी हैं और शिक्षा उनके भविष्य व जीविकोपार्जन के लिये बेहद ज़रूरी भी है। परन्तु सरकार की विद्या व विद्यालय विरोधी नीतियों के चलते देश में अब तक लगभग 65 लाख बच्चे स्कूल जाना छोड़ चुके हैं। सरकार द्वारा इस संबंध में यह तर्क दिया जाता है कि छात्रों की अपेक्षित संख्या न होने, संसाधन बचाने और बेहतर शिक्षा के कारण,इंफ्रास्ट्रक्चर व अध्यापकों की कमी या पोस्ट-कोविड प्रभाव कारण अनेक विद्यालयों का विलय पास पड़ोस के गांव में कर दिया गया है। जबकि उनकी दूरी 2 किलोमीटर से 8 किलोमीटर तक है। इतनी दूर बच्चों के स्कूल जाने के लिये न तो सरकार ने कोई उपाय किया है न ही अभिभावकों के पास कोई सामर्थ्य है। ख़ासकर अपनी बच्चियों को वैसे भी कोई मां बाप इतनी दूर के स्कूल नहीं भेजना चाहेगा। ऐसे में इस शिक्षा विरोधी सरकारी नीति के चलते बच्चों के अंधकारमय भविष्य का कौन ज़िम्मेदार है ? ज़ाहिर है जब यह प्राथमिक शिक्षा ही हासिल नहीं कर सकेंगे तो यह भला हार्वर्ड कैसे जा सकेंगे। और ऐसे में इन्हें प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार 'हार्ड वर्क ' यानी मेहनत मज़दूरी करके ही अपना जीवन यापन करना पड़ेगा। उधर दावा यह भी है कि भारत विश्व गुरु बनेगा।

उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या के लिए लापरवाही पड़ रही भारी

हमारे देश में बीमारियों की वृद्धि साल-दर-साल अत्यधिक हो रही है और जिस प्रकार के प्रदूषित एवं तनावपूर्ण वातावरण में हम आज जी रहे है भविष्य में यह बीमारियां अधिक भयावह रूप धारण करेंगी। अन्य जगह की तरह, हॉस्पिटल में कोई मोलभाव नहीं होता, चिकित्सक द्वारा जो परीक्षण या दवाएं बताई है, वो आवश्यक हो जाती हैं। बीमारियों को बढ़ाने में अधिकतर हम खुद जिम्मेदार है, आज सबसे ज्यादा मौतें हृदय की समस्याओं के कारण हो रही है क्योंकि स्वस्थ हृदय का ख्याल हम ठीक ढंग से नहीं रख पा रहे हैं।

सत्य समझिए, भ्रामकता में अनमोल सांसे ना गवाएं। जी हां, फिलहाल हम सभी लोग जीवन के लिए सबसे आवश्यक घटकों को बर्बाद करने को अपनी झूठी महानता समझ रहे है, लेकिन आज हमसे बड़ा बेवकूफ अन्य कोई नहीं। प्राणी,पशु-पक्षी भी इस मामले में हमसे ज्यादा अक्लमंद हैं। हम बात कर रहे है यहाँ स्वास्थ्य की, जिसको बिगाड़ने का काम प्रदूषण,

हमारी चटोरी जबान, लापरवाही और मिलावटखोरी कर रही हैं। हम अक्सर अपने आसपास रोजाना नए-नए मोर्चे, आंदोलन, रैली, झगड़े, वादविवाद की खबरें देखते-सुनते है, लेकिन जीने के लिए सबसे आवश्यक शुद्ध ऑक्सीजन, स्वच्छ जल और पर्याप्त पोषक आहार हर एक नागरिक को प्राप्त हों, जो हर एक का अधिकार है, जिसका संविधान के मूल अधिकारों में भी उल्लेख है, क्या उसके लिए ऐसे जागरूकता मोहिम हमारे आसपास अक्सर देखने मिलती हैं।

दूषित हवा को हम शरीर में प्राणवायु के रूप में ले रहे है और खुद ही मौत को बुला रहे हैं। धीमे जहर के रूप में विषाक्त भोजन चटकारे लेकर खा रहे हैं। हर वस्तु की बनावट वस्तु आज मार्केट में उपलब्ध है, यह तक कि खाद्यपदार्थों से लेकर, कपडे, यांत्रिक संसाधन, सभी प्रकार के उत्पाद तक डुप्लीकेट मिलते हैं। स्वार्थ ने हमें इतना अँधा बना दिया है कि अपने फायदे के लिए लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना आम बात बन गयी हैं। जो सेहत खराब करे, ऐसी लाइफस्टाइल किस काम की? जिंदगी ज्यादा जरुरी है या स्वार्थ? दुनियाभर की दौलत खर्च करके भी एक सेकंड की जिंदगी नहीं खरीद सकते, फिर सेहत के प्रति लोगों में गंभीरता क्यों नजर नहीं आती? कोई हमारे सेहत से खिलवाड़ कर रहा है तो हम उसे रोकते क्यों नहीं?

तेजी से रफ्तार पकड़ने वाला क्षेत्र वैद्यकीय है, क्योंकि हमारे देश में बीमारियों की वृद्धि साल-दर-साल अत्यधिक हो रही है और जिस प्रकार के प्रदूषित एवं तनावपूर्ण वातावरण में हम आज जी रहे है भविष्य में यह बीमारियां अधिक भयावह रूप धारण करेंगी। अन्य जगह की तरह, हॉस्पिटल में कोई मोलभाव नहीं होता, चिकित्सक द्वारा जो परीक्षण या दवाएं बताई है, वो आवश्यक हो जाती हैं। बीमारियों को बढ़ाने में अधिकतर हम खुद जिम्मेदार है, आज सबसे ज्यादा मौतें हृदय की समस्याओं के कारण हो रही है क्योंकि स्वस्थ हृदय का ख्याल हम ठीक ढंग से नहीं रख पा रहे हैं। हृदय रोगों के लिए उच्च रक्तचाप की समस्या अहम है और उच्च रक्तचाप की समस्या निर्माण में हमारी खराब आदतें जिम्मेदार हैं।

हाइपरटेंशन दुनिया भर में सबसे आम

स्वास्थ्य समस्या है, लाखों लोगों को प्रभावित करने के बावजूद, इस स्वास्थ्य समस्या पर अक्सर ध्यान नहीं जाता; यह अक्सर बिना किसी साफ़ लक्षण के बढ़ती रहती है, इसी कारण से, डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' कहते हैं। अगर समय रहते इसका योग्य निदान न किया जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर शरीर के महत्वपूर्ण अवयवों को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकता है और दिल की बीमारी, स्ट्रोक, किडनी फेलियर और दूसरी जानलेवा बीमारियों का खतरा काफी बढ़ा सकता हैं। ज़्यादातर मामलों में, लोग बिना किसी चेतावनी के संकेतों पर ध्यान दिए अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी जीते रहते हैं। हालाँकि, जब रक्तचाप बहुत ज़्यादा बढ़ जाता है, तो तेज़ सिरदर्द, चक्कर आना, सीने में दर्द, धुंधला दिखना, साँस लेने में दिक्कत या दिल की धड़कन का अनियमित होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। बदकिस्मती से, बहुत से लोगों को अपनी गंभीर हालत के बारे में तब पता चलता है जब कोई गंभीर चि

जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सामाधान करें : डीएम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील मांट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। मांट तहसील समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मांट में लगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुने। उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। उप जिलाधिकारी मांट दीपिका मेहर ने बताया है कि मांट तहसील में 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह ने अवगत कराया कि गोवर्धन तहसील में 56 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन ऊषा सिंह ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में 42 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

322 शिकायतों में 24 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसील खागा सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में दूर-दराज से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि, राजस्व, पुलिस, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, चकबंदी, विद्युत, आवास, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, उद्यान, सिंचाई, नलकूप, जल निगम (ग्रामीण), महिला कल्याण, बाल विकास, जिला पूर्ति, पीडब्ल्यूडी, आरईएस तथा भूमि विवाद सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 322 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 24 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई हेतु हस्तांतरित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी गरीब, जरूरतमंद या पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

'भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम'

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिलामहानगर द्वारा दो दिवसीय 'जिला प्रशिक्षण वर्ग' शनिवार को के एम यूनिवर्सिटी, पाली डूंगरा में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महांत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह जी ने राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक मेघश्याम सिंह, ठाकुर एमएलसी ओम प्रकाश सिंह के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी श्याम प्रसाद मुखर्जी दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया।

भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में गूंजा राष्ट्रसेवा का मंत्र, अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों में दक्षता प्रदान करता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंहजी ने कहा कि वर्ष 2016 में उरी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक कर दुनिया को अपनी शक्ति का परिचय दिया। इसके बाद वर्ष 2019 में पुलवामा हमले के पश्चात एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद के विरुद्ध भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया गया।

साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 6वां स्थापना दिवस आज

अवधनामा संवाददाता

राष्ट्रकवि की जन्मस्थली पर होगा भव्य आयोजन

फतेहपुर। साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) का 6वां स्थापना दिवस रविवार को बिंदकी तहसील क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम राष्ट्रकवि पण्डित सोहनलाल द्विवेदी (पद्मश्री) की जन्मस्थली क्षेत्र में आयोजित होने जा रहा है, जिससे आयोजन को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी प्राप्त हो रहा है।

यह कार्यक्रम बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिजौली के मजरे गोधइया स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक संगठन के बिंदकी तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह हैं, जिनके नेतृत्व में आयोजन की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थापना दिवस समारोह के दौरान क्षेत्र के साहित्यकारों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों तथा पत्रकारिता एवं लेखन से जुड़े कलमकारों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम पत्रकारिता, साहित्य और स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में जनपद के महानायक अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के परिवार से दद्दू सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। वहीं जनपद के गौरव एवं पद्मश्री से सम्मानित राष्ट्रकवि पं. द्विवेदी की पौत्री आकांक्षा द्विवेदी का भी अभिनंदन किया जाएगा। इसके अलावा अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के साहस, संघर्ष और बावनी इमली के ऐतिहासिक महत्व पर आधारित पुस्तक 'दरखूत - द विटनेस ऑफ़ फ्रीडम फाइटर्स' लिखने वाले शिक्षक विजय नारायण को भी सम्मानित किया जाएगा।

'साहब मैं जिंदा हूं...' बुजुर्ग की पुकार से गूंज उठा समाधान दिवस

खागा/फतेहपुर। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब एक 70 वर्षीय बुजुर्ग फरियादी ने अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर कहा – 'साहब, मैं जिंदा हूं।' बुजुर्ग की यह दर्दभरी आवाज सुनते ही सभागार में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और फरियादी स्तब्ध रह गए।

मामला तहसील क्षेत्र के वालीपुर एकडला गांव का है, जहां निवासी 70 वर्षीय वृद्ध किसान ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के समक्ष न्याय की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल और तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से उसे सरकारी अभिलेखों में मृत घोषित कर दिया गया। इतना ही नहीं, पट्टे में मिली उसकी लगभग एक बीघा दो बिस्वा जमीन दूसरे व्यक्ति के नाम वरासत भी कर दी गई।

राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार गृह जनपद पहुंचीं कृष्णा पासवान

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। खागा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहीं कृष्णा पासवान को योगी सरकार में राज्यमंत्री बनाए जाने के बाद शुक्रवार शाम पहली बार गृह जनपद फतेहपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। शाम करीब पांच बजे लखनऊ से फतेहपुर पहुंचीं राज्यमंत्री का लखनऊ बाईपास पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के नेतृत्व में फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

150 ई-रिक्शा के साथ निकला स्वागत जुलूस

इस दौरान भाजपा नेत्री उत्प्रेक्षा द्विवेदी ने भी राज्यमंत्री कृष्णा पासवान को माला पहनाकर स्वागत किया, जिस पर राज्यमंत्री ने उन्हें गले लगाकर आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री के स्वागत में निकाले गए विशाल जुलूस की खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण और डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने के संदेश को आगे बढ़ाते हुए लगभग 150 ई-रिक्शाओं का उपयोग किया गया।

ई-रिक्शाओं पर सवार होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का संदेश दिया। जुलूस में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी तथा जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल रथ पर सवार होकर आगे चल रहे थे। स्वागत जुलूस शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बिजली पासी चौराहा पहुंचा, जहां महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारों और फूलमालाओं के साथ राज्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद जुलूस बाकरगंज, ज्वालागंज बस स्टॉप, पीरनपुर सहित विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।

संक्षिप्त समाचार

एसडीएम ने पीएचसी का किया निरीक्षण

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। रिन्कू सिंह राही, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, जालौन एवं विश्वेश्वर सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसील जालौन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुठौंद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारी पूनम, हेमंत, विवेक, लोकेश, राहुल कटियार अनुपस्थित पाए गए। इनमें पूनम लगातार तीन दिनों से अनुपस्थित पाई गईं। निरीक्षण के समय लगभग 12 पंजीकरण पाए गए, जबकि सामान्यतः लगभग 200 मरीजों के पंजीकरण होने की जानकारी दी गई। मरीज दिनेश प्रजापति निवासी कुरौली द्वारा बताया गया कि उन्हें परसों अस्पताल से इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया था, किन्तु अगले दिन इंजेक्शन बाहर से खरीदकर लाने के लिए कहा गया, जिसके कारण उन्होंने इंजेक्शन नहीं लगवाया।

सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान

खागा (अवधनामा संवाददाता)। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' अभियान के अंतर्गत जनपद में लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में त्रिवेणी संगम हाईवेज प्रबंधन की ओर से संत विनोबा भावे इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कानपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक सिंह ने की।

पब्लिक इलेक्ट्रिक टोटो से सांसद पहुंचे अस्पताल

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाओ अपील का असर तेजी से देखने मिल रहा है । अपील के बाद कई सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति वीआईपी कल्चर छोड़कर सायकिल या इलेक्ट्रिक पब्लिक वाहन का सफर कर रहे है। इसी क्रम में भदोही लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ विनोद बिंद ने भी पीएम के संदेश को आगे बढ़ाते हुए इलेक्ट्रिक टोटो का प्रयोग किया। सांसद ने शनिवार सुबह मुग़लसराय स्थित अपने आवास से लगभग आधा किलोमीटर दूर पैदल चलकर मुख्य मार्ग पहुंचे जहाँ से उन्होंने पब्लिक इलेक्ट्रिक टोटो पकड़कर लगभग 5 किलोमीटर दूर चकिया गोधना मोड़ स्थित रमा देवी फ्रेक्चर अस्पताल पर पहुंचे। जिन्हें देख लोग चौंक भी गए और तारीफ भी करते नजर आए।

पर्यावरण संरक्षण, देश बचाने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा : डॉ विनोद बिंद

इस दौरान सांसद डॉ विनोद बिंद ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बढ़ते ईंधन संकट को देखते हुए लोगों को छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करना चाहिए । इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, प्रदूषण कम होगा और स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। कहा कि आज देश के यशस्वी एवं सशक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर पर्यावरण संरक्षण, देश बचाने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम सभी ने भी अपनी आवाज़, अपने संकल्प और अपने हौसलों के माध्यम से इस जनजागरण यात्रा में सहभागिता निभाई है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, स्वच्छ पर्यावरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है।

चेकिंग के दौरान चार वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जालौन द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न व बिना परमिट, बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहनों, विशेषकर बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक्स में कंपनी मानकों के विपरीत 'आफ्टर-मार्केट' साइलेंसर लगे पाए गए ऐसे 04 वाहनों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई है।

साथ ही बिना फिटनेस, बिना परमिट स्कूली वाहनों की जाँच की गयी जिसमें 02 स्कूली वाहन को बिना परमिट के अभियोग में नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए पुलिस चैकी औद्योगिक क्षेत्र, उरई में चालान कर निरुद्ध किया गया। इसी प्रकार 01 अन्य स्लीपर बस को परमिट शर्तों के उल्लंघन में माल ढुलाई करते हुए पाई गयी जिस पर नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए आटा मण्डी, कालपी रोड उरई में चालान कर निरुद्ध किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को जानकारी दी गई कि वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र या संशोधित साइलेंसर लगाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी वाहन शोर संबंधी मानकों का उल्लंघन करेगा।

रसिया दंगल में देशभक्ति की गूंज

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति के संरक्षक, समाजसेवी स्व. श्री शिवचरन लाल सैनी जी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं विराट रसिया दंगल का दो दिवसीय गरिमामय आयोजन दुलीचंद सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्व. शिवचरन लाल सैनी जी के चित्र पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, रामवीर चौधरी, गुलवीर चौधरी, रमन लाल सैनी, दुलीचंद सैनी, पप्पू सैनी, डॉ. सतीश सैनी, रमेश सैनी, योगेश सैनी सहित उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन समिति अध्यक्ष रमेश सैनी द्वारा किया गया।

श्रद्धांजलि सभा के उपरांत आयोजित रसिया दंगल में लोक कलाकारों ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुतियों से संपूर्ण पांडाल को भाव-विभोर कर दिया। गायकों ने रसिया गायन के माध्यम से मथुरा एवं उत्तर प्रदेश की समसामयिक घटनाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत कर मनोज शर्मा, हाथरस ने अपनी प्रस्तुति से राष्ट्रभक्ति का अप्रतिम वातावरण निर्मित करते हुए गाया 'मरने के बाद मेरे कफ़न के ऊपर हिन्दुस्तान लिख देना' वहीं साहूकार शर्मा, अतरौली ने शहीद की वीरांगना के मर्मस्पर्शी दृश्य का मंचन करते हुए गाया 'मति रोवे बिटिया तू विधवा नही, तेरा पिया जग में नही थुका के गया, तिरंगे की कीमत चुका के गया' इन राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं ने उपस्थित जनसमुदाय को देशप्रेम की भावना से अभिसिंचित कर दिया।

मरने के बाद मेरे कफ़न पर हिन्दुस्तान लिख देना

रसिया दंगल के दोनों अखाड़ों के खलिफा साहूकार शर्मा और मनोज शर्मा को कमेटी द्वारा एक एक साइकिल और एक एक कलसा भेंटकर सम्मानित किया इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों का माला पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर दुलीचंद सैनी, पप्पू सैनी, डॉ. सतीश सैनी, रमेश सैनी, बबलू सैनी, योगेश सैनी, मुकेश सैनी, भूरी यादव, जवाहर चौधरी, दीपक गौड़, रामबाबू सैनी, काके सैनी, आसू सैनी, रमन लाल सैनी, संजय शर्मा, गुलवीर चौधरी, चंद्रभान सैनी, विष्णु प्रधान, कौशल सैनी, आसू सैनी, बन्टी पोशाक वाले सहित सैकड़ों प्रबुद्धजन, कलाप्रेमी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। तहसील उरई सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने मृतक के परिजनों में बांटा आपदा राहत का चेक

अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग उ0प्र0 एवं प्रभारी मंत्री, चन्दौली संजीव कुमार गोंड का तहसील नौगढ /चकिया का भ्रमण कर विगत दिनों आयी आंधी तूफान के हादसे में अपनी जान गंवा देने वाले मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशल छेम जाना और उन्हें राज्य आपदा मोचक निधि से चार-चार लाख रुपए का चेक वितरित किया। इसके अलावा प्रभारी मंत्री ने मृतक तीनों परिवारों का सर्वे करा कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ देने की निर्देश दिए।

बीते 13 मई को तेज आए आंधी तूफान में शिकारगंज गांव निवासी गुलाब की दीवाल के गिरने से दबकर मौत हो गई थी, वहीं करवदिया गांव निवासी प्रभावती देवी के ऊपर पेड़ गिरने से उनकी दब कर दर्दनाक मौत हुई थी। इसके साथ ही बोदलपुर गांव निवासी रामकेश यादव के ऊपर कच्ची दीवाल भरभराकर गिर गई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई थी।

प्रभारी मंत्री संजीव गोंड़, विधायक कैलाश आचार्य, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने सभी गांव में पहुंचकर मृतक के परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि के चार-चार लाख रुपए का चेक वितरित किया। आंधी तूफान के दौरान करवदिया गांव निवासी मृतक प्रभावती देवी और शिकारगंज गांव निवासी मृतक गुलाब का पूरा मकान तूफान के दौरान जमींदोज हो गया था। जिस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर उन्हें अलग से 1 लाख 20 हजार रुपए का गृह अनुदान भी दिया गया। इससे पूर्व ग्राम मझगावां में आंधी तूफान से हुये क्षति का निरीक्षण व प्रभावित परिवार के मुखिया से मुलाकात किया गया।

डॉ. कुमार विश्वास ने किया पुस्तक का लोकार्पण

वृंदावन (मथुरा)। मथुरा वृंदावन मार्ग वात्सल्य ग्राम स्थित संविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल में कुमार विश्वास की गरिमामयी उपस्थिति में एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूज्य साध्वी दीदी मां ऋतंभरा को समर्पित लेखक देवेंद्र शुक्ल द्वारा लिखित पुस्तक 'साध्वी ऋतंभरा और राम जन्मभूमि आंदोलन' का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर राष्ट्रभावना, संस्कृति एवं अध्यात्म के दिव्य आलोक से आलोकित हो उठा। डॉ. कुमार विश्वास ने पुस्तक को राम जन्मभूमि आंदोलन के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पक्षों को जनमानस तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कृति बताया। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा एवं लोकमंगलकारी व्यक्तित्व को सरल एवं काव्यमयी शैली में छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने महर्षि दधीचि के त्याग, समर्पण और जगत कल्याण की भावना का उल्लेख करते हुए छात्राओं को अनुशासन, संस्कार एवं समर्पण का संदेश दिया।

शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी : डॉ. मुकेश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। एकेडमिक पब्लिक इंटर कॉलेज, गाजीपुर बलराम फैजुल्लागंज लखनऊ की ओर से आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. मुकेश शर्मा रहे, जिन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

विद्यालय की छात्रा तस्मिया बानो ने हाईस्कूल परीक्षा में 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, शिक्षक एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधक सी. विनोद पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। सम्मान समारोह के अंत में छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

भाषा विवि में जनगणना अभियान को मिला बढ़ावा

■ कुलपति सहित अधिकारियों ने स्वयं गणना कर लोगों को किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनगणना अभियान के अंतर्गत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जागरूकता और सहभागिता का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा, कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. उधम सिंह एवं डॉ. नीरज शुक्ला उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने स्वयं गणना प्रक्रिया में भाग लेते हुए न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक और प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनगणना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए यह सुनिश्चित किया कि अधिक से अधिक लोग इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा, 'जनगणना देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार होती है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विश्वविद्यालय परिवार का कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं इसमें भाग ले, बल्कि समाज को भी इसके लिए प्रेरित करे।' उन्होंने आगे कहा कि सटीक और व्यापक आंकड़े ही शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के बेहतर विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनगणना के माध्यम से राज्य की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और संसाधनों का विस्तृत डेटा एकत्र कर रही है, ताकि भविष्य की योजनाओं को अधिक प्रभावी और लक्षित बनाया जा सके। इस अभियान के जरिए सरकार का उद्देश्य हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और विकास को गति देना है.विश्वविद्यालय में हुए इस प्रयास की व्यापक सराहना की जा रही है, क्योंकि इससे समाज में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। खास बात ये है की विश्वविद्यालय स्तर पर इसको लेकर ज़ोर शोर से कार्य चल रहा है।

धममधाम के साथ मनाया गया वट सावित्री का पर्व

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर में वट सावित्री का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से वटवृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

शनिवार की सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-संवर कर नगर के मोहल्ला रामगंज पालिका के सामने, जीटीरोड संतोषी माता मंदिर, दक्षिणी सहकारी समिति के पास, रामगंज में होलिका दहन स्थल के पास सहित अन्य पूजा स्थलों पर पहुंचीं, जहां उन्होंने व्रत रखकर पूजा-पाठ किया। महिलाओं ने वटवृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए परिक्रमा की तथा सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। पूजा के दौरान महिलाओं ने परिवार की खुशहाली एवं अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। मंदिरों एवं वटवृक्ष स्थलों पर दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। वहीं बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को वट सावित्री व्रत के महत्व के बारे में जानकारी दी। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप और निष्ठा से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे, तभी से यह पर्व सुहागिन महिलाओं द्वारा श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

मुरादाबाद में एआइपीएमएम की गोष्ठी संपन्न

■ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन मजबूती पर मंथन

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) के प्रदेश अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन जी की अध्यक्षता में उनके निजी आवास, एकता विहार कॉलोनी जनपद मुरादाबाद पर जिला स्तरीय पसमांदा मुस्लिम गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर हाजी ताहिर हुसैन जी ने संगठन के पदाधिकारियों के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में संगठन विस्तार का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संगठन को ऐसे लोगों से जोड़ने की आवश्यकता है जो समाज के प्रति समर्पित हों और जिनके भीतर पसमांदा समाज के दर्द एवं समस्याओं को समझने की संवेदनशीलता हो।

उन्होंने कहा कि केवल भीड़ इकट्ठा करने से संगठन मजबूत नहीं होता, बल्कि ऐसे कर्मठ और जागरूक लोगों की आवश्यकता होती है जो समाज के अधिकारों, शिक्षा, सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी के लिए गंभीरता से कार्य कर सकें।

बैठक में सदस्यता अभियान, जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन विस्तार, युवाओं को जोड़ने तथा पसमांदा समाज के मुद्दों को मजबूती से उठाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक शमीम अंसारी, राष्ट्रीय प्रभारी मोहम्मद अहमद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शाहीन अंसारी, अब्दुल रहमान, मो. शरीफ अंसारी, महबूब अली, इंजीनियर उस्मान अहमद, जुबेर अंसारी, शकील अंसारी, मोहम्मद आलम, मुतिउर्रहमान, मोहम्मद दानिश, नदीम, मो. शफीक, जिला महासचिव दानिश अंसारी, डॉ. नबी बख्श (जिला अध्यक्ष रामपुर), मो. इस्माइल (जिला महासचिव रामपुर), शुजात करीम (जिला अध्यक्ष मुरादाबाद), मो. परवेज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

जैदी इंदौर क्लब की जीत में शिवांश चमके

प्रयागराज। शिवांश मिश्र की हरफनमौला खेल (34 रन एवं 9-2-27-4) की अदालत जैदी इंडोर क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को 119 रन से हराकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में जैदी इंडोर क्लब ने 45 ओवर में 306 रन (अंश सिंह 64, सौरव यादव 45, नीरज पटेल 44, शिवांश मिश्र 34, हर्षित तिवारी 30, सौरभ सिंह 22, रोहन रंजन 3/34, आशुतोष भास्कर 3/65, आर्चित सिंह 2/70) बनाए। जवाब में फोर्ड स्कूल क्लब की टीम 34.5 ओवर में 187 रन (राहुल 70, ओजस सिंह 20, इशांत कुमार निषाद 19, शिवांश मिश्र 4/27, विवेक पुंडीर 2/30, देवांश कुमार स्वप्निल, अंश सिंह व हर्षित तिवारी एक-एक विकेट) पर सिमट गई। शिवांश मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा व फर्जी आख्या का गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

रुद्रपुर (देवरिया) मुकेश रुंगटा। रुद्रपुर में आयोजित तहसील दिवस के दौरान उस समय माहौल गरमा गया जब ग्राम सभा रामचक निवासी राणाप्रताप सिंह ने डीएम मधुसूदन हुल्गी को प्रार्थना पत्र सौंपकर सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जे और फर्जी आख्या लगाए जाने का गंभीर आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने राजस्व विभाग के एक लेखपाल की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। शिकायत में बताया गया है कि उनके पूर्व प्रकरण (क्रमांक 300960/04/41 07.फरवरी एवं 300960/06/53. 21 फरवरी पर की गई कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही। आरोप है कि हल्का लेखपाल ने मौके की वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज कर गलत आख्या प्रस्तुत की, जिससे कथित अतिक्रमण की जांच प्रभावित हुई। यह भी कहा गया है कि विवादित मार्ग हिस्से में दीवार खड़ी होने से आपातकालीन आवागमन बाधित हो रहा है। शिकायतकर्ता ने लेखपाल की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। तहसील दिवस में उठा यह मामला राजस्व विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पुलिस ने तीन विवादों की काउंसिलिंग कर सुलह कराई

■ मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत प्रतिदिन हो रही पारिवारिक मामलों की सुनवाई

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में तीन विवादों की काउंसिलिंग कराकर आपसी विवाद को संबाद कायम कर समझौते पर सहमति बनी।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशिबाला एवं महिला आरक्षी सीमा भदौरिया ने आवेदिका श्रद्धा देवी एएनएम व अलका राठौर एएनएम उपकेंद्र समधन के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी राजकुमारी पुत्री सुरेश चंद कठेरिया निवासी ग्राम खाड़े देवर को बुलाकर समझाया गया और यह तय हुआ है कि विपक्षी राजकुमारी उपकेंद्र समधन पर नहीं जाएंगी ना ही दोबारा गलती करेंगी तथा दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया। वहीं आवेदिका मधु देवी पत्नी लालू उर्फ कुलदीप निवासी मोहल्ला किदवई नगर के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी जगमोहन पुत्र राम किशोर को बुलाकर समझाया गया तथा दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया। जबकि आवेदिका सना खातून पत्नी अरशद निवासी मोहल्ला आजाद नगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति अरशद पुत्र असलम को बुलाकर समझाया गया तथा आवेदिका ने कहा कि मैं अपने पीहर मायके बलरामपुर जा रही हूं और पन्द्रह सौ रुपये लेकर अपने माइके सकुशल पति की मर्जी से गई। मिशन शक्ति केन्द्र की मुख्य महिला अरक्षी शशिबाला ने सभी पक्षों की काउंसलिंग करा कर सकुशल रवाना करनें के उपरान्त कहा कि मिशन शक्ति केंद्र का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को सुरक्षित माहौल प्रदान कर

पसमांदा समाज को जागरूक करने हेतु चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जनपद के रन्नो गांव में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक हाजी मोहम्मद नेहाल अंसारी द्वारा एक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पसमांदा समाज के लोगों को सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर हाजी मोहम्मद नेहाल अंसारी ने कहा कि आज भी गांवों में बड़ी संख्या में लोग अपनी पसमांदा पहचान, अधिकारों और सामाजिक स्थिति के बारे में पूरी जानकारी नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोग वर्षों से केवल वोट देने का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह जानकारी नहीं दी जाती कि किसे वोट देना है और क्यों देना है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में पसमांदा समाज को जागरूक कर उनके अधिकारों, भागीदारी और हितों को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही समाज के लोगों को शिक्षा, संगठन और राजनीतिक समझ के माध्यम से मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। चौपाल में उपस्थित लोगों ने पसमांदा समाज की समस्याओं, बेरोजगारी, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की।इस मौके पर इस्लाम इदरीसी, सलीम मंसूरी, अशरफ मनिहार, जुनैद हवारी, मंजर अंसारी, अखलाक घोसी, अरशद अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

एनसीसी के 199 कैडेट्स ने प्राप्त किया 'ए' प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के कुल 199 कैडेट्स ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के दिशा- निर्देशों के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण एवं परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए प्रतिष्ठित एनसीसी 'ए' प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

यह उपलब्धि कैडेट्स की समर्पण भावना, अनुशासन तथा एनसीसी द्वारा प्रोत्साहित एकता, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पूर्व कैडेट्स ने संस्थागत प्रशिक्षण, ड्रिल अभ्यास, शारीरिक दक्षता सत्रों तथा सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की।

15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज की कमान अधिकारी कर्नल ऋतु श्रीवास्तव ने सभी सफल कैडेट्स को बधाई देते हुए एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों, स्थायी प्रशिक्षण स्टाफ एवं प्रशिक्षण टीमों के मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी 'ए' प्रमाण पत्र कैडेट्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा देशभक्ति की भावना का विकास करता है।

सभी कैडेट्स ने समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर की गौरवशाली परंपराओं एवं मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया।

आंधी-तूफान पीड़ित परिवारों से मिले प्रभारी मंत्री

■ दैवीय आपदा में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

■ प्रभारी मंत्री ने पीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

■ आंधी से हुई मौतों पर सरकार ने बढ़ाया मदद का हाथ

■ पीड़ित परिवारों से मिले मंत्री, हर संभव मदद का भरोसा

अवधनामा संवाददाता

संभल। जनपद में आये तेज आंधी तूफान एवं वर्षा से उत्पन्न दैवीय आपदा के कारण तहसील सम्भल थाना कैलादेवी के अन्तर्गत ग्राम गंगहेटा में विद्युत पोल तथा घर की दीवार गिरने से नेमवती पुत्री राजपाल सिंह तथा भगवान सिंह पुत्र वीरे के चपेट में आने से दुखद मृत्यु हो गयी थी। आज मा. प्रभारी मंत्री/ मा. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति जी एवं जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा दैवीय आपदा के कारण मृतकों के घर जाकर उनके आश्रितों / परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए राहत राशि प्रदान की।

प्रभारी मंत्री सर्व प्रथम भगवान सिंह पुत्र वीरे के घर गये भगवान सिंह की मकान की दीवार गिरने से उसकी चपेट में आने से मृत्यु हो गयी थी। प्रभारी मंत्री द्वारा आश्रित / परिजनों से भेंट की तथा शोक संवेदना व्यक्त की मा. मंत्री जी ने कहा कि आश्रितों/ परिजनों की जिला स्तर पर सभी संभव मदद की जाए। बच्चों के लिए बाल सेवा योजना के अन्तर्गत मदद किये जाने को लेकर निर्देशित किया। ग्रामीण आवास को लेकर भी संबंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। मा. मंत्री जी द्वारा आश्रितों/ परिजनों को राज्य आपदा राहत कोष के अन्तर्गत ?4 लाख खाते में पहुंचने का प्रमाण पत्र दिया तथा आपदा राहत सामग्री भी प्रदान की गयी। इसके उपरांत मा. मंत्री जी द्वारा नेमवती पुत्री राजपाल के आश्रितों / परिजनों के घर गये। नेमवती की विद्युत पोल गिरने से उसकी चपेट में आने के कारण मृत्यु हो गयी थी। मा. मंत्री जी द्वारा उनके आश्रितों/ परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा हर सम्भव मदद करने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया तथा राज्य आपदा राहत कोष के अन्तर्गत 4 लाख खाते में आने का प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा आपदा राहत सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल तथा डिप्टी कलक्टर रामानुज तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में बीते दिन कोतवाली के उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ब्राहिमपुर रोड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक संदिग्ध युवक पुलिस बल को देखकर भाग खड़ा हुआ। जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर हिरासत में लिया गया है। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम आदर्श उर्फ डब्लू पुत्र कन्नौजी लाल निवासी ग्राम खाड़े देवर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

ससुर बहू को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता) नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी विनय तिवारी पुत्र स्वर्गीय देशराज द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम 05 बजे अपनी बहू के साथ गाए को बांधकर घर जा रहा था। जैसे ही कमला शरण स्कूल के पीछे बगिया में पहुंचा तभी वहां मौजूद विकास वाल्मीकि उसके साथ गाली गलौज करने लगा उसकी बहू उपासना द्वारा रोकने पर उक्त युवक ने उसे व उसकी बहू के साथ धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया और दलित उत्पीड़न उत्पीड़न में फसाने और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जेल परिसर का भ्रमण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बैरकों, सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली का निरीक्षण करते हुए कारागार प्रशासन को सतर्कता एवं नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेयजल, स्वच्छता, शौचालय की व्यवस्था को भी देखा, जिसे और सुदृढ़ बनाए जाने का निर्देश दिया। सभी बैरकों में आपत्तिजनक समानों की गहन जांच कराई गई। कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा बंदियों को पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को अनुबंध सुविधाओं को उपलब्ध कराए जाने को कहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला बैरक का निरीक्षण किया। निरुद्ध महिला कैदियों से संवाद की एवं उनके बच्चों को बिस्किट दिए। इस बैरक में बच्चों के लिए बनाई गई बाल वाटिका को अधिकारियों ने देखा। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आशीष रंजन, क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार रेड्डी, डिप्टी जेलर राजकुमार, गीता रानी सहित कारागार प्रशासन के अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

सुपरवाइजर समयबद्ध ढंग से लक्ष्य पूर्ण करें : अनिल

अवधनामा संवाददाता

गुरसहायगंज, कन्नौज। जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे स्वगणना अभियान की गति बढ़ाने के लिए पालिका प्रशासन ने एक बार फिर पूरी ताकत झोंक दी है। नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा सुपरवाइजरों, फील्ड ट्रेनरों एवं संबंधित कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

शनिवार को आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना करनी चाहिए। इसके लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने, मोबाइल नंबर पंजीकरण कराने तथा पोर्टल पर जानकारी भरवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्धारित लक्ष्य समय से पूर्ण करने के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। ईओ ने कहा कि स्वगणना से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी सही तरीके से दर्ज कर सकते हैं, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना कम होगी। उन्होंने कर्मचारियों से अभियान में तेजी लाने तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद सभासदों धर्मेन्द्र गुप्ता बडे, दीपक गुप्ता, परमजीत सहित अन्य सभासदों से भी सहयोग की अपील करते हुये ईओ ने कहा कि वार्ड स्तर पर सभासद लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक स्वगणना कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

भाजपा सरकार सभी मुद्दों पर फिसड्डी हो गई है

देवरिया (अवधनामा संवाददाता) उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी पूर्वी जोन के उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने भाजपा सरकार पर हमलवार होते हुए कहा कि जब से देश व प्रदेश में भाजपा सत्ता में आई है तब से देश व प्रदेश में तमाम समस्याएं पैदा हुए हैं। शुक्ला ने कहा कि नोट बंदी और जीएसटी लागू कर के देश की हालात बद्तर हो गई। देश की आर्थिक स्थिति आज कहा पहुंच गई है। जनता आय दीन महंगाई की बोझ से कराह रही हैं, रसोई गैस सिलेंडर नही मिल रही है डीजल पेट्रोल की किल्लत हो गई है जनता सुबह से ही गैस गोदाम, और पेट्रोल पंप पर लाइनों में खड़ा है। लेकिन भाजपा सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है । जनता अपने हाल पर आंसू बहा रहा है। शुक्ल ने कहा कि धान की बुवाई का समय निकट है किसान परेशान हैं फसल के सिंचाई के लिए डीजल की किल्लत है। लेकिन भाजपा सरकार बड़ी बडी वादे कर रहीं। शुक्ल ने अंत में कहा की भाजपा जनमत को लूट कर सत्ता हासिल कर रही है।

तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

संभल (बहजोई) जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल,क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पश्चिम बंगाल के इन बीचेज पर पार्टनर संग बिताएं रोमांटिक पल

पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

घूमने के शौकीन लोग अक्सर घूमने का प्लान बनाते हैं। वहीं कपल्स घूमने के लिए किसी ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकें। जब कपल्स रोमांटिक और सुकून भरा पल बिताने के लिए किसी जगह की तलाश करते हैं, तो उनकी लिस्ट में मनमोहक और खूबसूरत बीचेज भी शामिल रहता है। पश्चिम बंगाल देश का एक ऐसा राज्य है, जो शानदार और रोमांटिक बीचेज के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन रोमांटिक बीचेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन और सुकून के पल बिता सकते हैं।

दीघा बीच

पश्चिम बंगाल में स्थित सबसे रोमांटिक और खूबसूरत बीच घूमने के लिए कई कपल्स सबसे पहले दीघा बीच पहुंचते हैं। यह बीच पूरे पश्चिम बंगाल का भी मुख्य आकर्षण का केंद्र माना जाता है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

यादगार होगा हर लम्हा

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में स्थित दीघा बीच अपनी कई चीजों के कारण रोमांटिक बन जाता है। यहां के बीचेज से सूर्योदय और सूर्यास्त के लुभावने दृश्यों के अलावा सुनहरी रेत के लिए भी फेमस है। दीघा बीच कैसुरीना के बागानों से भी घिरा है। इसलिए इस बीच को एक परफेक्ट रोमांटिक प्लेस माना जाता है।

ताजपुर बीच

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में स्थित ताजपुर बीच भी काफी फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। ताजपुर बीच अपनी खूबसूरती से कपल्स को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कई कपल्स सूर्योदय और सूर्योस्त के दृश्यों को देखते हुए हसीन पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर एक तरफ बंगाल की खाड़ी है, तो दूसरी ओर हरियाली है। यहां पर कपल्स वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

शंकरपुर बीच

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से करीब 176 किमी और दीघा से करीब 14 किमी दूर शंकरपुर बीच स्थित है। यह राज्य का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत बीचेज में से एक है। यह बीच भी राज्य के प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

शंकरपुर बीच में हर दिन दर्जन से ज्यादा पर्टयक को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर कपल्स भी घूमने के लिए पहुंचते हैं। वैलेंटाइन डे के मौके पर कई कपल्स हसीन शामें बिताने के लिए पहुंचते हैं। आप इस बीच से बंगाल की खाड़ी की हसीन लहरों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

उदयपुर बीच

पश्चिम बंगाल में उदयपुर बीच पर सबसे अधिक संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस बीच को पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने और खूबसूरत समुद्री तटों में से एक माना जाता है।

यह बीच सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही नहीं बल्कि ओडिशा के लिए भी आकर्षण का केंद्र माना जाता है। क्योंकि यह ओडिशा की सीमा से कुछ दूरी पर है। यहां पर दर्जनों की संख्या में कपल्स रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। उदयपुर बीच से सनसेट और सनराइज का दृश्य देखने लायक होता है।

इन जगहों पर घूमें

इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कई अन्य बीचेज घूम सकते हैं। यहां पर कई कपल्स पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। जैसे- पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित मंदारमणि बीच, बक्खाली बीच और डायमंड हार्बर बीच एक्सप्लोर कर सकते हैं।

गोवा घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें पांडवों की गुफा

सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं। गोवा में घूमने के लिए वैसे तो कई अच्छी जगहें हैं। कई लोगों को लगता है कि गोवा सिर्फ अपने खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। गोवा अपने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक आकर्षणों के लिए भी फेमस है। गोवा को बीच के नाम से इसलिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां के समुद्र तट काफी फेमस है। साथ ही यहां की नाइटलाइफ भी काफी ज्यादा फेमस है। अक्सर गोवा को बीच डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट किया जाता है। वहीं सोशल मीडिया, फिल्मों और ट्रैवल एजेंसियों के प्रचार में अधिकतर पार्टीज, बीच और वाटर स्पोर्ट्स को दिखाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा की अरवलम गुफाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

अरवलम गुफा

बताया जाता है कि अवरलम गुफा महाभारत में पांडवों के वनवास के दौरान रुकने का स्थान था। यही वजह है कि इस गुफा को पांडव गुफा भी कहा जाता है। इन गुफाओं की वास्तुकला हिंदू और बौद्ध प्रभाव से जुड़ी हुई लगेंगी। यह गुफा अवरलम झरने की तरफ जाने वाले रास्ते में पड़ती है। यह गोवा में घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

लोकेशन

गोवा के नॉर्थ गोवा में संकेलिम के पास स्थित है।

पणजी से यह गुफा करीब 29 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से कुछ दूरी पर अवरलम झरना और रुद्रेश्वर मंदिर भी है। आप यहां के नजारे भी देख सकते हैं।

ऐसे पहुंचे अरवलम गुफा

अगर आप थिविम रेलवे स्टेशन से आ रहे हैं, तो यह करीब 20 किमी की दूरी पर है। यहां पर पहुंचने में आपको करीब 30 मिनट का समय लग सकता है।

अरवलम गुफा से गोवा का नजदीकी डाबोलिम एयरपोर्ट से लगभग 45 किमी है।

आप गोवा में कही भी जाने के लिए कैब बुक कर सकते हैं। आपको मापसा या पणजी से कैब और बस मिल जाएगी।

आप चाहें तो बाइक रेंट पर लेकर घूम सकते हैं।

भारत में सतत पर्यटन बाजार के 216 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद

कोविड-19 महामारी के गंभीर प्रभावों और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत में संधारणीय पर्यटन ने उड़ान भरी है! यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 79% भारतीय यात्री संधारणीय पर्यटन को प्राथमिकता देते हैं; हालाँकि, वर्तमान में, इस अभ्यास को अपनाने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 2% है। तो, एक या दो दशक में संधारणीय पर्यटन बाजार का आकार क्यों बदल जाएगा?

वर्तमान में, भारत का संधारणीय पर्यटन बाजार 316.72 करोड़ (37 मिलियन) है, जिसके 1,848.96 करोड़ (216 मिलियन) की अकल्पनीय दर तक बढ़ने का अनुमान है। 2023 के लिए छोटे वैश्विक अनुमानों, 2.73 ट्रिलियन से 11.4 ट्रिलियन की अनुमानित वृद्धि को देखते हुए, भारतीय पर्यटन बाजार के आंकड़े भविष्य के आंकड़ों के विपरीत हैं। भारत में संधारणीय पर्यटन का महत्व चर्चा के केंद्र में है, क्योंकि भले ही यह वर्तमान में बहुत छोटा है, लेकिन सन् 2034 तक सतत पर्यटन का भविष्य उज्ज्वल होगा। 2025 में Agoda द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, 82% भारतीयों ने भविष्य में भारत में संधारणीय पर्यटन को चुनने के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

भारत वर्तमान में सतत पर्यटन प्रथाओं को अपनाने में पाँचवें स्थान पर है। तो फिर इंतजार क्यों करें? आप अभी शुरू कर सकते हैं! अपने हरे-भरे सफर के लिए डोमेस्टिक और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट टिकट बुकिंग सबसे अच्छे दामों पर बुक करें।

यात्री पर्यावरण पूरक मार्ग क्यों चुन रहे हैं?

संधारणीय पर्यटन का अर्थ है, एक ऐसी यात्रा जो प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक वातावरण पर न्यूनतम नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह पर्यटन के आर्थिक और सामुदायिक-निर्माण लाभों को बनाए रखता है। भारत विविध संस्कृतियों, अनुपम प्राकृतिक स्थलों और किफायती पर्यटन स्थलों का एक शक्तिशाली केंद्र है, इस कारण यहाँ सतत पर्यटन की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।कुछ कारण जिनकी वजह से पर्यटक अब हरित विकल्प चुन रहे हैं, वे हैं-

24% लोग अपने मूल्यों और नैतिकता से प्रभावित हैं।

21% लोग लग्जरी की बजाय असली और सच्चे अनुभव पसंद करते हैं।

21% लोग पीक सीजन की भीड़ से बचने के लिए ऑफ-रोड गंतव्यों की यात्रा करना पसंद करते हैं।16% लोग पर्यावरण के अनुकूल यात्रा की आदतों से प्रभावित हैं, क्योंकि वे पर्यावरण के अनुकूल ठहरने और सार्वजनिक परिवहन या साइकिल से यात्रा करना पसंद करते हैं।

इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय पर्यटन मंत्रालय ने भारत में सतत पर्यटन व्यवसाय का विस्तार करने के लिए एक नई ट्रैवल ऑफ लाइफ योजना शुरू की है। आप सभी संधारणीय प्रथाओं का पालन करने वाले पर्यावरण के अनुकूल ठहरने के लिए ऑनलाइन सर्वश्रेष्ठ होटल बुकिंग डील्स पा सकते हैं!

भारतीय गंतव्यों में टिकाऊ पर्यटन

भारत में संधारणीय पर्यटन की शुरुआत आपसे होती है, इसलिए इस 2025 में, ऐसे अविश्वसनीय स्थलों पर जाएँ जो कम बजट में संधारणीयता की बात करते हैं! कुछ शीर्ष संधारणीय पर्यटन स्थलों में शामिल हैं-

सिक्किम

100% जैविक राज्य, जो हिमालय पर्वत के बेजोड़ दृश्य, समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों की पेशकश करता है। सिक्किम की मनमोहक घाटियों में ट्रैकिंग करना एक ज़रूरी काम है। यहाँ प्लास्टिक की बोतलों पर प्रतिबंध है।

माजुली द्वीप, असम

दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप, माजुली द्वीप, प्रदूषण से रहित है और यहाँ प्लास्टिक की भी चिंता नहीं है।

तेनमाला, केरल

भारत का पहला इको-टूरिस्ट सेंटर, थेनमाला तिरुवनंतपुरम से 70 किलोमीटर की दूरी पर है, जहाँ स्थानीय लोग अपनी आजीविका चलाने के लिए रोज़ाना शहद और रबर का उत्पादन करते हैं।

मावलिननॉन्ग, मेघालय

एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव भारत में एक ऐसा टिकाऊ पर्यटन स्थल है जहाँ प्लास्टिक और धूम्रपान प्रतिबंधित है।

कुर्ग, कर्नाटक

पश्चिमी घाट में छिपा हुआ, कुर्ग, अपने सुगंधित कॉफी बागानों, हरे-भरे पहाड़ियों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है, जो टिकाऊ पर्यटन का शिखर है।

भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जहाँ स्थायी गंतव्य हैं। आप क्योटो, भूटान, फिलीपींस, ताइवान और अन्य जगहों की यात्रा करने के लिए सभी समावेशी टूर पैकेजों और ऑनलाइन वीज़ा सेवाएँ 180 से ज़्यादा गंतव्यों के लिए भी प्राप्त कर सकते हैं।

स्पेन घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर देखें ये जगहें

अगर आप भी स्पेन में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको पारंपरिक फ्लेमेंको डांस, ला फेरेरिया, टोमाटीना, बुल रनिंग फेस्टिवल और म्यूजिक इवेंट आदि देखने जरूर जाना चाहिए। ऐसे में आज हम आपको स्पेन की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने वाले है।

यूरोप महाद्वीप के सबसे सुंदर देशों में स्पेन का नाम शामिल है। यह घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है। स्पेन के बर्सिलोना, मलागा और कैनरी आइलैंड्स जैसी जगहों पर लोग लंबे ट्रिप पर आते हैं। स्पेन अपने खूबसूरत समुद्री तटों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। अगर आप भी स्पेन में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको पारंपरिक फ्लेमेंको डांस, ला फेरेरिया, टोमाटीना, बुल रनिंग फेस्टिवल और म्यूजिक इवेंट आदि देखने जरूर जाना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको स्पेन की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने वाले है। जहां का नजारा देखने के बाद आपका भी इन जगहों पर जाने का मन हो जाएगा।

बर्सिलोना

अगर आप स्पेन गए हैं, तो आपको यहां के सबसे खास शहर बर्सिलोना जरूर घूमना चाहिए। यहां का शानदार आर्किटेक्चर, फुटबॉल, कला संस्कृति, नाइटलाइफ और सुंदर समुद्री तटों के लिए भी जाना जाता है। बर्सिलोना में लोग स्पेशल एंटोनी गौडी की वास्तुकला का नजारा देखने जाते है। यहां पर सग्रादा फमिलिया नामक चर्च देखकर खुद की आंखों पर भरोसा नहीं कर पाएंगे। यह डिजाइन काफी अद्भुत है। स्पेन में यह घूमने के लिए काफी अच्छी जगह है। यहां पर आप पार्क गुएल, ला रैंबला और कैंप नोउ देखने भी जा सकते हैं।

मैड्रिड

मैड्रिड स्पेन की राजधानी है और यह एक खास जगह है। मैड्रिड में आपको आधुनिकता और इतिहास का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। एक जहां पर पुरानी इमारतों का डिजाइन आपको आकर्षित करेगा, तो वहीं नई इमारतों से भी आप नजर नहीं हटा पाएंगे। मैड्रिड में आप सैंटियागो बर्नबू स्टेडियम देखने जरूर जाएं। भले ही आप फुटबॉल प्रेमी नहीं भी हैं, तो यहां जाना आपको पसंद आएगा। वहीं यूरोपियन आर्ट और इतिहास में भारतीय पर्यटकों को रुचि होती है, उनके लिए Prado Museum और Reina Sofia Museum के लिए भी अच्छा है। आप यहां पर रॉयल पैलेस ऑफ़ मैड्रिड, ग्रैन विया, सैंटियागो बर्नबू स्टेडियम और प्राडो म्यूज़ियम आदि घूम सकते हैं।

सेविल, स्पेन

आपको सेविल में स्पेनिश संस्कृति का असली रंग देखने को मिलेगा। आप यहां पर अल्काजार पैलेस और सेविल कैथेड्रल जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा मूरिश राजाओं द्वारा बनाए गए फेमस शाही महल भी देखने के लिए जा सकते हैं। सेविल कैथेड्रल और ला गिराल्डा टॉवर भी घूमने जा सकते हैं, यह दुनिया के सबसे बड़े गॉथिक चर्चों में से एक है।

अपने दोस्तों के साथ यास आइलैंड, अबू धाबी में जिंदगी को यास बोलें!

अपने रोज़मर्रा के जीवन को एक रोमांचक मोड़ दें और यास आइलैंड, अबू धाबी की ओर एक साहसिक सफ़र पर निकलें अपने सबसे अच्छे यारों को भी साथ ले जाएं, ताकि आप सभी को अपनी पसंदीदा बॉलीवुड फ़िल्म के मुख्य किरदार जैसा महसूस हो। यकीन मानिए, यास आइलैंड अबू धाबी की यह मज़ेदार यात्रा उतनी ही यादगार होगी जितनी कोई दिल को छू लेने वाली फ़िल्म इसकी गारंटी देता है वह पाँच-एपिसोड वाला विशेष श्रृंखला, जिसमें आपके चहेते द बॉयज़ नज़र आते हैं!

यास आइलैंड अट्रैक्शन्स की श्रृंखला

हर किसी को अपनी दोस्ती को और मज़बूत करने के लिए थोड़े उत्साह की ज़रूरत होती है– और यास आइलैंड अबू धाबी के आकर्षण ठीक वही करते हैं, जैसा कि जिंदगी को यास बोलो की कास्ट ने भी साबित कर दिया है! इस अनौपचारिक प्रीक्वल की पृष्ठभूमि में जो प्रमुख स्थल दिखाई देते हैं, उनमें यास मरीना सर्किट, सीवर्ल्ड यास आइलैंड, अबू धाबी, फेरारी वर्ल्ड अबू धाबी, वार्नर ब्रदर्स वर्ल्डइ अबू धाबी और भी बहुत कुछ- सभी थीम पार्क वातानुकूलित हैं, इसलिए यह सभी महीनों, मूड और मौसमों के लिए एकदम उपयुक्त है।

यास आइलैंड का थीम पार्क सिर्फ़ एक साधारण रोमांच स्थल नहीं है, बल्कि यह एक रोमांचकारी अनुभव प्रदान करता है विशेष रूप से वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी में, जहाँ अत्याधुनिक 29 आकर्षण मौजूद हैं। यहाँ आपको छह विशेष थीम पर आधारित क्षेत्र मिलेंगे– कार्टून जंक्शन की हास्य दुनिया से लेकर अंधकारमय गॉथम सिटी तक, जहाँ बैटमैन का राज चलता है! फरारी वर्ल्ड में स्थित फॉर्मूला रोसा दोस्ती की डोर को और भी मज़बूत करने का एक उत्तम स्थान है, जहाँ यह राइड 149 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती है। यास आइलैंड, अबू धाबी एक सुंदर समुद्रतट पर दृश्य परिवर्तन का भी

शानदार अवसर देता है– क्योंकि हर गहरी और सच्ची दोस्ती को एक भावनात्मक सूर्यास्त के समय समुद्र किनारे की बातचीत की ज़रूरत होती है। अगर आपको यात्रा के लिए प्रेरणा चाहिए तो ज़िन्दगी को यास बोल के एपिसोड देखें! 2025 में अपने दोस्तों के साथ एक सहज रोमांच के लिए यास आइलैंड होटल्स या बेस्ट होटल्स इन अबू धाबी और अबू धाबी की सस्ती फ्लाइट टिकटें प्राप्त करें! अपनी निजी दुबई टूर पैकेज को फ्रीज करें ताकि आपकी मज़ेदार छुट्टी में लग्ज़री का तड़का लग सके और यूएई की यात्रा और भी खास बन जाए। यास आइलैंड अबू धाबी में हर चुनौती का जवाब सिर्फ़ एक ही होता है हाँ, यास! ठीक वैसे ही जैसे हमारे तीन साथियों ने किया। तो बस सही समय पर पहुँचिए, यानी इस अवधि के बीच-

फरारी वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यास वाटरवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 6 बजे शाम तक।

वॉर्नर ब्रदर्स वर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 10 बजे रात तक।

सीवर्ल्ड, यास आइलैंड, अबू धाबी के लिए समयः 10 बजे सुबह से 8 बजे शाम तक।

यह समय बदल सकते हैं, कृपया अपनी यात्रा से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी चेक करें। वेबसाइट के माध्यम से खरीद के लिए उपलब्ध मल्टी-थीम पार्क पैकेजों के साथ यास द्वीप के हर कोने का अन्वेषण करें। महिलाओं, अपनी सबसे अच्छी दोस्त को साथ लीजिए और 25 अप्रैल 2025 को यास आइलैंड, अबू धाबी में होने वाली महिलाओं के लिए विशेष रोमांचों का आनंद लें, जो 1 बजे दोपहर से 10 बजे रात तक आयोजित होंगे! इस दिन, यास आइलैंड टूरिज़्म पार्क इन घंटों के दौरान केवल महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा।

यास आइलैंड पैकेजेस

तो, अपने जीवन के सबसे बड़े रोमांच को यास कहें, जहां यादें बनाना इतना आसान है, जैसे तीनों दोस्तों का मिलना! अक्बरट्रवेल्स.कॉम के ज़रिए यास आइलैंड हॉलिडे पैकेजेस के लिए सभी-समावेशी बेहतरीन ऑफ़र बुक करने से आपको आइलैंड तक की एक साधारण सवारी से कहीं ज़्यादा कुछ मिल सकता है, जिसमें अबू धाबी में रोमांच, बेहतरीन ठहरने की जगहें आदि शामिल हैं! उनके पास न केवल शानदार डील्स हैं जो आपको कहीं और नहीं मिलेंगी बल्कि आपके ट्रिप बुकिंग को बिना किसी परेशानी के सुनिश्चित करने के लिए 45+ सालों का अनुभव भी है! यास आइलैंड अबू धाबी में कुछ रोमांचक थीम वाले आगामी

कार्यक्रम भी हैं, जिनमें मम्मा मिया संगीत कार्यक्रम, अबू धाबी कॉमेडी सीज़न के दौरान हास्य कलाकारों की एक वैश्विक लाइनअप, यूएफसी फाइट नाइट और बहुत कुछ शामिल हैं। अकबर ट्रावेल्स- 45 साल से अधिक समय से हम आपके लिए यात्राएँ यादगार बना रहे हैं।

खास पलों को संवारने का काम अकबर ट्रैवल्स को सौंप दें, जो 1978 से यात्रा के क्षेत्र में छाई हुई है, यह सबसे पुरानी और सबसे भरोसेमंद कंपनियों में से एक है!

कोणार्क की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति पर्यटकों को करती है आकर्षित

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेव ढ्ढ द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। कोणार्क, ओडिशा राज्य का एक प्रमुख शहर है, जो अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यह शहर खासकर अपने प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए जाना जाता है, जो यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। कोणार्क न केवल अपने मंदिरों और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है।

कोणार्क सूर्य मंदिर- स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण

कोणार्क का प्रमुख आकर्षण है कोणार्क सूर्य मंदिर। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है और 13वीं शताब्दी में राजा नरसिंहदेवढ्ढ द्वारा बनवाया गया था। यह मंदिर अपनी विशाल और अद्भुत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर की संरचना एक विशाल रथ (रथ का रूप) की तरह बनाई गई है, जो सूर्य देवता की यात्रा को दर्शाता है। इसके चार पहिये और घोड़े की मूर्तियाँ अत्यधिक बारीकी से बनायी गई हैं।

कोणार्क सूर्य मंदिर के दीवारों पर उकेरी गई चित्रकला और शिल्पकला भारतीय स्थापत्य का एक अद्वितीय उदाहरण है। यहाँ की मूर्तियाँ और नक्काशी दर्शाती हैं कि उस समय के शिल्पकारों ने कितना उच्च स्तर का कला कौशल हासिल किया था। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय शिल्पकला और वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

कोणार्क बीच

कोणार्क का एक और प्रमुख आकर्षण है यहाँ का सुंदर समुद्र तट, जिसे कोणार्क बीच कहा जाता है। यह समुद्र तट अपनी शांत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।

पर्यटक यहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। यह समुद्र तट उन लोगों के लिए आदर्श है जो समुद्र के नजदीक शांति और सुकून की तलाश करते हैं। साथ ही, यहाँ विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भी आनंद लिया जा सकता है, जैसे कि स्विमिंग, बोटिंग और वाटर स्पोर्ट्स।

कोणार्क की ऐतिहासिक धरोहर

कोणार्क में केवल सूर्य मंदिर ही नहीं, बल्कि अन्य ऐतिहासिक स्थल भी हैं जो इस क्षेत्र के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाते हैं। कोणार्क म्यूजियम में पर्यटक इस क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ की पुरानी मूर्तियाँ, शिल्पकला और अन्य पुरातात्त्विक वस्तुएं इस क्षेत्र की समृद्ध धरोहर को उजागर करती हैं।

कोणार्क महोत्सव

कोणार्क नृत्य महोत्सव हर साल दिसंबर महीने में आयोजित किया जाता है। इस महोत्सव में ओडिशा के पारंपरिक नृत्य रूपों, जैसे कि ओडिसी नृत्य, के शानदार प्रदर्शन होते हैं। यह महोत्सव कोणार्क सूर्य मंदिर के पास खुले आकाश के नीचे आयोजित होता है, जहाँ पर्यटक और कलाकार एक साथ ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मनाते हैं। यह महोत्सव कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अनुभव होता है।

नजदीकी पर्यटक स्थल

कोणार्क के आसपास कई अन्य दर्शनीय स्थल भी हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चिलिका झील जो एशिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील है, केवल 30 किलोमीटर दूर स्थित है। यह झील अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पक्षी अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ आप बोटिंग का आनंद ले सकते हैं और पक्षियों को देख सकते हैं। इसके अलावा, पुरी और भुवनेश्वर जैसे अन्य पर्यटन स्थल भी कोणार्क के पास स्थित हैं, जो धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय

कोणार्क यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहाँ का तापमान बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में असुविधा हो सकती है। कोणार्क एक अद्भुत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है, जो अपनी प्राचीन वास्तुकला, सूर्य मंदिर और समुद्र तट के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर पर्यटकों को आकर्षित करती है। अगर आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला के प्रति रुचि रखते हैं, तो कोणार्क एक अवश्य देखे जाने योग्य स्थान है। यह जगह हर साल लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

पाकिस्तान तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास का

भविष्य

पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है।

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना जारी रखता है, तो उसे तय करना होगा कि वह भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहता है या इतिहास का। सेना प्रमुख ने यह बयान बयान ऐसे समय में सामने आया जब देश ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा हैं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही। उनसे सवाल पूछा गया था कि अगर पिछले साल के ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियां दोबारा बनती हैं, तो भारतीय सेना की प्रतिक्रिया क्या होगी। इसके जवाब में उन्होंने पाकिस्तान को यह सीधा और कड़ा संदेश दिया। सेना प्रमुख ने सीधे तौर पर कहा, अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ काम करना जारी रखता है, तो उन्हें यह तय करना होगा कि वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता हैं या इतिहास का। यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश और भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहा हैं। जनरल द्विवेदी की यह संक्षिप्त टिप्पणी पाकिस्तान के लिए एक बड़ी चेतावनी है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को एक बार फिर दोहराया है। बाद दें कि, पिछले साल सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत हुई थी। यह ऑपरेशन पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के जवाब में शुरू हुआ था। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (क्क्ष्च) में मौजूद आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे।

पेट्रोल-डीजल महंगा होने से भड़के गिग वर्कर्स

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने के बाद गिग वर्कर्स देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डिलीवरी करने वाले कामगार 20 रुपये प्रति किलोमीटर भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही आज दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक देशभर में एप सेवाओं को बंद करने की अपील की है।

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर अब गिग और एप आधारित वर्कर्स में असंतोष तेज हो गया है। गिग और प्लेटफॉर्म सेवा श्रमिक संघ (जीआईपीएसडब्ल्यूयू) ने सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

यूनियन ने मांग उठाई है कि डिलीवरी और ट्रांसपोर्ट से जुड़े एप वर्कर्स को न्यूनतम 20 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाए। इसके अलावा आज दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक देशभर में एप सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद रखने की अपील की गई है। संघ का कहना है कि 15 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में करीब 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि ने लाखों गिग वर्कर्स की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यूनियन के मुताबिक करीब चार वर्षों बाद ईंधन की कीमतों में यह पहली बड़ी राष्ट्रीय स्तर की बढ़ोतरी है।

जीआईपीएसडब्ल्यूयू के अनुसार देशभर में लगभग 1.2 करोड़ गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स इस फैसले से प्रभावित होंगे। इनमें फूड डिलीवरी, कैब सेवा, लॉजिस्टिक्स और अन्य एप आधारित सेवाओं से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं।

यूनियन ने ईंधन कीमतों में उछाल के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी तनाव को जिम्मेदार ठहराया है। संगठन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के साथ पहले से बढ़ी एलपीजी कीमतों ने भी कामगारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भुगतान व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में गिग वर्कर्स इस सेक्टर को छोड़ने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

30 मई से फिर भूख हड़ताल की चेतावनी, मनोज जरांगे ने मराठा आरक्षण पर सरकार को दिया अल्टीमेटम

मुंबई। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने 30 मई से फिर भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सरकार को 29 मई तक कुनबी प्रमाण पत्र बांटने का समय दिया है। जरांगे ने आरक्षण उप-समिति भंग करने और सारथी की छात्रवृत्ति जारी करने जैसी कई मांगें रखी हैं।

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को एक बार फिर बड़े आंदोलन का एलान किया है। उन्होंने अपनी अधूरी मांगों को लेकर 30 मई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने की बात कही है। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को मराठवाड़ा में कुनबी जाति प्रमाण पत्र बांटने के लिए 29 मई तक का समय दिया है।

जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में पत्रकारों से बात करते हुए जरांगे ने कई मांगें रखीं। उन्होंने मराठा आरक्षण उप-समिति को तुरंत भंग करने की मांग की। उनका दावा है कि इस समिति ने समाज के लिए कोई काम नहीं किया है। इसके साथ ही उन्होंने मराठा और कुनबी समुदायों के लिए एक अलग मंत्रालय बनाने पर भी जोर दिया।

जरांगे ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मराठाओं को कुनबी प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया पूरी तरह रोक दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस काम को रुकवाया है। जरांगे के अनुसार, पहले हैदराबाद गजट के आधार पर कुछ प्रमाण पत्र मिल रहे थे। लेकिन अब अधिकारी कह रहे हैं कि सरकार ने उन्हें प्रमाण पत्र जारी न करने का निर्देश दिया है।उन्होंने सरकार से सतारा, औंध और अन्य गजट को तुरंत लागू करने की मांग की। जरांगे ने कहा कि सतारा गजट की घोषणा हुए आठ महीने हो गए हैं, लेकिन इसे अब तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि पहले जारी किए गए प्रमाण पत्रों को मान्यता दी जाए। साथ ही पिछले आंदोलनों के दौरान प्रदर्शनकारियों पर दर्ज पुलिस केस भी वापस लिए जाएं।

जरांगे ने 28 मई को अंतरवाली सराटी में समाज के विशेषज्ञों और विद्वानों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में सरकार की उस नई नीति पर चर्चा होगी, जो आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ओपन कैटेगरी की सीटों पर दावा करने से रोकती है। जरांगे ने कहा कि सरकार ने यह फैसला तब लिया है जब ओबीसी वर्ग उनकी सीटें ले चुका है। इसके अलावा उन्होंने सारथी संस्था के छात्रों की छात्रवृत्ति का मुद्दा भी उठाया।

सीआरपीएफ द्वारा वाहनों की तेल खपत में 10 फीसदी की कटौती

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ईंधन की बचत करने की अपील की थी। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले अपने काफिले में पचास फीसदी से ज्यादा वाहन कम कर दिए। दूसरे केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों एवं मंत्रियों ने भी पीएम का अनुसरण करना प्रारंभ कर दिया। विदेश यात्राओं पर भी रोक लग गई। अब इस मुहिम में केंद्रीय अर्धसैनिक बल क्यों पीछे रहें, वहां पर भी कई तरह के प्रतिबंध देखने को मिल रहे हैं।

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ द्वारा अपने वाहनों की तेल खपत में 10 फीसदी की कटौती करने की बात कही गई है। इसके बाद आईटीबीपी ने एक आदेश जारी कर फोर्स में सभी तरह के विदेश भ्रमण पर रोक लगा दी है। आईटीबीपी महानिदेशालय में महानिरीक्षक (प्रशासन) द्वारा शुक्रवार को बल की समस्त यूनिटों को निर्देश दिया गया है कि अगले आदेश तक किसी भी पदाधिकारी को पर्यटन के लिए विदेश भ्रमण की अनुमति न दी जाए। विदेशी दौरे के लिए अवकाश को मंजूरी न दें। यह निर्देश आईटीबीपी के महानिदेशालय, महानिरीक्षक, सीमान्त/जोनल मुख्यालय और अकादमी सभी के लिए लागू होगा। आईटीबीपी के महानिरीक्षक/निदेशक (चिकित्सा), आंतरिक वित्तीय सलाहकार और बल की सभी शाखाएं, उक्त निर्देश का पालन करेंगी। ट्रेनिंग सेंटर भी इस निर्देश के दायरे में आएंगे।

सीआरपीएफ महानिदेशालय ने गुरुवार को जारी एक आदेश में सभी यूनिटों पर वाहनों की तेल खपत में दस फीसदी की कटौती करने की बात कही है। सीआरपीएफ में प्रशासनिक ड्यूटी और स्थिर लोकेशन यानी स्टैटिक लोकेशन पर वाहनों की संख्या में कटौती करने का आदेश जारी किया गया है। सीआरपीएफ के सभी कार्यालयों, इंस्टीट्यूट, ट्रेनिंग सेंटर और दूसरी लोकेशन पर जितने भी वाहन हैं, उनकी तेल खपत को दस फीसदी तक कम कर दिया जाए।

सीआरपीएफ में यह टारगेट मासिक तेल खपत के हिसाब से तय होगा। यानी फोर्स में हर माह औसतन जितने तेल की खपत होती है, उसमें दस प्रतिशत की कटौती की जाए। सीआरपीएफ के महानिदेशालय की तरफ से यह भी कहा गया है कि जो वाहन ऑपरेशनल ड्यूटी में लगे हैं, वहां पर विवेकपूर्ण ढंग से सेफ्टी/सिक्योरिटी से समझौता किए बिना, गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाए।

ओडिया सिनेमा को मिलेगी नई पहचान

नई दिल्ली। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओडिया सिनेमा के पुनरुद्धार के लिए नई फिल्म नीति और फिल्म प्रशिक्षण संस्थान की घोषणा की है। उन्होंने फिल्म निर्माताओं से ओडिया संस्कृति और भगवान जगन्नाथ पर आधारित फिल्में बनाने का आग्रह किया। सरकार फिल्म पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को भी बढ़ावा देगी।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओडिया सिनेमा उद्योग को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एक विशेष ओडिया फिल्म नीति लागू करेगी। इसके साथ ही फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कौशल विकास के लिए एक फिल्म प्रशिक्षण संस्थान भी स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ओडिया सिनेमा पर आयोजित एक विशेष सेमिनार में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माताओं को ओडिया संस्कृति से जुड़े विषयों पर फिल्में बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ और उनसे जुड़ी संस्कृति, कलिंग का समुद्री इतिहास और आदिवासी संस्कृति जैसे विषयों पर काम होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने चक्रवात और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों के संघर्ष और ग्रामीण ओडिशा के सुख-दुख को भी फिल्मों में दिखाने पर जोर दिया। माझी ने सिनेमा जगत की हस्तियों और कलाकारों के साथ ओडिया फिल्मों के वर्तमान और भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह किसी राष्ट्र की यादों, संस्कृति और आत्मा का सच्चा प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ओडिया फिल्में कहीं से कॉपी की हुई नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनकी अपनी एक अलग आवाज और पहचान होनी चाहिए।

सेमिनार में फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। इसके तहत चिलिका, कोणार्क और कोरापुट जैसे सुंदर स्थानों को शूटिंग के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में प्रचारित किया जाएगा। स्थानीय प्रतिभाओं को दुनिया के सामने लाने के लिए ओडिशा में एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिया जीवन और परंपराओं पर आधारित फिल्में दर्शकों को जरूर आकर्षित करेंगी।

मुख्यमंत्री माझी ने पिछली बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने 24 साल के शासन में फिल्म उद्योग के लिए कोई योगदान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब ओडिया अस्मिता की सरकार बनी है, जो राज्य की संस्कृति और गौरव को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि फिल्मों के विकास में धन की कमी कभी बाधा नहीं बनेगी और जल्द ही राज्य में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा।

ओडिया भाषा, साहित्य और संस्कृति मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा कि 2036 में ओडिशा के स्थापना के शताब्दी वर्ष में फिल्म उद्योग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। इस चर्चा में विधायक और अभिनेता आकाश दास नायक, सिद्धांत महापात्र और कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

देश के 15 राज्यों में बारिश और तूफान का अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

नई दिल्ली। एक तरफ देश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ आंधी-तूफान ने तबाही मचाई हुई है। अब मौसम विभाग ने भी से देश के कई राज्यों में आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग ने आम लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब सहित 15 राज्यों में भारी बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों को इस दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि देश के कई हिस्सों में 16 मई को मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल सकता है। कई इलाकों में 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

क्रूज जहाज के छह यात्री ऑस्ट्रेलिया में तीन सप्ताह के लिए क्वारंटीन

ऑस्ट्रेलिया। हंतावायरस का प्रकोप बढ़ने की आशंका के बीच क्रूज जहाज के छह यात्रियों को ऑस्ट्रेलिया में तीन सप्ताह के लिए क्वारंटीन किया गया है। इन्हें डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक अलग-अलग रहना होगा। संक्रमण फैलने की आशंका के कारण इन लोगों को किसी से मिलने या सार्वजनिक कार्यक्रम में आने की अनुमति नहीं होगी। जानिए पूरा मामला

हंतावायरस की मार झेल रहे एक क्रूज जहाज के छह यात्रियों को क्वारंटीन करने का फैसला लिया गया है। शुक्रवार को इन्हें ऑस्ट्रेलिया पहुंचा दिया गया। कम से कम तीन सप्ताह के लिए क्वारंटीन में रखे जाने वाले इन संक्रमितों को किसी से मिलने की अनुमति नहीं होगी। जिस क्रूज जहाज पर हंता वायरस के मामले रिपोर्ट किए गए हैं, इसकी पहचान एमवी होंडियस के रूप में की गई है। हंतावायरस के कारण क्वारंटीन किए गए यात्रियों को नीदरलैंड से एक गल्फस्ट्रीम बिजनेस जेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया लाया गया। विमान पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ के बाहर आरएएएफ बेस पियर्स पर उतरा। यात्रियों, चालक दल और एक डॉक्टर को बस से बुल्सब्रुक क्वारंटीन सुविधा ले जाया गया। ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने कहा कि सरकार दुनिया की सबसे मजबूत क्वारंटीन प्रतिक्रियाओं में से एक लागू करेगी। उन्होंने बताया कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में लौटने वाले यात्रियों को कुछ दिनों के लिए क्वारंटीन में रखा जाएगा।

गौरतलब है कि हंतावायरस से जुड़े खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया ने वायरस के किसी भी प्रसार के जोखिम को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। पांच ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के एक नागरिक को तीन सप्ताह तक क्वारंटीन सेंटर में रखा जाएगा। इस केंद्र का निर्माण साल 2022 में कोविड-19 महामारी के दौरान किया गया था। हंतावायरस से बचाव के लिए किस तरह के एहतियात बरते जाने हैं? इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि संक्रमण की पुष्टि होने के बाद 42 दिनों की अवधि सबसे अधिक संवेदनशील है। शेष अवधि के लिए क्या सावधानियां बरतनी हैं, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है।

जिन छह यात्रियों को ऑस्ट्रेलिया में क्वारंटीन किया गया है, इनकी शुरुआती जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी। नीदरलैंड से निकलने से पहले वायरस के संक्रमण की जांच के नतीजे नकारात्मक आए थे। उड़ान के दौरान ही डॉक्टर ने उनका आकलन किया था। अमेरिका में स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देश पर दो यात्रियों को ओमाहा के राष्ट्रीय क्वारंटीन केंद्र में भेजा गया है।

अमेरिका के नेब्रास्का में मेडिसिन विभाग की प्रवक्ता कायला थॉमस ने बताया कि ओमाहा लाए गए यात्रियों को चिकित्सकीय रूप से यात्रा की मंजूरी मिल गई थी।

थाईलैंड में भीषण हादसा, मालगाड़ी ने क्रॉसिंग पर बस को मारी टक्कर; आठ की मौत

बैंकॉक। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की कतार में खड़ी एक सार्वजनिक बस को मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं।

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में शनिवार को एक भीषण हादसा हो गया। बैंकॉक में रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी ने एक सार्वजनिक बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई। थाई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्घटना दोपहर बाद मध्य क्षेत्र में एक हवाई अड्डे के रेल लिंक स्टेशन के पास हुई।

शहर की आपातकालीन सेवाओं के एरावन मेडिकल सेंटर ने बताया कि कम से कम आठ लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हुए। दुर्घटना के वक्त का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

ड्रोन भविष्य के युद्ध की दिशा तय करेंगे, समय के साथ चलना जरूरी

वॉशिंगटन। ड्रोन्स अब युद्ध को तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिकी सेना ने भी संसद को ये जानकारी दी है और कहा है कि अगर उन्होंने तेजी से इस तरफ ध्यान नहीं दिया तो पिछड़ने का खतरा है। आइए जानते हैं कि अमेरिकी सेना ने संसद में क्या क्या कहा?

अमेरिकी सेना ने देश के सांसदों को को बताया है कि ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिना इंसानी नियंत्रण वाले सिस्टम आधुनिक युद्ध का तरीका तेजी से बदल रहे हैं। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से यह साफ हो गया है कि आने वाले समय में लड़ाइयों में सस्ते, बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जा सकने वाले और मानव रहित हथियारों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। अमेरिकी कांग्रेस की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सामने पेश हुए अमेरिकी सेना के सचिव डैनियल ड्रिस्कॉल ने कहा कि युद्ध का स्वरूप बहुत तेज गति से बदल रहा है और जो सेनाएं खुद को समय के हिसाब से नहीं बदलेंगी, वे पीछे छूट जाएंगी।

ड्रिस्कॉल ने कहा, ड्रोन इंसानों के बीच युद्ध करने के तरीके को पूरी तरह बदल रहे हैं। इतिहास में इतनी तेजी से बदलाव पहले कभी नहीं देखा गया। ये सस्ते होते हैं, जरूरत के हिसाब से बदले जा सकते हैं, बेहद सटीक होते हैं और कई तरह के काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अब तेजी से ऐसे सिस्टम विकसित कर रही है जिनमें एआई, ऑटोमेटेड तकनीक और आधुनिक कमांड सिस्टम शामिल हों। खासतौर पर अमेरिका भविष्य में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संभावित संघर्षों को ध्यान में रखकर तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी सेना के 2027 के बजट पर संसद में तीखी सुनवाई हुई। इसी दौरान अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी संसद को दी। इस दौरान दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने भी यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए माना कि सस्ते ड्रोन अब निगरानी, दुश्मन को निशाना बनाने और बड़े हमलों में बेहद अहम भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी सेना के जनरल क्रिस्टोफर लानेव ने कहा कि सेना यूक्रेन और मध्य पूर्व के युद्धों से मिले अनुभवों के आधार पर अपनी ट्रेनिंग और युद्ध रणनीति तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन और ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम से बहुत कुछ सीख रहे हैं। इन अनुभवों को अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से सेना की ट्रेनिंग और रणनीति में शामिल किया जा रहा है।

अमेरिकी सेना ने ऑपरेशन जेलब्रेक नाम से एक बड़ा प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। यह फोर्ट कार्सन में चल रहा है। यहां रक्षा कंपनियां और सेना के इंजीनियर मिलकर ऐसी सॉफ्टवेयर बाधाओं को हटाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनकी वजह से अलग-अलग सैन्य सिस्टम आपस में युद्ध संबंधी जानकारी आसानी से साझा नहीं कर पाते। ड्रिस्कॉल ने कहा कि अमेरिका के कई सैन्य सिस्टम अभी भी अलग-अलग बंद ढांचे की तरह काम करते हैं, जिससे जरूरी जानकारी तुरंत साझा करने में दिक्कत होती है। उन्होंने कहा, जो भी सिस्टम कोई जानकारी तैयार करे, वह जानकारी अमेरिकी सेना तक कहीं भी तुरंत पहुंचनी चाहिए।

मुकदमे में दस्तावेज छिपा रही टेस्ला? कोर्ट ने दी 31 जुलाई तक की मोहलत

नई दिल्ली। शुक्रवार को टेस्ला के खिलाफ चल रहे एक ऑस्ट्रेलियाई क्लास एक्शन मुकदमे की सुनवाई कर रहे एक जज ने सवाल उठाया कि क्या एलन मस्क के नेतृत्व वाली यह वाहन निर्माता कंपनी जांच प्रक्रिया को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कंपनी ने सहयोग नहीं किया, तो उसे बहुत बुरे दौर का सामना करना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ला के खिलाफ चल रहे एक सामूहिक मुकदमे (क्लास एक्शन लॉसूट) की सुनवाई के दौरान फेडरल कोर्ट के जज ने एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी के रवैये पर कड़े सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को हुई सुनवाई में जज ने इस बात पर संदेह जताया कि क्या अमेरिकी कार निर्माता कंपनी कानूनी दस्तावेजों को पेश करने की प्रक्रिया को गंभीरता से ले रही है।

ट्रंप की नाराजगी का दिखने लगा असर, अमेरिका ने जर्मनी के साथ पोलैंड में भी अमेरिकी सैनिकों की तैनाती रोकी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर पेंटागन ने पोलैंड और जर्मनी में सैनिकों की नई तैनाती रोक दी है। ईरान युद्ध पर सहयोगियों से मतभेद के कारण यह फैसला लिया गया है। हालांकि, पोलैंड ने इसे सुरक्षा के लिए खतरा नहीं माना है।

अमेरिका ने यूरोप में अपने सैनिकों की संख्या कम करने का बड़ा फैसला लिया है। पेंटागन ने पोलैंड और जर्मनी जाने वाले हजारों सैनिकों की तैनाती रद्द कर दी है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश के बाद उठाया गया है, जिसमें उन्होंने यूरोप से करीब 5,000 सैनिक कम करने को कहा था। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, वह पोलैंड और जर्मनी में होने वाली नई तैनाती को रद्द करके ऐसा कर रहा है, न कि वहां पहले से तैनात सैनिकों को वापस बुला रहे है।

अमेरिकी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सेना की पहली कैवेलरी डिवीजन की दूसरी आर्मर्ड ब्रिगेड के 4,000 सैनिकों को इस हफ्ते पोलैंड जाना था, लेकिन अब उनकी रवानगी रोक दी गई है। इसके अलावा, लंबी दूरी के रॉकेट और मिसाइल दागने वाली एक विशेष बटालियन की जर्मनी में होने वाली तैनाती भी रद्द कर दी गई है। यह बटालियन टेक्सास के फोर्ट हुड में स्थित है।

अधिकारियों के मुताबिक, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने एक आधिकारिक मेमो पर हस्ताक्षर करके सैन्य नेतृत्व को यूरोप से एक ब्रिगेड हटाने का निर्देश दिया था। ट्रंप प्रशासन ने पहले केवल जर्मनी से सैनिक हटाने की बात कही थी, जिससे वॉरसॉ और वॉशिंगटन में सवाल उठने लगे थे। इस फैसले के पीछे ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका और उसके पुराने सहयोगियों के बीच बढ़ता तनाव बताया जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो देशों की इस बात के लिए आलोचना की है कि वे ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का पर्याप्त साथ नहीं दे रहे हैं। बता दे कि, हाल ही में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व अमेरिका को अपमानित कर रहा है। उन्होंने युद्ध को लेकर वाशिंगटन की रणनीति की भी आलोचना की थी। इसके बाद ही ट्रंप और पेंटागन ने जर्मनी से कम से कम 5,000 सैनिक कम करने की बात कही थी।

हालांकि, इस फैसले को लेकर सेना के भीतर भी कुछ भ्रम की स्थिति दिखी। यूरोप में तैनात कुछ अधिकारियों को यह स्पष्ट नहीं था कि पोलैंड की तैनाती रोकना पहले से घोषित कटौती का हिस्सा है या नहीं। दूसरी ओर, पोलैंड के अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला सीधे तौर पर पोलैंड के खिलाफ नहीं है।

इस्राइल-लेबनान के बीच 45 दिन तक बढ़ा युद्धविराम

वॉशिंगटन स्राइल और लेबनान ने अमेरिका के वाशिंगटन में हुई सफल बातचीत के बाद अपने युद्धविराम (सीजफायर) को 45 दिनों के लिए बढ़ाने का बड़ा फैसला किया है। यह युद्धविराम रविवार को खत्म होने वाला था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि 2 और 3 जून को आगे की बातचीत होगी।पश्चिम एशिया में शांति कायम रखने की दिशा में एक राहत देने वाली खबर आई है। इस्राइल और लेबनान ने अपने बीच चल रहे भारी तनाव और संघर्ष को रोकने के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। दोनों देशों ने अपने युद्धविराम (सीजफायर) को अगले 45 दिनों तक और बढ़ाने पर पूरी सहमति दे दी है। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में हुई एक बेहद अहम बैठक के बाद यह बड़ा कदम उठाया गया है। वाशिंगटन में इस्राइल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच लगातार दो दिनों तक गंभीर बातचीत चल रही थी। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, यह बातचीत बहुत ही लाभदायक और सफल रही। इसी बातचीत के बाद शुक्रवार को यह तय हुआ कि रविवार को खत्म होने वाले युद्धविराम को अब 45 दिनों के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। लेबनान के उग्रवादी गुट हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच चल रहा यह युद्धविराम अभी बहुत कमजोर स्थिति में था, जिसके टूटने का भारी डर बना हुआ था। अब इस नए फैसले से दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने और आगे की चर्चा करने का पर्याप्त समय मिल गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर इस बड़े फैसले की आधिकारिक जानकारी दुनिया को दी है। उन्होंने बताया कि वाशिंगटन में दो दिनों तक चली बातचीत बहुत ही सकारात्मक और सही दिशा में रही, जिसका सीधा नतीजा यह 45 दिनों का युद्धविराम है। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि रविवार को पुराने युद्धविराम की मियाद पूरी होने वाली थी और युद्ध फिर से भड़क सकता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस 45 दिन के युद्धविराम को कोई अंतिम फैसला नहीं माना जा रहा है, बल्कि यह एक नई शुरुआत है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों देशों के बीच बातचीत का सिलसिला यहीं नहीं रुकेगा। इस शांति समझौते को और अधिक मजबूत करने के लिए आने वाली 2 और 3 जून को बातचीत का एक और नया दौर शुरू होगा।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। डीएम सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में तहसील सदर में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रेक्षागृह में बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, वन, उद्योग, सहकारिता, श्रम, स्वरोजगार, खाद्य एवं रसद, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे जहां उन्हें विभागीय योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति एवं नामांकन संबंधी जानकारी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जनजागरूकता, समाज कल्याण

- अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश
- जनसुनवाई, आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ब्रेल लिपि सहित दिव्यांगजन योजनाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण एवं महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा किसानों को उन्नत खेती, बीज, उर्वरक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना से संबंधित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया, जबकि सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को सहकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन एवं मत्स्य विभाग द्वारा पशुपालन एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। श्रम विभाग

द्वारा श्रमिकों को श्रम कल्याण योजनाओं तथा पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई।

स्टॉल पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। कई पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने हेतु आवेदन भी लिए गए। उद्योग विभाग के स्टाल पर 04 आवेदन पत्र सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत पंजीकृत किया गया। स्टॉल के अवलोकन के दौरान डीएम द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों को पौधा भी प्रदान किया गया। इस दौरान श्रम विभाग अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का श्रमिक पंजीयन कार्ड का प्रमाण पत्र भी डीएम द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को प्रदान किया गया। इस दौरान 1000 से अधिक लोगों द्वारा विभिन्न स्टॉल पर अवलोकन करते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान डीएम के द्वारा आमजनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र अग्रसारित करते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में प्रमोद कुमार निवासी ग्राम पूरेरामजी थाना बक्सा सदर जौनपुर द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि उनकी जमीन के कुछ गाटा पर पुलिस सुरक्षा में निर्माण कार्य सुनिश्चित करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था किंतु राजस्व टीम का गठन होने के पश्चात भी समस्या के निस्तारण में विलंब किया जा रहा है, जिस पर संज्ञान लेते हुए डीएम ने राजस्व निरीक्षक को 2 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

राजेश पाल निवासी धर्मापुर गौराबादशाहपुर द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से दीवानी न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी विपक्षीगण द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रोकने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर डीएम ने थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर को मौके पर जाकर जांच करते हुए आज सायं तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

लक्ष्मण बाग मंदिर में उमड़े गौ-भक्त

अवधनामा संवाददाता

- गौ-माता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग को लेकर मुंगराबादशाहपुर पहुंची शंकराचार्य की गौ-प्रतिष्ठा यात्रा, शंखनाद से हुआ स्वागत

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। गौ-माता को राष्ट्रमाता और राजमाता घोषित करने की मांग को लेकर ज्योतिष्पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की 'गौ-प्रतिष्ठा यात्रा' शनिवार को मुंगराबादशाहपुर पहुंची। गोरखपुर से शुरू हुई यह 81 दिवसीय यात्रा 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर लोगों को गौ-रक्षा के लिए जागरूक कर रही है। यात्रा गुड़हाई मोहल्ला स्थित लक्ष्मण बाग मंदिर पहुंची, क्षेत्र के विद्वान पंडित सत्य प्रकाश, सिद्धार्थ नाथ शास्त्री, पंडित अभिषेक शुक्ला व अभिषेक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंखनाद और पुष्प-वर्षा से शंकराचार्य का स्वागत किया। उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य जी की पादुका का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर 'गौ माता की जय' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से गूंज उठा। मुंगराबादशाहपुर में गौ-रक्षा को गति देने के लिए शंकराचार्य महाराज ने यहां एक गौशाला खोलने की घोषणा की और इसके संचालन के लिए अपना एक उत्तराधिकारी भी नियुक्त किया। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति गौ-माता को राष्ट्रमाता और राजमाता घोषित करने के संकल्प के लिए एक नोट और एक वोट देकर इस पुनीत यज्ञ में अपना अमूल्य योगदान दे। लोगों को संबोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि तैयार हो जाइए। जिसकी प्रकृति जैसी होती है, वह वैसा ही आचरण करता है।रामराज्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा 'जब रावण राज करता है तो आपकी स्वतंत्रता छिन जाती है। जब राम राज्य करते हैं तो प्रजा को न्याय, सुरक्षा और धर्म का शासन मिलता है। रावण की प्रवृत्ति यह थी कि सोने की लंका बनाने के बाद वह स्वयं भोग-विलास में लिप्त हो गया। राम की प्रवृत्ति यह थी कि सोने की लंका जीतने के बाद भी उसे स्वीकार नहीं किया और विभीषण को सौंप दी। राम ने कहा कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। उन्होंने आगे कहा कि रावण और कंस दोनों अत्याचारी थे, लेकिन रावण को ही हर साल जलाया जाता है।

सेन्ट जोसेफ़ के वली आदिल को मिला मानस मेमोरियल अवार्ड

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सेन्ट जोसेफ़ कॉलेज, प्रयागराज के प्रेक्षागृह में शनिवार को कक्षा यूकेजी से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेन्ट जोसेफ़ कॉलेज नैनी के प्रथानाचार्य फ़ादर मेल्विन विल्सन डिसूजा ने इस अवसर पर कक्षा 5 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मोहम्मद वली आदिल को आठवां मानस मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत एक ट्रॉफ़ी, एक प्रशस्ति पत्र और 10 हज़ार रुपए का फिक्स्ड डिपोजिट दिया जाता है। मानस डॉ मनोज कुमार सिंह, हिन्दी प्रवक्ता, सेन्ट जोसेफ़ कॉलेज व सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर प्रयागराज और श्रीमती संगीता सिंह, राज्य सरकार से पुरस्कृत अध्यापिका, उच्च प्राथमिक विद्यालय आदमपुर, बहरिया , प्रयागराज का इकलौता और मेधावी पुत्र था। यह पुरस्कार मानस की याद में प्रत्येक वर्ष कक्षा 5 के टॉपर को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर मानस के मामा प्रतिष्ठित समाजिक कार्यकर्ता डॉ अनिल सिंह भदौरिया तथा ममेरे भाई श्रेयांश भदौरिया भी उपस्थित रहे।

कमाल मौला मस्जिद पर इंदौर हाईकोर्ट का फैसला राजनीतिक

अवधनामा संवाददाता

- पूजा स्थल अधिनियम 1991 की भी अवहेलना उम्मीद है सुप्रीमकोर्ट बदल देगा : अरशद अली

प्रयागराज। अल्पसंख्यक के नि0 शहर अध्यछ अरशद अली ने कहा है कि भोजशाला - कमाल मौला मस्जिद को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा मंदिर घोषित कर दिया जाना न्यायिक कम राजनैतिक फैसला ज्यादा है. क्योंकि कथित एएसआई रिपोर्ट पर मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का संज्ञान ही हाईकोर्ट द्वारा नहीं लिया गया। वहीं इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम 1991 की भी अवहेलना की गई है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट के इस फैसले को पलट देगा।

अरशद अली ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम स्पष्ट तौर पर कहता है कि 15 अगस्त 1947 तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत रहेगा। इसे चुनौती देने वाले किसी भी प्रतिवेदन या अपील को किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण (ट्रिब्युनल) या प्राधिकार (अथॉरिटी) के समक्ष स्वीकार ही नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि इंदौर हाईकोर्ट का यह फैसला 12 दिसंबर 2024 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन के उस आदेश की भी अवमानना है जिसमें उन्होंने अदालतों को मस्जिदों और मंदिरों के दावों पर कोई भी याचिका स्वीकार करने, लंबित मामलों में कोई भी आदेश जारी करने पर रोक लगायी थी। कांग्रेसी नेता ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निचली अदालतें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर रही हैं और सुप्रीम कोर्ट अपनी अवमानना पर चुप्पी साधे

हुए है. जिससे साबित होता है कि ऐसे फैसले सत्ताधारी गिरोह के राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए दिए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की तरफ से कथित एएसआई रिपोर्ट पर यह आपत्ति जताई गई थी कि कमाल मौला मस्जिद-भोजशाला मंदिर की रिपोर्ट में हर जगह एएसआई ने उसे 'भोजशाला मंदिर' लिखा। रिपोर्ट की यह भाषा उसकी निष्पक्षता को पहले ही संदिग्ध बना देती है. जिसपर आश्चर्यजनक तौर पर कोर्ट ने कोई संज्ञान नहीं लिया। वहीं एएसआई पर यह भी आरोप लगा कि उसने मस्जिद पक्ष को न तो उत्खनन के कलर फोटो दिए और जो वीडियो दिए भी वो भी बहुत छोटे थे। जबकि मस्जिद पक्ष ने उन्हें यह उपलब्ध कराने की मांग बारबार की थी। वहीं मस्जिद पक्ष के वकीलों के इस तर्क का भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया कि एएसआई ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के विरुद्ध जाकर भौतिक उत्खनन क्यों किया जिससे ढांचे के आकार और दिखावट में बदलाव आ गया। वहीं मस्जिद पक्ष की इस दलील पर भी कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया कि खुदाई में एक पटिया के नीचे से प्लास्टिक की बोतलें, पेपर कप और अन्य प्लास्टिक की चीजें और वो भी बिल्कुल साफ़ सुथरी कैसे मिल सकती हैं। जबकि ये वस्तुएं 13 वीं या 14 वीं सदी की नहीं हो सकतीं जब इसके बनने का दावा किया जा रहा है।

नहाते समय किशोर की नदी में डूबकर हुई मौत

जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के जमैथा गांव निवासी 13 वर्षीय किशोर की गोमती नदी में नहाते समय डूबकर मौत हो गयी।घटना से परिवार में रोना पीटना मच गया। ऊक्त गांव निवासी आयुष निषाद पुत्र हरिकिशन निषाद दोपहर को घर से 100 मीटर दूर गोमती नदी में नहाने गया था।वह नहाते समय डूब गया।कुछ लोग नाव से नदी में मछली मार रहे थे। उनकी नजर आयुष पर पड़ी।वह तत्काल कूदकर आयुष को बाहर निकाले। आयुष बेहोश हो चुका था।उसकी हालत गम्भीर थी। घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी गयी।आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

चिकन पॉक्स को लेकर प्रशासन हुआ सक्रिय

जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत के नासही मुहल्ले के दलित बस्ती में पिछले दिनों 32 चिकन पॉक्स के मरीज मिले। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हो गया। चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान की देखरेख में नगर पंचायत द्वारा व्यापक पैमाने पर साफ सफाई करवाया जा रहा है।इसके अलावा मुहल्ले के लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नगर पंचायत में स्थित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ धर्मेश कुमार अपने टीम के साथ लगे हुए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष उम्मे रहिला तथा अधिशासी अधिकारी विजय कुमार ने उक्त मोहल्ले सहित पूरे नगर में सफाई कर्मियों की बड़ी टीम लगाकर लगातार सुबह-शाम सफाई करवाने का निर्देश दिया है। सफाई कर्मियों की टीम को सक्रिय किया गया है। सभी वार्ड में दवाइयों का छिड़काव एवं साफ सफाई का विशेष प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पंचायत के दो दर्जन सफाई कर्मियों से उक्त बस्ती की साफ सफाई कराई गई। घर-घर जाकर सफाई कर्मी दवाओं का छिड़काव किये। उन लोगो ने आसपास की गंदगी को साफ किए।

वाहन की टक्कर से विद्युत पोल टूटकर गिरा

जौनपुर/अवधनामा संवाददाता। मां शीतला चौकियां धाम के चौराहा के समीप सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में शनिवार रात्रि लगभग पौने 3 बजे अज्ञात वाहन नें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे विद्युत पोल टूट कर सड़क पर गिर पड़ा। पोल गिरने पर तार खिंचाव से एक अन्य दूसरे पोल पर टगा बॉक्स गिरकर टूट गया। भोर में हुई घटना के बाद से ही विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। उधर वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। तेज आवाज़ के साथ गिरे विद्युत पोल से आस–पास लोग सहम गये। घटना के थोड़ी देर बाद रात्रि में ही लोग घरों से निकल कर देखे तो पता चला कि किसी वाहन के धक्के से पोल टूटकर गिरा है। गर्मी से बेहाल क्षेत्रीय लोगों नें नया पोल लगवाकर आपूर्ति बहाल कराने की अपील किया है। वहीं पोल टूटने की सूचना बिजली कर्मचारी अमृतलाल को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम नया पोल लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल जायेगी।

गर्ल्स हाई स्कूल एंड कॉलेज में बैगलेस डे का अभिनव आयोजन

प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता। गर्ल्स हाई स्कूल एंड कॉलेज, प्रयागराज में मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए बैगलेस डे का भव्य आयोजन किया गया। 'फायरलेस कुकिंग - बिना आग के स्वादिष्ट व्यंजन' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही रचनात्मकता, नवाचार और जीवनोपयोगी कौशल सीखने का अनूठा अवसर प्रदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेव. डॉ. विनिता एसुबियस के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षा को नई दिशा दी। उन्होंने सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा दिया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बिना आग के विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी रचनात्मक क्षमता, टीमवर्क और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट परिचय दिया। रेव. डॉ. विनिता एसुबियस ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन के आवश्यक कौशल भी प्रदान करती हैं।

भाजपा नेता नितेश राणे के बयान पर विरोध

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता नितेश राणे ने एआईएमआईएम पार्टी को आतंकवादी संगठन कहकर एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद बैरिस्टर असदउद्दीन ओवैसी की तुलना पूर्व अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन से करते हुए अमर्यादित विवादित बयान दिया है। जिसके कारण एआईएमआईएम पार्टी कार्यकर्ताओं के अंदर भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी बयान को लेकर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम ने आज राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में नितेश राणे के बयान के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद ने अपने वक्तव्य ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी भारतीय चुनाव आयोग में रजिस्टर्ड पार्टी है जिसके जीते हुए सांसद एवं विधायक देश की संसद एवं विधायिका में तथा नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत मे पार्षद अलग अलग मुख्यालयों मे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय चुनाव आयोग ने रजिस्टर्ड पार्टी को आतंकवादी संगठन कहना कानून संविधान चुनाव आयोग की गाइडलाइन के विरुद्ध है। ऐसा विवादित बयान अपराध के श्रेणी में आता है। ऐसे सरफिरे मंत्री के विवादित बयान पर उचित कार्यवाही की जाए। ऐसे बिगड़ैल विवादित बयान देने वाले मंत्री को तत्काल प्रभाव से महाराष्ट्र सरकार अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त करते हुए एआईएमआईएम पार्टी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदउद्दीन ओवैसी पर दिए गए विवादित बयान के संबंध में बैरिस्टर साहब एवं पार्टी से जुड़े हुए सभी कार्यकर्ताओं से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगी जाए। उन्होंने कहा कि मदरसों पर तथ्यहीन आरोप लगाकर आतंकवादियों का केंद्र कहने, मदरसों में किताब के बजाय बंदूक मिलने के फ़र्ज़ी एवं भ्रामक आरोप भरे विवादित गैर जिम्मेदाराना बयान देने के विरुद्ध कठोर मुकदमा चलाया जाए।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से कुरैश अहमद जाफरी, अली शेर खान, निजामुद्दीन, सैयद इरशाद आलम, इफ्तेखार अहमद मंदर, मेराज अहमद, शरिक कलीम, जुबैर अहमद, रियाजुल हक़, मोहम्मद अली, अनिल यादव, तरन्नुम, मोहम्मद इफ्तेखार अंसारी, शाहनवाज हुसैन, मोहम्मद ज़ैद, इसरार अहमद साहिल, गुड़िया, महजबी, नाजनीन, शबीना, मोहम्मद आरिफ, अदीब अली, तौसीफ़ अंसारी, शादाब आलम, हसीन अहमद, गुलाब मोहम्मद तकी, मोहम्मद सईद, शमशाद अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

रेस्टोरेंट में चले लात-घूंसे और कुर्सियां

प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा में एक रेस्टोरेंट में शुक्रवार रात जमकर हंगामा हुआ। यहां एक विहिप नेता और कर्मचारियों के बीच झगड़ा हुआ और इसके बाद मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लात-घूंसों के साथ कुर्सियां भी चलाई। इसमें दोनों पक्षों के साथ बीच बचाव करने पहुंचे एक संत भी जख्मी हो गए। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस ने मेडिकल भी कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात नौ से 10 बजे के बीच हुई। कटरा में मनमोहन पार्क चौराहे के पास मॉर्सेल रेस्टोरेंट स्थित है। यहां फॉर्च्यूनर से एक विहिप नेता कुछ लोगों को लेकर खाना खाने पहुंचे। उनके ड्राइवर ने कार रेस्टोरेंट के सामने पार्क कर दी। इस बात का कर्मचारियों ने विरोध किया तो विहिप नेता के साथ आए लोगों से उनकी नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ी कि मारपीट शुरू हो गई। पहले रेस्टोरेंट के बाहर और फिर अंदर भी विवाद हो गया। दरअसल मारपीट के दौरान ही कुछ कर्मचारी भीतर गए तो पीछे से विहिप नेता के साथ आए लोग भी पहुंच गए।

फुटकर दवा की बंदी राष्ट्रहित और जनहित में नहीं

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लालू मित्तल ने तथा संचालन महामंत्री रवि शर्मा ने किया।

बैठक में एआईओसीडी द्वारा 20 मई को भारत बंद के ऐलान पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। गंगापार अध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी पप्पू ने कहा कि आनलाइन व्यापार के विरोध में बंदी करने से एक प्रकार से हम ऑनलाइन को बढ़ावा दे रहे हैं। दवा की दुकान बंद होने पर ग्राहक विवश होकर ऑनलाइन दवा खरीदेगा।

महामंत्री रवि शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन दवा सप्लाई का विरोध तब किया जाना था,जब इसकी शुरुवात हुई थी। उस समय विरोध क्यों नहीं किया गया ?? वक्ताओं ने कहा कि एआईओसीडी अपने निजी स्वार्थ में लिप्त है। वह उप्र के 12 लाख 50 हज़ार केमिस्टों के हितैषी बनकर हमको ऑनलाइन के मुद्दे पर उलझा कर अपनी राजनीति की रोटी सेकना चाहते है। हम रिटेलर्स केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से जनपद के समस्त केमिस्टों से अपील करते हैं कि 20 मई 2026 की बंदी का पुरजोर विरोध करें। हमारा दवा व्यापार आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत आता है। बैठक में मुख्य रूप से राजेन्द्र केसरवानी जिलाध्यक्ष गंगा पार, अनिमेष अग्रवाल महानगर अध्यक्ष, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, अजय जायसवाल अध्यक्ष पाफामऊ व्यापार मंडल, शुभम, आलोक कनौजिया लीगल एडवाइजर, गोपाल, राजमणि, संतोष आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश: जयवीर सिंह

- फरियादियों को न लगाने पड़ें चक्कर: पर्यटन मंत्री
- शिकायतों का समयबद्ध समाधान अधिकारियों की जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ट्रांजिट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि किसी भी स्तर से प्राप्त शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापरक निराकरण करना संबंधित विभाग के अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

इसलिए सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्राप्त शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर समाधान करायें, किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के निदान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को आसानी से मिले, कोई भी पात्र व्यक्ति वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांग पेंशन का लाभ पाने से वंचित न रहे, विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के लिए प्राप्त आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहें, पात्रों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने निजी नलकूप हेतु विद्युत कनेक्शन से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय नियमों, शर्तों का पालन करते हुए तत्काल विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किए जाएं, गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रहे, अनावश्यक रूप से कहीं भी रोस्टिंग न हो, सुनिश्चित किया जाए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जनपद में शिकायतों के निस्तारण की स्थिति संतोषजनक है, नवागंतुक जिलाधिकारी द्वारा भूमि से अनाधिकृत अतिक्रमण मौके पर हटवाने हेतु संचालित ''मिशन समाधान'' में काफी पुराने भूमि विवादों का निस्तारण मौके पर ही हो रहा है, यह अभियान भूमि पर किए जा रहे अनाधिकृत कब्जों को रोकने में सहायक सिद्ध होगा साथ ही लंबे समय से कब्जा करने वालों से भूमि खाली कराकर पात्रों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, नहरों के अंतिम टेल तक पानी की उपलब्धता रहे, तालाबों को नहरों के पानी से भरवारा जाए, सभी ट्यूबवेल क्रियाशील रहें, जो ट्यूबवेल आंतरिक, विद्युत दोष से खराब है, उन्हें प्राथमिकता पर ठीक कराया जाए। जन-सुनवाई के दौरान ग्राम परोंख नि. मलिखान सिंह ने विद्युत ट्रॉसफार्मर की क्षमता को बढ़ाये जाने, ग्राम रानीपुर नि. ममता देवी ने गाटा संख्या-728 की पैमाइश कर कब्जा दिलाने, नगला रामसिंह नि. रघुनन्दन सिंह ने ग्रामसभा की भूमि पर दबंगों द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटवाने, गरगई नि. भू.पू. सैनिक विश्वनाथ सिंह, सूरजमुखी ने लेखपाल द्वारा लगायी गयी रिपोर्ट के आधार पर सुनवाई कर स्टाम्प के मुकद्मा को निस्तारित कराने, ग्राम गढ़िया नि. सुशीला देवी ने शौचालय योजना में लाभान्वित कराने, ग्राम गढ़िया नि. राकेश कुमार ने बंद रास्ते को खुलवाने, ग्राम सुरजनपुर नि. मेघसिंह ने दबंगों द्वारा मरघट की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने, ग्राम पतारा नि. विक्की चौहान ने ग्राम में सफाई कर्मियों की तैनाती कराये जाने की मांग अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिन्हें सम्बन्धित अधिकारियों को पृष्ठांकित कर निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण हेतु उपलब्ध कराया।

बंद मकान में चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। करैली पुलिस और एसओजी नगर की संयुक्त टीम ने सर्विलांस सेल की मदद से चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पीली धातु की बट्टी, 90 हजार रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हसन (22) पुत्र उस्मान निवासी शम्स नगर करैलाबाग थाना करैली और कामरान अहमद (24) पुत्र एखलाक अहमद निवासी खेड़वा असरावल थाना एयरपोर्ट, प्रयागराज के रूप में हुई है। दोनों को शनिवार को करैली थाना क्षेत्र स्थित रेलवे डाट पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि करैली थाना क्षेत्र के जीटीबी नगर निवासी अरुण कुमार मेहरौत्रा के बंद मकान में घुसकर आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में दर्ज मुकदमा संख्या 85/2026 की विवेचना के दौरान पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया गया।

भूमिहीनों में पट्टे हेतु आसपा ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

- एफएनआई यूट्यूब चैनल के विरुद्ध एफआईआर हेतु सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। भूमि सुधार कानून के अन्तर्गत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में भूमि आवंटन करने के संबंध में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में यमुनापार की तहसील बारा के प्रांगड़ में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आसपा के पूर्व जिला महामंत्री आईपी रामबृज के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

आसपा के पूर्व जिला महामंत्री उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि तहसील दिवस पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को यमुनापार की प्रत्येक ग्रामसभा में स्थित समस्त भूमिहीन खेतिहर मजदूरों द्वारा अनुरोध किया गया कि प्रत्येक ग्रामसभा में चकबंदी के दौरान छूटी अतिरिक्त जमीनों को भूमाफियाओं से मुक्त करवाकर भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में आवंटित कराने का आवेदन पत्र, प्रार्थना पत्र सतत दिया जाता रहा है किन्तु क्षेत्रीय लेखपालों की गलत आख्या की गांवों में सरकारी जमीन है ही नहीं तो पट्टा कहा से किया जाय। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश अनुभाग- 5 लखनऊ के द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को निर्देशित आदेश के अनुपालनार्थ क्रियान्वयन हेतु तहसील बारा के प्रांगण में जमकर धरना प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बारा डा. गणेश कुमार कनौजिया को सौंपा गया। वहीं दूसरी ओर थाना बारा के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा पांडर, मजरा कोट वारन का पुरवा निवासी राज रावत पुत्र श्याम बाबू जो एफएनआई यूट्यूब चैनल चलता है। संविधान के अनुच्छेद 13 जो अंधविश्वास पाखंड और कुरीतियों को समाप्त कर वैज्ञानिक सोच के आधार पर देश को आगे बढ़ाने की बात करता है किन्तु एफएनआई न्यूज चैनल का रिपोर्टर सतत संविधान के अनुच्छेद 13 के विरुद्ध अंधविश्वास पाखंड और कुरीतियों का पोषक है और महिला सशक्तिकरण के विरुद्ध महिलाओं के अपमान को अत्यधिक प्रचारित प्रसारित करता रहता है। ऐसे यूट्यूब चैनल को बन्द करने के साथ साथ यूट्यूब चैनल के रिपोर्टर राज रावत पुत्र श्याम बाबू के विरुद्ध उचित धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्यवाही करने के बाबत भी उप जिलाधिकारी बारा से कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। प्रदर्शन में पूर्व जिला महामंत्री सुशांत सिंह अम्बेडकर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मुकेश पासी, विधानसभा महामंत्री अनिकेत कुमार बिंद, विधानसभा उपाध्

एआई अब सिर्फ तकनीक नहीं, बना कारोबार का आधार

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब व्यवसायों के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त तकनीकी परत नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से वैश्विक उद्यमों के लिए बुनियादी ढांचा बनता जा रहा है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह बात कही है। एआई के दम पर शानदार वित्तीय नतीजे और नई भर्तियों में वापसी इस बात का संकेत है कि आईटी सेक्टर में बड़े बदलाव का दौर शुरू हो चुका है।

चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता हासिल की है। इस मॉडल के तहत कंपनी ने एआई सेवाओं से 2.3 अरब डॉलर और नई पीढ़ी की सेवाओं जिसमें क्लाउड, डेटा और साइबर सुरक्षा शामिल हैं से 11.5 अरब डॉलर का सालाना राजस्व हासिल किया है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि जेनरेटिव और एजेंटिक एआई अब विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं; ग्राहक अब इसके

हलचल

चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता हासिल की है।

छोटे प्रयोगों पायलट प्रोजेक्ट्स से आगे बढ़कर इसे अपने मुख्य कामकाज का स्थायी हिस्सा बना रहे हैं।

इंडस्ट्री-स्पेसिफिक एआई ओएसः उद्योगों के लिए एक विशेष एआई ऑपरेटिंग सिस्टम बनाया जाएगा, ताकि एजेंटिक एआई समाधानों को तेजी से और सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

नया रणनीतिक हबः चंद्रशेखरन ने बताया कि बिजली, कंप्यूटिंग क्षमता और जगह की बढ़ती वैश्विक सीमाओं के बीच, भारत दुनिया भर के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक रणनीतिक %+1% डेस्टिनेशन के

रूप में उभर रहा है।

वित्तीय मजबूती और रोजगार में वापसी

टीसीएस ने अपने वित्तीय वर्ष 2025-26 के शानदार नतीजे भी पेश किए हैं। मुनाफे के बढ़े हुए मार्जिन के कारण मार्च तिमाही त्त्म में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 12.22 प्रतिशत के उछाल के साथ 13,718 करोड़ रुपये हो गया है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1.35 प्रतिशत बढ़कर 49,210 करोड़ रुपये रहा जो बीते वित्त वर्ष में 48,553 करोड़ रुपये था। इसके अलावा

नए सौदेः मार्च तिमाही में कंपनी ने 12 अरब डॉलर के नए सौदे किए, जिनमें सबसे बड़ा हिस्सा उत्तरी अमेरिका 5.4 अरब डॉलर और बैंकिंग व वित्तीय सेवा बीएफएसआई क्षेत्र 2.8 अरब डॉलर से आया है।

रोजगार में इजाफाः लगातार दो तिमाहियों की गिरावट के बाद, टीसीएस ने त्त्म में 2,356 नए कर्मचारियों की भर्ती की है। इससे 31 मार्च 2026 तक कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या 584,519 हो गई है।

सीईओ और प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने कहा कि इसके शीर्ष 139 ग्राहकों में से 130 ने पहले ही इसे अपने एआई सेवा भागीदार के रूप में चुन लिया है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस का लक्ष्य विश्व की सबसे बड़ी एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी बनना है। कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे अपने पत्र में कृतिवासन ने लिखा, ÷वित्त वर्ष 2026 उद्यम एआई के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था, क्योंकि ग्राहकों ने प्रयोगात्मक पायलटों से बड़े पैमाने पर तैनाती की ओर निर्णायक रूप से कदम बढ़ाया।

टीसीएस का यह वित्तीय प्रदर्शन और भविष्य की एआई केंद्रित रणनीति यह स्पष्ट करती है कि एआई अब व्यवसायों के निवेश, सप्लाई चेन और रिस्क मैनेजमेंट को गहराई से प्रभावित करेगा। भारत में 160 केवी से अधिक क्षमता वाले एआई डेटा सेंटर का निर्माण और वैश्विक मांग को पूरा करने की तैयारी देश को तकनीक और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भविष्य का प्रमुख केंद्र बना सकती है।

भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर

अप्रैल में 5.2 फीसदी तक पहुंची, शहरों में मामूली सुधार

नई दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अप्रैल में बढ़कर 5.2 फीसदी हो गई। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। मार्च में यह दर 5.1 फीसदी थी। इससे पहले अक्तूबर, 2025 में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी दर्ज की गई थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मार्च के 6.8 फीसदी से घटकर अप्रैल में 6.6 फीसदी रह गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.3 फीसदी से बढ़कर 4.6 फीसदी हो गई। देशभर में यह सर्वे 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है।

पुरुषों में बेरोजगारी अप्रैल में 5.1 फीसदी रही, जो मार्च में 5 फीसदी थी। ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी दर 4.4 फीसदी से बढ़कर 4.7 फीसदी हो गई, जबकि शहरों में यह 6.1 फीसदी से घटकर 5.9 फीसदी पर आ गई। महिलाओं की

बेरोजगारी मार्च के 5.3 फीसदी से बढ़कर 5.4 फीसदी हो गई।

ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी बढ़कर 4.4 फीसदी हो गई, जबकि शहरी महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 फीसदी रही। यह पिछले वर्ष अप्रैल के बाद सबसे निचला स्तर है। वीमेन पार्टिसिपेशन रेशियो (डब्ल्यूपीआर) यानी कार्यरत आबादी का अनुपात अप्रैल में 52.2 फीसदी रहा, जो मार्च में 52.6 फीसदी था। शहरी क्षेत्रों में यह 46.8 फीसदी पर स्थिर रहा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में घटकर 54.9 फीसदी हो गया।

श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) अप्रैल में घटकर 55 फीसदी रही, जबकि मार्च में 55.4 फीसदी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 57.5 फीसदी एवं शहरी क्षेत्रों में 50.1 फीसदी दर्ज की गई। अप्रैल, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर कम होकर 33.9 फीसदी रही, जबकि मार्च में यह 34.4 फीसदी थी। ग्रामीण महिलाओं का एलएफपीआर 38.2 फीसदी और शहरी महिलाओं का 25 फीसदी दर्ज किया गया।

एल.पी.एस. के छात्रों ने किया संसद भ्रमण

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के केंद्र संसद भवन, नई दिल्ली के शैक्षिक भ्रमण का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय प्रणाली, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सुशासन की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संसद की कार्यवाही, विभिन्न संसदीय प्रक्रियाओं तथा देश की नीति निर्माण प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका को निकटता से समझने का अवसर प्रदान किया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, ऐसे शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें जागरूक, जिम्मेदार एवं भविष्य के सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस विशेष अवसर हेतु लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज, संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. एस.पी.सिंह (सांसद प्रतापगढ़) का हृदय से आभार व्यक्त करता है, जिनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से विद्यार्थियों को यह अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हुआ।

वित्तवर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में एथर एनर्जी लिमिटेड की सेल 163 प्रतिशत बढ़ी; रिज़्टा की मजबूत सेल ने कंपनी की वृद्धि में दिया महत्वपूर्ण योगदान

लखनऊ। भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश में शानदार वृद्धि दर्ज की है। यह कंपनी राज्य के इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में मजबूत स्थिति में पहुँच गई है। वाहन डेटा के मुताबिक राज्य में एथर की रिटेल सेल में 163 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी ने वित्तवर्ष 2025 में 3,624 यूनिट्स के मुकाबले वित्तवर्ष 2026 में 9,541 यूनिट बेची हैं। रिज़्टा की सेल में हुई यह जबरदस्त बढ़ोत्तरी प्रदर्शित करती है कि यह इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय परिवारों को बहुत पसंद आया है। वाहन डेटा के मुताबिक एथर रिज़्टा के लॉन्च के 11 महीनों में ही इसकी 1 लाख यूनिट्स बिक चुकी थीं। इसके बाद सेल में और अधिक तेजी आई और अगले 12 महीनों में एथर रिज़्टा ने 3 लाख यूनिट्स

बेचने की उपलब्धि हासिल की। इस तेज बढ़त का कारण ग्राहकों के बीच इसकी बढ़ती मांग है। यह तेजी एथर स्कूटरों की कुल सेल में भी प्रदर्शित हुई। वाहन डेटा के मुताबिक वित्तवर्ष 2026 में एथर के कुल सेल वॉल्यूम में रिज़्टा की हिस्सेदारी 76 प्रतिशत थी, जिससे प्रदर्शित होता है कि यह आधुनिक परिवारों का पसंदीदा इलेक्ट्रिक स्कूटर बन गया है। एथर एनर्जी के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, श्री रवनीत सिंह फोकेला ने कहा, ''उत्तर प्रदेश हमारे विकास की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभरा है। हम मौजूदा वित्तवर्ष में अपनी पहुँच तेजी से बढ़ाना चाहते हैं। पिछले वित्तवर्ष में हम उत्तर प्रदेश में अपने रिटेल फुटप्रिंट 14 आउटलेट से बढ़ाकर राज्य के 30 शहरों में 36 आउटलेट तक ले गए। हमें खुशी है कि हमारे स्कूटर रिज़्टा ने उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। रिज़्टा फैमिली स्कूटर के खरीदारों को बहुत ज्यादा पसंद आया है। हम ईएल01 प्लेटफॉर्म पर एक नया स्कूटर भी लेकर आएंगे, जिसका प्रदर्शन पिछले साल एथर कम्युनिटी डे के दौरान किया गया था। हमें विश्वास है कि इसके साथ उत्तर प्रदेश के बाजार में हमारे वॉल्यूम में और अधिक तेजी आएगी।''

परिवारों को रिज़्टा का शानदार डिज़ाईन बहुत पसंद आता है क्योंकि इसमें दैनिक यूटिलिटी के साथ सुरक्षा को बहुत महत्व दिया गया है। रिज़्टा में अपने सेगमेंट की सबसे बड़ी सीट, एक विशाल फ्लोरबोर्ड, 56 लीटर के कंबाईंड स्टोरेज (जिसमें 34 लीटर का अंडरसीट कंपार्टमेंट और 22 लीटर का फ्रंक शामिल है) जैसे फीचर दिए गए हैं। यह कई सदस्यों वाले परिवारों की व्यवहारिक जरूरतों को पूरा करता है। ज्यादा जगह के अलावा, रिज़्टा जैड की प्रीमियम टेक्नोलॉजी, जैसे स्किडकंट्रोल, थेफ्ट एवं टो अलर्ट और एथरस्टैक 7 टचस्क्रीन इंटरफेस भी हाई-टेक ई.वी (इलेक्ट्रिक वैहिकल) लाईफस्टाईल के अनुरूप हैं।

घटिया अंडे बेचने के आरोप पर एफएसएसएआई सख्त चीन खरीदेगा 200 विमान, बोइंग ने ऑर्डर की पुष्टि की

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट को घटिया गुणवत्ता वाले अंडे बेचने की शिकायतों पर नोटिस भेजा है। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर कई ग्राहकों ने ब्लिंकिट से मिले अंडों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। शिकायतों में कहा गया कि ये अंडे बदबूदार और रबर जैसी बनावट वाले हैं, जो इंसानी उपभोग के लिए असुरक्षित हैं। एफएसएसएआई ने ब्लिंकिट को इस मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। कंपनी को सात दिनों के भीतर एक व्यापक कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सौंपनी होगी। इसमें ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटरों की जिम्मेदारियों के पालन का विवरण भी देना होगा। सूत्रों का कहना है कि अनुपालन न करने पर एफएसएस एक्ट 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ब्लिंकिट की ओर से इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शिखर सम्मेलन के बाद बोइंग को चीन से ऑर्डर मिला है। शुक्रवार को 200 विमानों के लिए इस समझौते का एलान खुद ट्रंप ने किया था। ट्रंप ने बताया कि चीन ने 750 बोइंग विमान खरीदने का अधिकार भी सुरक्षित रखा है। डील होने के बाद यह बीते एक दशक में पहली बड़ी बिक्री होगी। बोइंग ने 200 विमानों के ऑर्डर की पुष्टि की, लेकिन विमानों के प्रकार या अन्य विवरण साझा नहीं किए। बोइंग ने कहा कि चीन यात्रा सफल रही। बता दें कि बोइंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केली ऑर्टबर्ग भी ट्रंप के साथ बीजिंग गए थे। यात्रा का मुख्य लक्ष्य चीनी बाजार को बोइंग विमानों के ऑर्डर के लिए फिर से खोलना था। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और नीट परीक्षा परिणामों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में मोशन एजुकेशन प्रालि. पर 10 लाख रुपये और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

अंशुमान पुष्कर और महवश ने हिंदी ज़ी5 पर रिलीज़ होने वाली सीरीज़ सतरंगी - बदले का खेल से पहले लखनऊ का दौरा किया

लखनऊ। अभिनेता अंशुमान पुष्कर और महवश अपनी आने वाली हिंदी ज़ी5 ओरिजिनल सीरीज़ सतरंगी बदले का खेल के प्रमोशन के लिए नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचे। सीरीज़ की रंगीन दुनिया को दर्शाने के लिए कलाकारों ने शो में दिखाए गए खास टेंपो को फिर से तैयार किया और उसके साथ एक खास फोटोशूट किया। यह टेंपो शहर की सड़कों पर घूमता नजर आया, जिसने लोगों का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। कलाकारों ने लखनऊ की संस्कृति और माहौल का भी आनंद लिया और 22 मई 2026 को हिंदी ज़ी5 पर रिलीज होने वाली इस सीरीज़ को लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ाई।

सतरंगी बदले का खेल की कहानी ग्रामीण उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह बदले, सत्ता, वफादारी और संघर्ष की एक दमदार कहानी है। गहन ड्रामा, संबंधों की जटिल परतों और भावनाओं से भरपूर यह सीरीज़ दिखाती है कि पृष्ठभूमि और छल से भरी दुनिया में निजी दुश्मन कैसे सही और गलत के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देती है।

अंशुमान पुष्कर ने इस दौरे के बारे में बात करते हुए कहा, ÷लखनऊ की खूबसूरती और यहां के लोगों का अपनापन बेमिसाल है। यहां हमें जो प्यार और उत्साह मिला, वह सच में बेहद शानदार रहा। शहर में सतरंगी - बदले का खेल के टेम्पो को दोबारा तैयार करना हमारे लिए बहुत मजेदार और यादगार अनुभव था। यहां के लोगों की ऊर्जा और उत्साह ने हमें इस कहानी को हिंदी ज़ी5 के दर्शकों तक पहुंचाने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित कर दिया है।

अभिनेत्री महवश ने कहा, मैं पहले भी लखनऊ आ चुकी हूं, और इस शहर से जो प्यार मिलता है, वह शायद किसी और शहर में नहीं मिल सकता। यहां के लोग, यहां की संस्कृति और यहां की तहज़ीब दिल को छू जाती है। पूरे टेंपो फोटोशूट ने सतरंगी बदले का खेल की भावना को बेहद खूबसूरती और जीवंत अंदाज़ में सामने ला दिया। लखनऊ में अपने फैंस से मिलने मेरे लिए ऐसा अनुभव रहा, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।

27337 करोड़ के घोटाले में अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

नई दिल्ली। अनिल अंबानी की कंपनियों पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई। 27,337 करोड़ रुपये के एलआईसी और बैंक धोखाधड़ी मामले में मुंबई के 17 ठिकानों पर छापे। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही जांच की पूरी बिजनेस रिपोर्ट यहां पढ़ें! देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है। सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च ऑपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था।

शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और स्ढ्ढष्ट को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गईं कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।

अमेज़न ग्रेट समर सेल 2026 में सेनहाइज़र के साथ अपनी साउंड को अपग्रेड करें

लखनऊ। सेनहाइज़र, ऑडियो इनोवेशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी ने अमेज़न ग्रेट समर सेल 2026 के तहत अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर विशेष ऑफ़र की घोषणा की है, जो 8 मई से शुरू हो रही है। ग्राहक सेनहाइज़र के चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 42 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें मोमेंटम 4 वायरलेस, प्रोफाइल वायरलेस 1-चैनल सेट और 2-चैनल सेट, मोमेंटम टू वायरलेस 4, एचडीबी 630, एम्बो साउंडबार मिनी, एचडी 490 प्रो प्लस, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफ़ोन और कई अन्य शामिल हैं। इसके अलावा, खरीदार 24 महीने तक की बिना किसी लागत वाली ईएमआई (बिना किसी लागत के ईएमआई) के विकल्पों और चुनिंदा बैंक ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं, जिससे यह सेनहाइज़र की खास साउंड का अनुभव करने का सबसे सही समय बन जाता है।

सेनहाइज़र के फ्लैगशिप मोमेंटम 4 वायरलेस के साथ अपने ऑडियो अनुभव को बेहतर बनाएं। सटीक 42एमएम ट्रांसड्यूसर के साथ डिज़ाइन किए गए ये प्रीमियम हेडफ़ोन, ब्रांड की खास साउंड को बेहतरीन बारीकियों के साथ पेश करते हैं। हल्के और आरामदायक डिज़ाइन में एडेप्टिव नॉयज़ कैंसिलेशन, ट्रांसपेरेंसी मॉड और 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ़ का आनंद लें; साथ ही, पूरे दिन आराम के लिए इसमें बेहद मुलायम ईयर कुशन भी दिए गए हैं। स्मार्ट कंट्रोल एप की मदद से आप अपनी साउंड को अपनी पसंद के अनुसार सेट कर सकते हैं, जबकि स्मार्ट पॉज और ऑटो ऑन/ऑफ जैसी आसान सुविधाएं हर पल को और भी शानदार बनाती हैं। यह 21,990 की कीमत पर उपलब्ध है, और अमेज़न ग्रेट समर सेल के दौरान चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त छूट भी मिल रही है।

सेनहाइज़र प्रोफाइल वायरलेस सीरीज़ के साथ अपने कंटेंट को अगले लेवल पर ले जाएं। यह एक वर्सेटाइल वायरलेस माइक्रोफ़ोन

सॉल्यूशन है, जिसे चलते-फिरते कंटेंट क्रिएटर्स और वीडियोग्राफ़र्स के लिए डिज़ाइन किया गया है।

प्रोफाइल वायरलेस 2-चैनल सेट एक ऑल-इन-वन क्रिएटर ऑडियो टूलकिट है, जिसमें एक कॉम्पैक्ट 2.4 गीगाहर्ट्ज़ रिसीवर, दो क्लिप-ऑन माइक्रोफ़ोन और एक पोर्टेबल चार्जिंग बार शामिल है, जो एक हैंडहेल्ड इंटरव्यू माइक्रोफ़ोन के तौर पर भी काम करता है। फ्लेक्सिबिलिटी को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया यह सेट कैमरा, स्मार्टफ़ोन और कंप्यूटर को सपोर्ट करता है, और कंटेंट बनाने के अलग-अलग तरीकों के लिए एक वर्सेटाइल सॉल्यूशन देता है।

हिंदी ज़ी5 ने हाथरस - 16 दिन का रोमांचक ट्रेलर जारी किया है

नई दिल्ली। हिंदी ज़ी5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल इन्वेस्टिगेटिव डॉक्यू-सीरीज़ हाथरस - 16 दिन का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह सीरीज़ भारत के सबसे भयावह और चर्चित बलात्कार मामलों में से एक की गहन पड़ताल करती है, जिसने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था, निर्देशक पैट्रिक ग्राहम द्वारा बनाई गई यह सीरीज़ 2020 के हाथरस हादसे के बाद के उन 16 दिनों की भयावह यात्रा को दिखाती है, जिसमें जाति, लैंगिक भेदभाव, संस्थागत चुप्पी और सच्चाई की लगातार चलती खोज के जटिल पहलुओं को उजागर किया गया है। ग्रामीण उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित डॉक्यूबे ओरिजिनल हाथरस 16 दिन का प्रीमियर 15 मई 2026 को हुआ। पत्रकार तनुश्री पांडे की नज़र से यह डॉक्यू-सीरीज़ उस असहज और कठोर वास्तविकता को सामने लाती है, जो हाथरस में एक युवा दलित महिला के साथ हुए इस अपराध के बाद सामने आई थी। यह सीरीज़ अब केवल हिंदी ज़ी5 पर विशेष रूप से स्ट्रीम की जा रही है। यह ट्रेलर उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक युवा दलित महिला के साथ हुए हमले के बाद की घटनाओं की एक भयावह झलक पेश करता है, और उसके बाद देशभर में फैले आक्रोश को भी दर्शाता है। जिसकी शुरुआत एक क्रूर अपराध के रूप में होती है, वह धीरे-धीरे जाति व्यवस्था, राजनीतिक शक्ति, मीडिया की भूमिका और उन तंत्रों की गहन जांच में बदल जाती है, जो अक्सर सच्चाई को दबाने का काम करते हैं।

फीनिक्स पलासियो में 'हॉलिडेलैंड' की शुरुआत, अदा शर्मा ने किया 'कैंडी सिटी' का शुभारंभ

लखनऊ। गर्मियों के मौसम में फीनिक्स पलासियो में रंग, मस्ती और कैंडी थीम का खास माहौल देखने को मिला, जहां बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की मौजूदगी में हॉलिडेलैंड अभियान के तहत नए डेकोर एक्सपीरियंस कैंडी सिटी का भव्य शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ के साथ ही पूरा मॉल कैंडी थीम वाले रंगीन वंडरलैंड में बदल गया। परिवारों, बच्चों और लोगों ने आकर्षक सजावट, संगीत, खेल और अलग-अलग जोन का आनंद लिया। पूरे डेकोर को गर्मियों की मस्ती, यादगार पलों और फोटो एक्सपीरियंस को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

वेन्यू पर बड़े कैंडी थीम स्ट्रक्चर, रंग-बिरंगे रास्ते और थीम आधारित एक्टिविटी कॉर्नर बनाए गए हैं। कार्यक्रम शुरू होते ही बच्चों ने कैंडी पिट, ह्यूमन क्लॉ सेटअप और कैंडी पाथ हॉप गेम जैसी एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं लोगों ने मेल्टिंग मिरर एआर फोटो ऑप और स्प्रिंकल स्टॉर्म बूथ पर सेल्फी,

जीआईएफ और छोटे वीडियो भी बनाए।

इस एक्सपीरियंस में कैंडी टॉस गेम, कैंडी बटक गेम, स्पिन द व्हील, मिनी गोल्फ, बड़े आकार के पॉप्सिकल इंस्टॉलेशन और कैंडी लैंड कैनोपी जैसी कई आकर्षक एक्टिविटी शामिल हैं। एक्टिवेशन एरिया में अलग-अलग कैंडी कार्ट और थीम आधारित कियोस्क भी लगाए गए हैं।

ह्यूमन क्लॉ मशीन सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रही, जहां बच्चे बड़े क्लॉ सेटअप के अंदर पहुंचे, जबकि परिवारों ने आसपास खड़े होकर उनका उत्साह बढ़ाया और वीडियो रिकॉर्ड किए। कैंडी पूल और बॉल पिट जोन में भी पूरे समय लंबी कतारें देखने को मिलीं।

इंटरएक्टिव एक्सपीरियंस को अलग-अलग हिस्सों में तैयार किया गया है। स्प्रिंकल हंट एक्टिविटी में बच्चों को तय समय के भीतर रंगीन पिट में स्प्रिंकल बॉल और गोल्डन स्प्रिंकल खोजने होते हैं। वहीं स्प्रिंकल स्टॉर्म बूथ में पारदर्शी कैंडी थीम सेटअप के अंदर घूमते हुए स्प्रिंकल शॉवर जैसा अनुभव मिलता है।

एआर कैंडी लैंड फिल्टर जोन में लोग कैंडी थीम वाले फिल्टर के साथ सेल्फी और छोटे वीडियो बना सकते हैं। वहीं बटक गेम में खिलाड़ियों को चमकती एलईडी लाइट को गायब होने से पहले छूना होता है।

कैंडी पाथ हॉप गेम में बच्चों को चॉकलेट फ्लोर से बचते हुए कैंडी आकार वाली टाइलों पर संतुलन और तेजी के साथ आगे बढ़ना होता है।

मॉल में कैंडी कैरोसेल थीम सेटअप, डोनट और पॉप्सिकल थीम कॉर्नर, कैंडी स्विंग इंस्टॉलेशन और केक थीम सेल्फी स्पॉट जैसे कई फोटो इंस्टॉलेशन भी तैयार किए गए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करने लायक खास पलों के लिए डिजाइन किया गया है।

इस अवसर पर फीनिक्स मिल्स के रिटेल डायरेक्टर नॉर्थ श्री संजीव सरीन ने कहा, हम चाहते थे कि परिवार और बच्चे यहां आते ही खुशी और उत्साह महसूस करें। हॉलिडेलैंड के तहत कैंडी सिटी का उद्देश्य ऐसे खुशहाल पल बनाना है जिन्हें लोग गर्मियां खत्म होने के बाद भी याद रखें।

फिल्म दादी की शादी' बॉक्स ऑफिस पर कर रही शानदार प्रदर्शन

लखनऊ। आज के दौर में जहां फिल्मों में एक्शन और ग्लैमर का बोलबाला देखने को मिलता है, वहीं कपिल शर्मा और नीतू सिंह स्टारर फिल्म दादी की शादी अपनी सादगी, भावनाओं और पारिवारिक मूल्यों की वजह से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना रही है। रिलीज के बाद से ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और हर उम्र के दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी भावनात्मक कहानी और परिवार के रिश्तों को बेहद खूबसूरती से पेश करना माना जा रहा है। लंबे समय बाद ऐसी पारिवारिक फिल्म देखने को मिली है, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर एंजॉय कर सकता है। सोशल मीडिया पर भी फिल्म को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और लोग इसे साल की सबसे बेहतरीन फैमिली एंटरटेनर बता रहे हैं। फिल्म में कपिल शर्मा ने अपने अलग अंदाज से दर्शकों को हंसाने के साथ भावुक भी किया है, जबकि नीतू सिंह की स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय को दर्शकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और परिवार के इमोशन्स से जुड़ी कहानी लोगों के दिलों को छू रही है। सिनेमा हॉल से बाहर निकलते हुए कई दर्शकों ने फिल्म को दिल को छू लेने वाली और परिवार के साथ देखने लायक फिल्म बताया। खास बात यह है कि युवा दर्शकों के साथ-साथ बुजुर्ग और फैमिली ऑडियंस भी फिल्म से खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। ट्रेड एक्सपर्ट्स के अनुसार, फिल्म की मजबूत वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी और दर्शकों के शानदार रिव्यूज का सीधा असर इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि रिलीज के बाद दूसरे हफ्ते में भी फिल्म मजबूती के साथ कारोबार कर रही है और सिनेमाघरों में इसकी पकड़ लगातार मजबूत बनी हुई है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायतें, 6 का मौके पर निस्तारण

जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी

तमकुहीराज, कुशीनगर। तहसील तमकुहीराज के सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, वन विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की मौके पर जांच कर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद और पारिवारिक मामलों जैसे संवेदनशील प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय बनाकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से 25, पुलिस विभाग से 14, विकास विभाग से 5 तथा अन्य विभागों से संबंधित 14 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से 6 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा, परियोजना निदेशक पीयूष, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप कृषि निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी व तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कप्तानगंज में 16 शिकायतें, 04 का निस्तारण

कप्तानगंज लोगों की समस्या सुनते अपर न्यायिक व एसडीएम मो. जफर

कप्तानगंज, कुशीनगर। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि 12 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को जांच के लिए भेज दिया गया। समाधान दिवस के मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक गुलाब सिंह, उप जिलाधिकारी मो. जफर, नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी की मौजूदगी में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे जिसमें से पुलिस विभाग से संबंधित तीन शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण मौके पर नहीं हो सका और सभी को जांच के लिए अग्रसारित किया गया। इसके अलावा विकास विभाग से एक शिकायत प्राप्त हुई, जबकि अन्य श्रेणी में चार प्रार्थना पत्र दर्ज किए गए। इन सभी मामलों को भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं, ताकि फरियादियों को जल्द राहत मिल सके। कुल मिलाकर समाधान दिवस में 16 शिकायतों में से चार का निस्तारण किया गया, जबकि 12 मामले जांच और कार्रवाई के लिए लंबित हैं।

वीडियो बनाकर इंजीनियर ने दी जान, पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड स्वामी विवेकानंद नगर (बेलवा पलकधारी सिंह) में शुक्रवार की शाम उस समय मातम छा गया, जब इंजीनियर युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल पुलिस परिजनों की तहरीर का इंतजार कर रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

बताया जा रहा है कि भोपाल की एक ऑटोमोबाइल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत 33 वर्षीय प्रद्युम्न यादव उर्फ चेतन ने गुरुवार शाम गोरखपुर के कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माता मंदिर के पास गमछे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से कुछ देर पहले उसने मोबाइल फोन से एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। वीडियो में उसने खुद को जिंदगी से हारा हुआ बताते हुए अपनी मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार ठहराया। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसके कारण पत्नी अपनी बेटी के साथ मायके में रह रही थी।

मृतक के बड़े भाई राघवेंद्र यादव ने बताया कि अभी परिवार की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। फिलहाल अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। परिवार के लोग आपस में विचार-विमर्श के बाद आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेंगे। पुलिस का कहना है कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सफलता की राह पर था प्रद्युम्न, पारिवारिक तनाव ने तोड़ दिया हौसला

सिसवा महंथ क्षेत्र निवासी प्रद्युम्न यादव ने कड़ी मेहनत से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी और भोपाल की एक ऑटोमोबाइल कंपनी में नौकरी कर रहा था। नौकरी मिलने के बाद उसने अपने भविष्य और परिवार को लेकर कई सपने संजोए थे। शादी के बाद शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच शक और आपसी विवाद के कारण तनाव बढ़ने लगा। हालात ऐसे बने कि दोनों अलग-अलग रहने लगे। एक तरफ पारिवारिक परेशानियां और दूसरी ओर पत्नी से अलगाव ने उसे अंदर से तोड़ दिया। लगातार बढ़ते मानसिक तनाव के चलते उसने अंततः आत्मघाती कदम उठा लिया।

जनगणना प्रेरणा गीत का एसडीएम, सीओ व तहसीलदार ने किया विमोचन

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जनगणना 2027 को लेकर देशभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' थीम पर आधारित जनपद के प्रसिद्ध लोक गायक एवं शिक्षक अनिरुद्ध कुमार मौर्य द्वारा रचित प्रेरणा गीत 'जनगणना बा विकास के आधार' का विमोचन शनिवार को तहसील सभागार में किया गया।

गीत का विमोचन एसडीएम विवेकानंद मिश्र, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी एवं तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने अनिरुद्ध मौर्य द्वारा गाए गए मधुर एवं जागरूकता से भरपूर गीत को सुना और सराहा। गीत को जनपद के सुप्रसिद्ध संगीतकार संजय गुप्ता ने संगीतबद्ध किया है। इस अवसर पर एसडीएम विवेकानंद मिश्र ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ हो चुका है और वर्तमान में स्व-गणना की प्रक्रिया नागरिकों द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस गीत में जनगणना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को सरल और प्रभावी ढंग से शामिल किया गया है, जिससे लोगों को जागरूक करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रेरणा गीत न केवल जनगणना अभियान के प्रचार-प्रसार में सहायक होगा, बल्कि नागरिकों को सही जानकारी देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि अनिरुद्ध कुमार मौर्य इससे पूर्व भी कोरोना जागरूकता, मतदाता जागरूकता, संचारी रोग नियंत्रण, स्कूल चलो अभियान एवं मिशन शक्ति जैसे विषयों पर प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत कर समाज को जागरूक करने का कार्य कर चुके हैं।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, एसओ नवीन कुमार सिंह, एसडीओ विनोद कुमार सिंह, बीईओ शोहरतगढ़ संजय कुमार, अरुण कुमार, मनोज कुमार यादव, सीपी सिंह, विनोद गुप्ता, एआरओ शोहरतगढ़ सतीश चंद्र, एआरओ बढ़नी मौजूद रहे।

कुशीनगर में ईंधन संकट बरकरार, 171 में से 164 पेट्रोल पंपों पर किल्लत

हाईवे के कुछ पंपों पर ही मिल रहा पेट्रोल-डीजल, किसानों व वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिले में पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोगों को अभी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शुक्रवार को जिले के 171 पेट्रोल पंपों में से 164 पर कहीं पेट्रोल तो कहीं डीजल का अभाव बना रहा। हालांकि हाईवे पर स्थित करीब 35 पंपों पर पेट्रोल और डीजल दोनों उपलब्ध रहा, जिससे लंबी दूरी के वाहनों को कुछ राहत मिली।

दोपहर में तेज धूप की वजह से पंपों पर भीड़ अपेक्षाकृत कम दिखी, लेकिन शाम होते-होते कई पंपों पर वाहनों की कतार लग गई। जिले के कुल नौ पेट्रोल पंप पूरी तरह ड्राई रहे। नगर के बड़ी गंडक नहर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म होने के कारण 'नो फ्यूल' का कागज चस्पा कर दिया गया था, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह ईंधन लेने पहुंचे कई लोगों को पर्याप्त आपूर्ति न मिलने के कारण निराश होकर लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। खासकर खेती-किसानी में लगे किसानों को डीजल न मिलने से परेशानी बढ़ गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई दिनों से यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मनीष तुलस्यान, राकेश कुमार और इंतखाब आलम का कहना है कि मांग के मुकाबले आपूर्ति कम मिलने से संकट गहराता जा रहा है। नियमित आपूर्ति मिलने पर ही स्थिति सामान्य हो सकेगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि तेल कंपनियों से बातचीत की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही हालात में सुधार होगा।

रसोई गैस के लिए भी जूझ रहे उपभोक्ता, गोदामों पर लग रही लंबी कतारें

कुशीनगर में पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ रसोई गैस की किल्लत भी उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। हालांकि बैकलाग एक लाख से घटकर 88 हजार तक पहुंच गया है, लेकिन मांग के अनुरूप आपूर्ति अभी भी नहीं हो पा रही है। इसका असर होटल, ढाबा संचालकों और समारोह आयोजकों पर भी पड़ रहा है, जबकि गृहिणियों को भी रसोई गैस के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शुक्रवार को तेज धूप के बावजूद गैस गोदामों और होम डिलीवरी वाहनों के पास लंबी कतारें लगी रहीं। कई लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि समय पर सिलिंडर न मिलने से उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद एजेंसी संचालक मनमानी कर रहे हैं। जिले में करीब 9,24,445 गैस उपभोक्ता हैं, जिन्हें 96 गैस एजेंसियों के माध्यम से रसोई गैस उपलब्ध कराई जाती है। गैस एजेंसी संचालक शशांक सिंह और जितेंद्र प्रसाद का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य है और होम डिलीवरी कराई जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने कहा कि सेल्स ऑफिसर से वार्ता कर स्थिति में सुधार कराया जाएगा।

बढ़नी ब्लाक के ग्राम पंचायत रेड़वरिया में मनरेगा जी राम जी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप

बढ़नी सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेड़वरिया गांव में मनरेगा जी राम जी योजना के नाम पर भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों की मानें तो गांव के महादेव बुजुर्ग प्राथमिक विद्यालय से रोईनिहवा सिवान तक चकमार्ग पर मिट्टी पटाई कार्य के नाम पर करीब 67 लोगों का मास्टर रोल भरा जा रहा है। जिसमें साबित्री , सहानाखातून, आशिक, साफिया, हसलैन, किशलावती, गुरफान, सबाआलम, हकीकुल्लाह, आदि लोगों के नाम से मास्टर रोल भरा जा रहा है। जमीनी स्तर पर सच्चाई जानने के लिए मीडिया टीम द्वारा शनिवार की शाम करीब सवा चार बजे कार्य स्थल पर देखा तो आस पास पशु चरा रहे कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां पर श्रमिको द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। सिर्फ फोटो खिंचवा कर घर चले जाते हैं।

भव्यता के साथ मनाया जाएगा सर्वहितकारी पत्रकार परिवार का छठवां स्थापना दिवस

30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस पर सलेमगढ़ में बनेगी आयोजन समिति, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवियों को किया जाएगा सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। सर्वहितकारी पत्रकार परिवार महासंगठन रजि. (सर्वहितकारी प्रेस क्लब भारत) कुशीनगर का छठवां स्थापना दिवस इस वर्ष भव्य और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन के वरिष्ठ पत्रकार एवं जिलाध्यक्ष पं. राम अधार द्विवेदी ने बताया कि सुप्रतिष्ठित राष्ट्रीय सामाजिक महासंगठन सर्वहितकारी पत्रकार परिवार महासंगठन रजि. के अनुषंगी संगठन सर्वहितकारी प्रेस क्लब भारत का विस्तार संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद सागर के कुशल नेतृत्व में देशभर में तेजी से हुआ है। स्थापना काल से अब तक संगठन ने पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए स्वर्णिम इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में आयोजित होने वाले छठवें स्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों, विशिष्ट अतिथियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष पं. द्विवेदी ने बताया कि 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सलेमगढ़ में बैठक आयोजित कर स्थापना दिवस समारोह की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। इसके बाद कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

देशभर में फैल चुका है संगठन का नेटवर्क : सर्वहितकारी पत्रकार परिवार महासंगठन रजि. अपने स्थापना काल से ही पत्रकारों के हित, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के कार्यों में भूमिका निभाता रहा है। संगठन का नेटवर्क अब देश के कई राज्यों तक फैल चुका है और निरंतर विस्तार हो रहा है।

बभनौली में आरओ प्लांट शुरू, मिलेगा स्वच्छ पेयजल

अवधनामा संवाददाता

आर ओ प्लांट का शुभारंभ करते प्रधान

सेवरही, कुशीनगर। विकास खंड तमकुहीराज के अंतर्गत अजयनगर बभनौली ग्राम सभा में राज्य वित्त आयोग के सहयोग से स्थापित आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) प्लांट का उद्घाटन किया गया। लगभग सात लाख रुपये की लागत से लगाए गए इस प्लांट का लोकार्पण ग्राम प्रधान पुनीता राय ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर फीता काटकर किया और इसे ग्रामीणों को समर्पित किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय राय ने बताया कि आरओ प्लांट का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को निःशुल्क एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार होगा और जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। इस पहल से गांव के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संजय राय ने अपने पांच वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, सीसी रोड निर्माण, खाद गड्ढों का निर्माण, शौचालयों की व्यवस्था, एनएम सेंटर, प्रवेश द्वार, व्यायामशाला, उज्ज्वला योजना के तहत 125 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, आरआरसी सेंटर, सीमेंट बेंच, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन का सौंदर्यीकरण, सहज जन सेवा केंद्र, दुर्गा मंदिर की बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग एवं गेट निर्माण, लिंक रोड पर छह पुलियों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यीकरण, प्रत्येक गली में कूड़ेदान, कचरा निस्तारण हेतु ई-रिक्शा, छठ घाट का निर्माण तथा नियमित साफ-सफाई जैसे कई विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल को विकास के लिहाज से 'बेमिसाल' बताते हुए कहा कि इन प्रयासों से ग्राम सभा के समग्र विकास को नई दिशा मिली है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उद्घाटन समारोह में ओमप्रकाश राय, सहदेव गुप्ता, फरिंदर राय, ब्यास मुन्नी त्रिपाठी, बजरंगी गुप्ता, विद्यावती देवी, सीमा देवी, निजाम अंसारी, गोरख राय, राजेश्वर राय, सूरज गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अंगद गुप्ता, अनिल राय, कैलाश यादव, नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान के प्रयासों की प्रशंसा की।

विषय विशेषज्ञ के रिक्त पद को आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 25 तक

अमेठी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि ए0आर0पी0/विषय विशेषज्ञ पद हेतु चयन के उपरान्त जनपद के सम्बन्धित विकास खण्ड में ए0आर0पी0 के रिक्त पदों पर चयन हेतु बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं से प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से 13 मई 2026 तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के पते पर आमंत्रित किये गये थे, किन्तु निर्धारित अवधि के उपरान्त रिक्त पदों के सापेक्ष कम आवेदन प्राप्त होने से आवेदन की तिथि 25 मई 2026 तक की गयी है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि ए0आर0पी0/विषय विशेषज्ञ हेतु वि0ख0-भादर व जामों में हिन्दी के 02 पद वि0ख0-मुसाफिरखाना व तिलोई में अंग्रेजी के 02 पद वि0ख0-जगदीशपुर जामों संग्रामपुर व सिंहपुर में विज्ञान के 04 पद एवं वि0ख0-शाहगढ़ में गणित के 01 पद तथा वि0ख0-सिंहपुर में सामाजिक अध्ययन के 1 पद रिक्त है।

त्रिशूल से पिता की हत्या करने वाला बेटा गया जेल

अहिरौली बाजार, कुशीनगर। थाना अहिरौली बाजार क्षेत्र के ग्राम रामपुर माफी में पारिवारिक विवाद के चलते पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त त्रिशूल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार की रात ग्राम रामपुर माफी निवासी राधेश्याम प्रसाद पुत्र स्व. ओमप्रकाश प्रसाद का अपने पिता ओमप्रकाश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने पास के मंदिर में रखे त्रिशूल से अपने पिता पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश को परिजन तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी इन्द्रावती देवी की तहरीर पर थाना अहिरौली बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 88/2026 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राधेश्याम प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त त्रिशूल बरामद कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कार्रवाई थानाध्यक्ष प्रविंद राय, उपनिरीक्षक अमीन अहमद, हेड कांस्टेबल रामकृपाल यादव, कांस्टेबल सूर्य प्रताप सिंह, रिक्रूट कांस्टेबल निखिल तथा रिक्रूट महिला कांस्टेबल संध्या पटेल शामिल रहे।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम

अमेठी। जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का निस्तारण किया गया तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की टीमें मौके पर भेजी गई।

सर्राफा व्यापारियों के साथ डीएम ने की बैठक

अमेठी। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी उपायुक्त राज्य कर सहित सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं जनपद के प्रमुख सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देशहित में आर्थिक गतिविधियों को सकारात्मक दिशा देना विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को कम करना तथा सोने के आयात को नियंत्रित करने के संबंध में व्यापारियों से संवाद स्थापित करना था। बैठक में गौरीगंज अमेठी मुसाफिरखाना जगदीशपुर एवं शुकुल बाजार क्षेत्र के सर्राफा व्यापारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

चौपाल में सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने आकांक्षात्मक विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम पंचायत हुसैनपुर में अपराह्न में ग्राम चौपाल का आयोजन कराया गया। ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का ग्राम पंचायत स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान पंचायत सचिव जिला विकास अधिकारी डीसी मनरेगा डीसी एनआरएलएम परियोजना निदेशक डीआरडीए खंड विकास अधिकारी शुकुल बाजार सहित विकासखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत के मूलभूत आंकड़ों एवं ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इसके उपरांत ग्राम पंचायत में संचालित विकास कार्यों को एक-एक कर ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया तथा ग्रामीणों से उनके सत्यापन एवं गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनकी आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। समूह की महिलाओं द्वारा अवगत कराया गया कि वे बकरी पालन सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं। ग्राम पंचायत की बीसी-सखी से भी वार्ता की गई जिन्होंने बताया कि विगत चार वर्षों से ई-सखी के रूप में कार्य करते हुए उन्हें अच्छा लाभ प्राप्त हो रहा है। ग्राम चौपाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सत्यापन भी किया गया। लाभार्थी फुलमना राधिका प्रसाद एवं शांति से वार्ता कर आवास प्राप्ति एवं मनरेगा मजदूरी भुगतान की जानकारी ली गई। ग्रामीणों द्वारा भी पुष्टि की गई कि संबंधित लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है। परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव द्वारा ग्रामीणों को नई आवास प्लस सूची सर्वे प्रक्रिया एवं आवास योजना की पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की सूची भी ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान कमल एवं गुलाब देवी से वार्ता कर पेंशन प्राप्ति की स्थिति की जानकारी ली गई। लाभार्थियों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें समय पर पेंशन प्राप्त हो रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा शासन स्तर पर किए गए संशोधनों की जानकारी देते हुए सभी लाभार्थियों से जन्मतिथि सत्यापन संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की अपील की गई।

ग्राम पंचायत में स्थापित स्ट्रीट लाइट राज्य वित्त योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों एवं अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा ग्रामीणों से उनकी गुणवत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास एवं लाइब्रेरी का अवलोकन किया गया। साथ ही राशन की दुकान अमृत सरोवर सामुदायिक शौचालय अन्नपूर्णा भवन एवं वर्ष 2021-22 में निर्मित आवासों का भी भौतिक सत्यापन किया गया।

बिना मान्यता संचालित विद्यालय पर प्रशासन की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जनपद में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार तहसील गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी एवं खंड शिक्षाधिकारी गौरीगंज की संयुक्त टीम द्वारा अमान्य विद्यालय अमेठी हाईट्स पब्लिक स्कूल पचेहरी गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान विद्यालय बिना मान्यता के संचालित पाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रद्धा बरनवाल ने जांच टीम को बताया कि विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 5 तक लगभग 100 बच्चों का नामांकन किया गया है। जांच के समय विद्यालय खुला मिला किंतु बच्चों की आयु के अनुरूप कक्षाओं का संचालन और मानक व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय को संचालित करने हेतु आवश्यक मान्यता उपलब्ध नहीं है। इस पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चों के हितों को ध्यान में रखकर उनके नामांकन को निकटवर्ती परिषदीय विद्यालयों–प्राथमिक विद्यालय पचेहरी कंपोजिट विद्यालय पचेहरी प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज प्रथम एवं प्राथमिक गौरीगंज द्वितीय–में स्थानांतरित किए जाने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना मान्यता के किसी भी स्थिति में विद्यालय का संचालन भविष्य में न किया जाए।

प्रशासन द्वारा विद्यालय की कक्षाओं में ताला लगाकर संस्थान को बंद करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग बच्चों के हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

■ मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे और विवादों के सामंजस्य के लिए सर्वोच्च न्यायालय की पहल

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने बताया कि मा. मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के सम्बन्ध में 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह, 2026 का शुभारम्भ किया गया है। सहभागी न्याय और न्याय की घर-घर तक पहुँच के विज़न को आगे बढ़ाने के लिए, भारत का सर्वोच्च न्यायालय देश भर में मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे और विवादों के सामंजस्य के लिए सर्वोच्च न्यायालय की कार्रवाई के तहत 21 अप्रैल प्रारम्भ हुआ समाधान समारोह 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा। सचिव ने सभी अधिवक्ताओं, वादियों और हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे इस पहल के तहत विवादों के प्रभावी समाधान में सक्रिय रूप से भाग लें और योगदान दें। पक्ष अपने विवादों के निपटारे के लिए व्यक्तिगत रूप से (भौतिक रूप से) या ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर (आभासी रूप से) उपस्थित हो सकते हैं। विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केंद्र में किया जायेगा। जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थतथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार /समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के अंतर्गत आरम्भ हो चुका है, जिसमें जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में प्री-सिटिंग की तिथियां 20, 22, 25, 27 व 30 मई 2026 निर्धारित है। पक्षकार सुलह प्रयास बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं। अपने मामले (जो सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित हैं) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में शामिल करने के लिए पक्ष और उनके वकील गूगल फार्म लिंक https://forms.gle/jq&efqFyBCWzukoP {अथवा https://forms. gle/pRWbif62APrcqMsZ8 पर 31 मई 2026 तक निर्धारित गूगल फार्म जमा कर सकते हैं। गूगल फार्म वेबसाइट https://www.sci.gov. in/ पर भी उपलब्ध है। सचिव ने बताया कि समाधान समारोह के सम्बन्ध में सहायक एवं जानकारी के लिए स्थापित किये गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) के प्रभारी का दूरभाष नम्बर 011-23112428 अथवा 011-23112528 तथा सी.आर.पी. निदेशक के दूरभाष नम्बर 011-23115652 व 011-23116465 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त भवन परिसर के बी ब्लाक में वन स्टाप सेन्टर को दूरभाष नम्बर 011-23116464 व 011-23116465 तथा ई-मेल speciallokadalat2026@sci.nic.in है। सचिव ने बताया कि विशेष लाक अदालत के सम्बन्ध में जनकारी प्राप्त करने के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाइट https://bahraich.dcourts.gov.in/ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष नम्बर 05252-297175 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

करौंदी कलां में बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

करौंदी कलां। सुरापुर टीपी नगरा से मिलने वाली बिजली व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। क्षेत्र के करौंदी कलां सहित आसपास के गांवों में लगातार बिजली कटौती और घंटों आपूर्ति बाधित रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली गायब रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन और रात में कई-कई घंटे बिजली नहीं रहती, जिससे पंखे, कूलर और पानी की मोटर बंद पड़ी रहती हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। उमस भरी गर्मी में लोग रातभर जागने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों और व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि सुरापुर टीपी नगरा से होने वाली बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए और क्षेत्रवासियों को नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए।

स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित होंगी विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थी

■ डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र की समस्त पात्र एवं निर्धन परिवारों की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को देर शाम विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि मनरेगा जॉब कार्ड धारक लाभार्थियों को समूह से आच्छादित करने हेतु रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक के माध्यम से ब्लॉक मिशन मैनेजर से समन्वय कर लाभार्थियों के आधार कार्ड एकत्र कराकर लक्ष्य के अनुरुप शत् प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी व अन्य योजनाओं अन्तर्गत उद्यम स्थापित करने वाली सभी महिला लाभार्थियों की सूची, आधार कार्ड एवं पासबुक की छाया प्रति उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें आच्छादित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को समूह से आच्छादित करने हेतु डीडी डीआरडीए को निर्देश दिया गया कि समस्त लाभार्थियों के आधार कार्ड एवं पासबुक सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास एवं समस्त विकासखण्ड के सचिव के माध्यम से बीएमएम को उपलब्ध करा दें। कि समस्त 642850 राशन कार्डधारक लाभार्थियों के आधार कार्ड उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से आधार संकलित कराकर ब्लाक मिशन मैनेजरों को उपलब्ध कराया जाय। समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि ब्लाक मिशन मैनेजरों से समन्वय लक्ष्य के अनुरूप हाउसहोल्ड सेचुरेशन करते हुए लक्ष्य के अनुरूप 22557 समूह का गठन कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी एवं ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिये गये कि समस्त महिला किसान लाभार्थियों एवं किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले परिवारो की महिलाओं, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के समस्त लाभार्थियों, समस्त सहकारी समितियों के सदस्यों एवं लाभार्थियों को समूह से जोड़े जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए आधार कार्ड व पासबुक की छाया प्रति बीएमएम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

गैर प्रतिबंधित पशुओं को रास्ते में रोकने वालों पर लगाए लगाम: तनवीर

■ डीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन, हिंदूवादी संगठनों पर भी उठाए सवाल

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा और ईद के मौके पर कुर्बानी के लिए घर ले जा रहे गैर प्रतिबंधित पशुओं को पुलिस बा कुछ हिंदूवादी संगठन के लोगों द्वारा बीच में रोके जाने को लेकर आपत्ति जताई और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की अपील की उन्होंने कहा आगे ईद उल अजहा का त्यौहार आ रहा है मुस्लिम समाज के भाई इस त्यौहार पर 3 दिन तक गैर प्रतिबंधित जानवरों जैसे पडुए (काला जानवर) बकरा की कुर्बानी देते हैं जिन्हें जब घर लाया जाता है तो रास्ते में सामाजिक संगठन व पुलिस के लोग रोक कर परेशान करते हैं जो सरासर गलत है तनवीर ने कहा कि सरकार के जारी दिशा निर्देशानुसार ईद पर कुर्बानी दी जाती है उन्होंने कहा कुछ कुर्बानी के लिए जगह ऐसी भी चिन्हित हैं जहां 15 -20 साल से कुर्बानी दी जाती है जो पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में नहीं चढ़ाई है इस कारण भी पुलिस परेशान करती है इन जगहों पर जाकर पुलिस अनावश्यक रूप से लोगों को प्रताड़ित करती है ऐसी तमाम समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी से समस्याओं का समाधान कराया जाने की मांग की है।

अब सैटलाइट बस अड्डे से गोला और सीतापुर के लिए मिलेगी बसें

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। शहर में बढ़ती जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए अब गोला और सीतापुर रूट की रोडवेज बसों का संचालन सैटलाइट बस अड्डे से कराया जाएगा। यह निर्णय कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा, परिवहन सुरक्षा एवं विद्यालय सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुधारने को लेकर अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर साइनेज, रंबल स्ट्रिप, रिफ्लेक्टर और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। सीतापुर-बरेली हाईवे पर ई-रिक्शा संचालन नियंत्रित करने और हाईवे पर इनके संचालन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि ई-रिक्शा में सरिया अथवा अन्य भारी सामान बाहर लटकाकर ढुलाई करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर वाहन सीज किए जाएं। वहीं भारी वाहनों को नगर क्षेत्र में प्रवेश से रोकने के लिए रिंग रोड का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रमुख मार्गों पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने हथौड़ा चौराहा से मोहम्मदी रोड होते हुए रिंग रोड और सीतापुर हाईवे तक लखनऊ मार्ग के संकेतक बोर्ड लगाने को कहा। साथ ही ग्रामीण संपर्क मार्गों के मुख्य सड़कों से मिलने वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाने को लेकर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत राजघाट से खिरनीबाग, लाल इमली चौराहा से सुभाषनगर स्मार्ट रोड, चार खंभा से कच्चा कटरा मोड़, अंटा चौराहा से बांसमंडी तथा दुर्गा होटल से रेलवे स्टेशन मार्ग तक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात बाधित करने वाले विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त और सीओ ट्रैफिक को संयुक्त रूप से साप्ताहिक निरीक्षण कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

50 प्रतिशत धनराशि कृषकों के खाते में डाली जाएगी

फिरोजाबाद। भूमि संरक्षण अधिकारी, फिरोजाबाद-प्रथम सुमित कुमार चौहान ने बताया कि जनपद फिरोजाबाद के समस्त विकास खण्डों के (अति दोहित-किटिकल को प्राथमिकता के आधार पर) समस्त कृषक बन्धुओं (आरक्षित-अनारक्षित) को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा जनपद में वर्षा जल के संचयन एवं भूजल स्तर के रिचार्जिंग हेतु खेत तालाब की योजना वर्ष 2021-22 हेतु स्वीकृत की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत 22 एक्स 20 एक्स 3 मी0 के आकार के तालाब खोदे जायेंगे, जिसकी प्रति इकाई लागत 105000.00 रु0 है। लागत का 50 प्रतिशत शासन द्वारा अनुदान के रूप में कृषक के बैंक खाते में डाला जायेगा तथा शेष 50 प्रतिशत धनराशि कृष्क को स्वयं वहन करनी होगी। खेत तालाब योजना अन्तर्गत 'ई-लॉटरी के सिद्वान्त' के आधार पर इच्छुक कृषक अपना आवेदन उपग्रिकल्चर-कॉम वेवसाइड पर ऑनलाइन टोकन जारी करें। टोकन कन्फर्म होने के उपरान्त निर्धारित तिथि तक टोकन मनी 1000.00 रु0 जनपद की किसी भी यूनियन बैंक में चालान के द्वारा जमा की जायेगी।

डेयरी और परचून की दुकान में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। पुलिस नेचोरी के आरोपित को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय के आदेश पर शनिवार को जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की नगदी और अन्य चोरी करने का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही एक तमंचा और कारतूश बरामद किए है। पुलिस ने आरोपीत का नाम विपिन निवासी डाहिनी को बंशीपुरम के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बंशीपुरम निवासी निन्नू यादव की स्टेशन रोड पर डेयरी है, उनके बराबर में दाऊ किराना स्टोर के नाम से नगला नया निवासी राजकुमार की परचून की दुकान है। मंगलवार रात आठ बजे दोनों ही लोग अपनी दुकानों को बंद कर घर चले गये थे। रात में चोरों ने सबसे पहले डेयरी की टिनशेड के नट बोल्ट खोले और डेयरी में अंदर घुस गए। इस दौरान चोरों ने डेयरी में रखे 35 हजार की नगदी के अलावा मिठाई और अन्य सामान चोरी कर लिया। उसके बाद चोर परचून की दुकान में घुसे और वहां से सिगरेट और पान.मसाला सहित अन्य सामान चोरी कर भाग निकले। बुधवार सुबह जब निन्नू दुकान पर पहुंचे तो दुकान के ऊपर पड़ी टीनशेड खुली पड़ी थी और तिजोरी में रखे रुपये गायब थे। हालांकि यह चोरी की घटना डेयरी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। चोरी करते समय दोनों युवक मुंह को बांधे हुए हैं। उन्होंने बताया कि चोरी के दौरान एक चोर के पैर में भी चोट आई है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने मामले की अज्ञात में प्राथमिकी दर्ज कर वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। शनिवार की रात थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश कर ली। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी किये हुए कुछ रहे व पान-मसाला आदि बरामद कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया।

पालिका से पीने के पानी की बंद पड़ी मशीनों को चालू कराने की मांग

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। नगर में बंद पड़ी ठंडे पानी की मशीनों एवं कुछ चिन्हित स्थानों पर नई ठंडे पानी की मशीन लगवाने एवं दीपा चौराहा कपड़ा मार्केट के पास एक पेशाब घर आदि की समस्या को लेकर आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर गर्मी के मौसम में ठंडे पानी व एक पेशाब घर की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी ने बताया कि नगर में ठंडे पानी की अधिक तर मशीनें बंद पड़ी है। गर्मी का दूसरा माह निकल गया लेकिन इस ओर पालिका का ध्यान नहीं है। वार्ष्णेय मेडिकल मंदिर के पास पानी की मशीन बंद पड़ी है इसी तरह अन्य स्थानों पर लगी मशीन बंद है इन्हें चालू कराया जाए और बड़ा चौराह भर्रा, दीपा चौराहा थाने के बाहर ठंडे पानी की मशीन लगवाने की अति आवश्यकता हे वही दूसरी ओर कपड़ा मार्केट के पास एक स्वच्छ पेशाब घर बनवाया जाए,वहां पेशाब घर न होने के कारण दुकान दारों को परेशानी का सामना करना पड़ता हे इसके लिए उन्हें दूर जाना होता है। मांग करने वालों में बी.एस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव सरदार मनमंदिर सिंह एड प्रवीन कुमार प्रदेश सलाहकार, गोपाल शर्मा मंडल अध्यक्ष, दीपक सलूजा पश्चिम प्रदेश प्रभारी सरदार इंदर पाल सिंह सिंह प्रदेश सचिव, राजू गांधी, सरदार हरपाल सिंह गुरमीत सिंह, अनिल यादव, मनीष यादव, हरिओम शर्मा दीपेश चौधरी, कमरुद्दीन राकेश कुमार और रिंकू सत्येंद्र सिंह बीपी यादव, राजेश यादव, विजय शर्मा आशु कुमार, भगवान सिंह बंटी पाल, रवि अशोक गुप्ता आदि शामिल रहे।

डिवाइडर से टकराई कार कांस्टेबल की मौत

शाहजहांपुर। जनपद में शनिवार की बीती रात्रि एक सड़क हादसे में डिवाइडर से कार टकराने के कारण एक कांस्टेबल की मौत हो गई इस दौरान कार में सवार एक महिला भी घायल हुई है हादसा पुवायां थाना थाना क्षेत्र के भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास शनिवार की बीती रात्रि 10:00 बजे हुआ बताया जाता है कांस्टेबल दिनेश चौधरी शाहजहांपुर से वापस बंडा थाना जा रहे थे इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कांस्टेबल दिनेश चौधरी सीट में ही फंस गए घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया साथ में घायल महिला को भी निकाल कर अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने कांस्टेबल दिनेश चौधरी को मृत घोषित कर दिया वहीं महिला का अस्पताल में इलाज जारी है मृतक कांस्टेबल दिनेश चौधरी की उम्र 30 साल बताई जा रही है जो 2019 बैच के थे और जनपद के बंडा थाने पर तैनात थे जो मूल रूप से हरियाणा के भिवानी जिले के रहने वाले थे उधर क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने हादसे की पुष्टि की है और बताया है कि एक कांस्टेबल की डिवाइडर से कार टकराने के कारण मृत्यु हो गई है।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील में लगा संपूर्ण समाधान दिवस

■ प्राप्त 151 शिकायतों में 21 का किया मौके पर निस्तारण

■ जिलाधिकारी ने टूंडला स्थित मंडी समिति का भी किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टूंडला में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 151 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, पुलिस विद्युत, विकास एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघें सीएमओ राम बदन राम बीएसए आशीष पांडेय जिलाधिकारी टूंडला, पुलिस क्षेत्राधिकारी टूंडला तहसीलदार टूंडला नायब तहसीलदार बीडीओ ईओ नगर पालिका टूंडला सहित समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने टूंडला स्थित मंडी परिषद का औचक निरीक्षण कर गेहूं क्रय केंद्र एवं भारतीय खाद्य निगम केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं व फीडबैक को जाना। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में किसानों की सुविधा के लिए वर्तमान में कुल 55 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किया जा रहे हैं, जिनके माध्यम से 16500 मेट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत अब तक 10437 मेट्रिक टन गेहूं खरीद हुई है। जिलाधिकारी ने मंडी परिसर में गेहूं को लेकर आ रहे किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि क्रय केंद्र पर तेज धूप और मौसम को देखते हुए पर्याप्त शेड की व्यवस्था की जाए। किसानों के लिए शुद्ध पेयजल का प्रबंध किया जाए, मंडी परिसर में स्थित एफसीआई केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों को आस्वस्त किया कि उनकी उपज का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और नियम अनुसार पारदर्शी भुगतान किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसान भाई अपनी उपज को बेचने के लिए किसी भी बिचौलिए दलाल के चक्कर में न पड़ें। वे सीधे सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल लेकर आएं। किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरा जिला प्रशासन उनके साथ खड़ा है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान खाद्य विपणन अधिकारी विजयता सिंह उप जिलाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

नीट पेपर लीक और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर शनिवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने किया, जबकि शहर अध्यक्ष की मौजूदगी में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक प्रकरण केंद्र सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। साथ ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कदम उठाए जाएं तथा प्रभावित छात्रों को न्याय और उचित राहत दी जाए। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़े दाम वापस लेने तथा रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग भी की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। यदि सरकार में नैतिकता बची है तो शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। वहीं शहर अध्यक्ष ने कहा कि देश का युवा आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। इस दौरान सलाहुद्दीन हाशमी, हौसला प्रसाद भीम, मनोज तिवारी, आरबी पांडे, अतहर नवाब, कमर खान एडवोकेट, ममनून आलम, सुब्रत सिंह सनी, रणजीत सिंह सलूजा, अमोल बाजपेयी, श्याम किशोर, अवधेश गौतम, गुड्डू जायसवाल, मानस तिवारी, हामिद राईन, मोहसिन सलीम, विनय त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय और राना पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कर्ज के बोझ तले दबे सर्राफा व्यापारी की ट्रेन से कटकर मौत

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर के लखनऊ नाका रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर एक सर्राफा व्यापारी की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर सलाहपुर बरदहिया निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार सोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने आर्थिक तंगी और भारी कर्ज के चलते आत्महत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार अनिल कुमार सोनी शनिवार दोपहर रेलवे ट्रैक के किनारे पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि उनका बायां हाथ कंधे से अलग हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल जीआरपी को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही जीआरपी थाने के उप निरीक्षक आरिफ खान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान की गई। बाद में परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि अनिल कुमार सोनी अपने घर के पास ही सर्राफा की दुकान चलाते थे। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। उनके भाई गुलाब सोनी पंजाब में रहते हैं, जबकि फूल सोनी और अमित सोनी सुल्तानपुर में ही हैं। मृतक की पत्नी चंदा सोनी ने बताया कि दुकान पर काफी कर्ज हो गया था और वह लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहे थे। लोन की किस्तें जमा न कर पाने को लेकर वह परेशान रहते थे।

ब्राह्मण समाज पर कथित टिप्पणी से आक्रोश

■ सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित बयान को लेकर जिले में ब्राह्मण समाज में भारी रोष व्याप्त है। देव पुरोहित महासभा ने इसे समाज विशेष की भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

देव पुरोहित महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन का आरोप है कि सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में प्रसारित बयान के माध्यम से समाज में जातीय वैमनस्यता और तनाव फैलाने का प्रयास किया गया है। महासभा की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि 5 मई को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने एक दोहे का उल्लेख करते हुए कथित रूप से ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। संगठन का कहना है कि इस बयान से ब्राह्मण समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और लोगों में तीव्र नाराजगी है। महासभा अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि किसी भी जाति या समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द बिगाड़ सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान जानबूझकर समाज में नफरत और द्वेष फैलाने की मंशा से दिया गया है, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज में आक्रोश और बढ़ सकता है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तत्काल विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल द्विवेदी, सर्वेश कुमार मिश्र, अजय कुमार मिश्रा, आचार्य गोपाल द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, अभय तिवारी, प्रवीण कुमार द्विवेदी, महेश तिवारी और आलोक कुमार मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवसः अधिकारीगण लाभार्थियों का फीडबैक भी लें: डीएम

■ एस एस पी ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की

वहाज अली 'निहाल'

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील चकरनगर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी चकरनगर, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सांसद के हमीरपुर आगमन की अनुमति निरस्त

हमीरपुर। सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के 17 मई को प्रस्तावित हमीरपुर मुख्यालय आगमन की अनुमति प्रशासन ने निरस्त कर दी है। प्रशासन का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में सांसद के कार्यक्रम से जनपद की शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है, इसलिए अनुमति नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि सांसद की ओर से प्रशासन को दिए गए आवेदन में करीब ढाई सौ वाहनों तथा सैकड़ों समर्थकों के साथ मुख्यालय आने की अनुमति मांगी गई थी। इसी बीच जिले में सपा और भाजपा समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर पोस्टर वार तेज हो गया था, जिससे राजनीतिक माहौल गर्मा गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी बनी हुई है। प्रदेश के कई जिलों में सांसद के विरोध में प्रदर्शन और पुतला दहन किया जा चुका है। 12 मई को हमीरपुर मुख्यालय में हुए भाजपा प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद के बयान के बाद मामला और अधिक तूल पकड़ गया। उनके बयान से लोधी समाज में भी नाराजगी देखी गई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों के बीच तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं।

सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। विकासखंड ताखा के ब्लॉक संसाधन केंद्र मामन पर क्षेत्र के समस्त शिक्षकों के सहयोग से सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी ताखा अनुपम शुक्ला के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह में शैक्षिक सत्र 2025-26 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक जितेंद्र यादव, अरुण प्रताप सिंह तथा अनुचर अरविंद द्विवेदी को माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह एवं गीता भेंट कर भावभीनी विदाई एवं सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनुपम शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक कभी वास्तव में सेवानिवृत्त नहीं होता। वह केवल अपने शासकीय दायित्वों से मुक्त होता है, जबकि समाज एवं शिक्षा के प्रति उसकी जिम्मेदारियां जीवनभर बनी रहती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा शिक्षा जगत में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। समारोह का वातावरण अत्यंत भावनात्मक, प्रेरणादायी एवं सम्मानपूर्ण रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वीरेंद्र कमल, अवधेश सिंह राठौर, अनिल कुमार द्विवेदी, नितिन कुमार चौबे, देवेश त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, तरुण गुप्ता, विपिन कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, हरेंद्र कुमार, चक्रेश एवं संजीव कुमार का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा।

कार्यक्रम स्थल पर ऑटो से विधायक सरिता का जाना बना चर्चा का विषय

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) देश के प्रधानमंत्री की अपील के बाद सदर विधायक सरिता भदौरिया अपने अधिकांश कार्य जो शहर में ऑटो से हो सकते हैं उनको ऑटो से जाकर ही कर रही है जिसकी पूरे जनपद में भूरी- भूरी प्रशंसा की जा रही है जो आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है सदर विधायक सरिता भदोरिया का ऑटो रिक्शा से जाना।

डीबीए, इटावा ने प्रधानमंत्री की ऊर्जा बचत अपील का किया समर्थन

इटावा (अवधनामा ब्यूरो) डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री की ऊर्जा बचत अपील को समर्थन दिया शनिवार को डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन ने सभी वकीलों से कहा है कि जो नजदीक से आते हैं वो कार की जगह बाइक, ई-रिक्शा या साइकिल से कचहरी आएं। दूर से आने वाले वकील कार पूल बनाकर चलें। डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में भी इटावा के वकीलों की भूमिका रही है, अब ऊर्जा बचत से देश की प्रगति में योगदान देंगे। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेशी मुद्रा भंडार और पेट्रोल-डीजल बचत के आह्वान पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा ने समर्थन देते हुए सभी अधिवक्ताओं से ऊर्जा बचत की अपील की है। डीबीए कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किए हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए राष्ट्र के विकास में अग्रणी योगदान देने को तत्पर हैं। बैठक में डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्रिपाठी के साथ सुनील यादव, राजुल शुक्ला, सुरेश चंद्र, नेहा सिंह, अनूप शर्मा, निधि पाल, प्रीति चौहान, रीना यादव, योगेश यादव, प्रमोद तिवारी, इंद्रपाल सिंह, अभिषेक सेंगर समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

दुख की घड़ी में सहारा बने विधायक आशीष सिंह आशु, पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने पहुंचे

हरदोई (अवधनामा संवाददाता) बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र के म्योरा गांव में गंगा नदी में डूबकर हुई दो मासूमों की दर्दनाक मौत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दुखद हादसे में स्वी शर्मा की पुत्री संध्या और राजेश कुशवाहा के पुत्र ओम का असामयिक निधन हो गया था। हादसे के बाद जहां परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, वहीं इस कठिन समय में बिलग्राम-मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशु पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उनके दुख में सहभागी बने। विधायक आशीष सिंह आशु ने मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कभी नहीं हो सकती, लेकिन सरकार हर कदम पर परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने शासन द्वारा स्वीकृत 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि के चेक दोनों परिवारों को सौंपे। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद जब लोग सिर्फ अफसोस जताकर लौट गए, तब विधायक आशीष सिंह आशु खुद पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे और उनके आंसू पोंछने का काम किया। परिवारों ने भी विधायक के इस संवेदनशील व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में उनका साथ बड़ी ताकत बना। इस दौरान विधायक ने परिवारजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता) सदर तहसील सभागार में आयोजित जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनकर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जमीनी विवादों के प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल में स्वच्छता शपथ के माध्यम से GEM 2026 की बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

सोनभद्र/ विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता) स्वच्छता अभियान 2026 के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान (GEM) 2026 की बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में स्वच्छ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ने GEM 2026 की बालिकाओं को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा महताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर) भी उपस्थित रहे। उन्होंने बालिकाओं को दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्यकर आदतों एवं साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक रूप से जागरूक एवं जिम्मेदार भावी नागरिकों के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समाधान दिवसः 68 में 8 शिकायतों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

मौदहा। नगर के तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए पांच दर्जन से अधिक मामलों में केवल आठ मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका। समाधान दिवस में आने वाले फरियादी मामलों का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों का समाधान दिवस की कार्यप्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है। नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने की। इस मौके पर कुल 68 फरियादी मामले आए। जिनमें केवल आठ मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक मामले भूमि पर कब्जे, पेयजल व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर ग्राम खंडेह के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पेयजल की समस्या को लेकर उप जिलाधिकारी से समस्या के निदान की मांग की। नगर के मोहल्ला रागौल निवासी रुखसार बानो पत्नी नईमुद्दीन ने बताया कि दबंगों ने उसकी कृषि योग्य भूमि पर कब्जा कर रखा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बिहुनी कला निवासी चंद्र प्रकाश पुत्र राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसके खेत तक जाने के लिए चक रोड पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है। समाधान दिवस में शिकायत करने के बावजूद भी आज तक दबंग का कब्जा बरकरार है: इसी प्रकार ओम बाबू पुत्र मन्ना प्रसाद निवासी पिपरौंदा ने बताया कि एक पखवारे पूर्व आए आंधी तूफान में उसके खेत में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया था। उसने उप जिलाधिकारी से नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। इधर ग्राम परसदवा डेरा के एक दर्जन ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को बताया कि छानी से लेकर डेरा तक खरंजा निर्माण किया जा रहा है जो दो माह से बंद है। उन्होंने उक्त निर्माण कार्य शुरू कराने के साथ-साथ निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है।

समर कैंप में छात्राओं को सिखाया गया स्वास्थ्य वर्धक व्यंजन बनाने की विधि

मौदहा। राजकीय विद्यालयों में चल रहे समर कैंप में शनिवार को शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्राओं को स्वास्थ्य वर्धक व्यंजन बनाने का गुर सिखाकर पारम्परिक व्यंजनों की जानकारी दी गई। इस दौरान कक्षा नौ से 12 की छात्राओं ने बढ़ -चढ़ कर प्रतिभाग किया। समर कैंप की शुरुआत नियमित रूप से आधा घंटे के योग एवं व्यायाम सत्र से शुरू हुई। इसके बाद विद्यार्थियों को केक, टोमैटो, सूप एवं बेसन का ढोकला बनाने की विधि, सामग्री व पौष्टिकता से अवगत कराया गया। छात्राओं ने इन व्यंजनों को स्वयं बनाकर स्वाद भी चखा। प्रधानाचार्य अंजली प्रिया गौतम द्वारा कार्यक्रम की सहयोगात्मक समीक्षा की गई। उनके द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित समर कैंप में छात्राओं को न केवल एकेडमिक बल्कि जीवनोपयोगी कौशलों से भी समृद्ध कर रहा है। इस मौके पर दीपिका शर्मा, पूनम वर्मा, आरती देवी, वर्षा श्रीवास्तव, सुषमा सिंह, आरती शिवहरे, आकांक्षा त्रिपाठी, शिवानी आदि अध्यापिका एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

सरकार की कल्याणकारी योजना से गरीब एवं पात्र लोगों को लाभान्वित करायें: अनुनय

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। तहसील शाहाबाद सभागार में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करें और कार्यालय में फरियाद लेकर आने वाले आम जनमानस के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा उनकी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करायें तथा भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना से गरीब पात्र लोगों को लाभान्वित करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के कानूनगो व लेखपालों को निर्देश दिये चकरोड व अन्य सरकारी तथा गरीबों की अवैध रूप से कब्जा की गयी भूमि चिन्हित करें और पुलिस के सहयोग से खाली कराये तथा अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करायें। विद्युत संबंधी शिकायतों के संबंध में उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये आंधी में क्षतिग्रस्त पोल, तार व ट्रास्फारमरों को तत्काल बदलवायें तथा उपभोक्ताओं की बिल आदि समस्याओं का निष्पक्षता पूर्वक समाधान करायें और क्षेत्रीय विद्युत अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन अवश्य रिसीव करें। राशन वितरण संबंधी शिकायतों पर उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों से जांच कराकर राशन वितरण में अनियमिता करने वाले कोटेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करें। पेंशन संबंधी शिकायतों पर डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पात्रों की पेंशन बन्द हो गयी उनकी जांच कराकर पेंशन बहाल करायें तथा अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित अवधि में अधिकारी कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिय कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आम नागरिकों से वार्तालाप करें और उनकी समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करें तथा क्षेत्र के दंबग, अपराधी, आराजक एवं आसामाजिक तत्वों की जानकारी प्रतिदिन बीट सिपाही एवं चौकीदारों से लें तथा भीड़-भाड़ वाले बाजारों एवं मुख्य- मुख्य मार्गो पर फोर्स के साथ गस्त लगायें।

एनटीपीसी सिंगरौली में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली में दिनांक 16 मई 2026 से स्वच्छता पखवाड़ा का विधिवत एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल अम्बेडकर भवन, शक्तिनगर टाउनशिप से एक भव्य स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों, सीआईएसएफ कार्मिकों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रहे। उनके साथ अरविंद कुमार, उप समादेष्टा (सीआईएसएफ) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर स्वच्छता शपथ का वाचन अंग्रेज़ी में सी.एच. किशोर कुमार द्वारा तथा हिंदी में अरविंद कुमार द्वारा कराया गया। शपथ के माध्यम से सभी उपस्थितजनों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 16 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। इस अवधि के दौरान परियोजना एवं टाउनशिप परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी विशेष स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, श्रमदान, स्वच्छता निरीक्षण, प्रतियोगिताएँ तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा सामूहिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। एनटीपीसी सिंगरौली सदैव सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वच्छता संबंधी पहलों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है तथा स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों को साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

एनटीपीसी विंध्याचल में भव्य स्वच्छता रैली एवं शपथ समारोह का आयोजन

सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी विंध्याचल ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को सशक्त करते हुए 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' के अंतर्गत दिनांक 16 मई 2026 को भव्य स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, ष्ठद्बह्लस्र कर्मियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता रैली का शुभारंभ विंध्य क्लब से शुरू होकर इसका समापन सर्वेश्वर मंदिर परिसर में हुआ। रैली के दौरान स्वच्छता एवं जन-जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायी नारों से सम्पूर्ण नगर परिसर गूंज उठा। स्वच्छता शपथ एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) विशेष रूप से उपस्थित रहे। शपथ के दौरान प्रतिभागियों ने प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता कार्यों हेतु समर्पित करने, स्वयं कभी गंदगी न फैलाने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने एनटीपीसी विंध्याचल की जिम्मेदारी एवं सहभागिता की सशक्त कार्य संस्कृति को प्रदर्शित किया। साथ ही यह अभियान नगर परिसर, कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु परियोजना की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर संगोष्ठी एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी संचारी बीमारियों की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर एक संगोष्ठी एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं सहित नगर क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पुष्पेन्द्र कुमार द्वारा डेंगू रोग के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए घरों एवं आसपास जलभराव न होने देना, साफ-सफाई बनाए रखना तथा मच्छरों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों में कूलर, गमले, टायर एवं अन्य पात्रों में जमा पानी को नियमित रूप से साफ करें तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जागरूकता अभियानों में सहयोग करें। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार ने डेंगू रोग के लक्षण, निदान एवं उपचार के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि समय पर पहचान एवं उपचार से रोग की गंभीरता को कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बुखार आने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। संगोष्ठी का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी आर के यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद, पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संस्थान तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की और डेंगू नियंत्रण हेतु समन्वित प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को डेंगू रोग की रोकथाम एवं जनजागरूकता फैलाने हेतु शपथ दिलाई गई तथा जनसामान्य से स्वच्छता अपनाकर मच्छरजनित रोगों के उन्मूलन में सहयोग करने की अपील की गई।

एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद परियोजना में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। स्वच्छता पखवाड़े का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) संजय असाटी ने सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं टाउनशिप के निवासियों को उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत त्रिवेणी क्लब परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर की गई। इसके पश्चात प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने किया। यह पहल स्वच्छता के प्रति सामूहिक जागरूकता, सहभागिता एवं सामाजिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्लांट एवं आवासीय परिसर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं सफाई जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता वार्ता, सामूहिक वृक्षारोपण, निबंध लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी तथा चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

एनटीपीसी रिहंद द्वारा आयोजित यह स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। जनपद में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 15वें वित्त आयोग हेल्थ ग्रान्ट सेक्टर अन्तर्गत प्रस्तावित 24 नये स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं 07 बी.पी.एच.यू. (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट) के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं, भूमि की उपलब्धता, तकनीकी स्वीकृतियों तथा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य उपकेन्द्रों एवं बी.पी.एच.यू. के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बेहतर होगी तथा आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्साधिकारी पीके राय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, सम्बन्धित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बारिश से पहले नालों की सफाई पूरी करें: ए.के. शर्मा

- बनारस को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने पर जोर
- सड़क, नाली और सौंदर्यीकरण कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश
- गर्मी में बिजली संकट नहीं होना चाहिए: ऊर्जा मंत्री
- ए.के. शर्मा ने रात में किया वाराणसी शहर का निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने वाराणसी में नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि नगर से संबंधित सभी विकास कार्यों जैसे रोड, नाली, दीवारों की पेंटिंग, पार्कों का रखरखाव, पार्कों का सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग तथा रोड के किनारे सुंदरीकरण के कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए।

15 मई की रात्रि में नगर विकास मंत्री ने नगर आयुक्त के साथ शहर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने शहर की सड़कों, नालियों, सौंदर्यीकरण कार्यों तथा दीवारों की पेंटिंग का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य चलते हुए पाए गए, जहां मंत्री शर्मा ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी ली। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कार्य अच्छी गुणवत्ता एवं सही तरीके से किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बारिश से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाए ताकि जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। शहर में कहीं भी कूड़ा-कचरा जमा न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा पूरे बनारस की साफ-सफाई पूरी तत्परता के साथ कराई जाए। मंत्री शर्मा ने कहा कि इस बार सभी बनारसवासियों को मिलकर अच्छे कार्यों के दम पर वाराणसी को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के लिए कार्य करना होगा।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कार्य तत्काल पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की विद्युत समस्या नहीं होनी चाहिए। ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, ट्रांसमिशन लाइन की व्यवस्था तथा विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याएं विद्युत उपकेंद्रों पर बैठकर सुनी जाएं और उनका तत्काल निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। बैठक में राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, एम डी (पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम) शंभू कुमार सहित नगर विकास तथा ऊर्जा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

जिलहिज्ज का चांद रविवार 29 जीकाद को देखा जाएगा

लखनऊ। इस्लामी महीने जिलहिज्ज का चांद रविवार 29 जीकाद को देखा जाएगा। चांद नजर आने पर सोमवार 18 मई को पहली जिलहिज्ज होगी और ईदुल अजहा का त्योहार 27 मई बुधवार को मनाया जाएगा। चांद कमेटियों के अध्यक्षों ने मुसलमानों से रविवार को जिलहिज्ज का चांद देखने की अपील की है। इदारए शरैया फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने मुसलमानों से रविवार को जिलहिज्ज का चांद देखने की अपील करते हुए कहा कि इदारए शरैया फिरंगी महल में चांद देखने का इंतजाम किया गया है। मौलाना ने कहा कि चांद देख कर गवाही देने या चांद की जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508, 9918117798, 9335841177 और 8052615777 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अंशकालिक अनुदेशकों का होगा सम्मान समारोह

अवधनामा ब्यूरो

- मुख्यमंत्री करेंगे बढ़े मानदेय वितरण का शुभारंभ
- लोकभवन से सीएम योगी करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता, सभी जिलों में होगा लाइव प्रसारण
- जनपद में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वितरित होंगे चेक

लखनऊ। प्रदेश सरकार अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान और उनके बढ़े हुए मानदेय वितरण को लेकर 17 मई, 2026 को पूरे उत्तर प्रदेश में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम सायं 4 बजे से आयोजित होगा। सरकार द्वारा पूर्व में जारी शासनादेश के तहत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया था। बढ़ा हुआ मानदेय 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी किया गया है। इसी के तहत अब प्रदेशभर में प्रतीकात्मक चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम को प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के सम्मान और उनकी आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार निरंतर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रही है। इस संबंध में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम के समानांतर सभी जिलों में भी भव्य आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता रहेगी।

जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शिक्षकों, अंशकालिक अनुदेशकों और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के समापन के बाद जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा अंशकालिक अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनप्रतिनिधियों के संबोधन भी आयोजित होंगे।

योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और खुशहाली की नई ऊंचाइयों पर: डॉ. अम्मार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं ऑल इंडिया माइनॉरिटीज फोरम फॉर डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अम्मार रिज़वी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक नौ वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में योगी आदित्यनाथ एक मजबूत, गरिमामय और दूरदर्शी नेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने में सफल हुए हैं। डॉ. अम्मार रिज़वी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री ने लगातार नौ वर्षों तक प्रदेश का नेतृत्व करते हुए विकास, कानून-व्यवस्था, गरीबों के कल्याण तथा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा को हमेशा अपनी प्राथमिकता बनाए रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास के कई नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कोरोना महामारी के दौरान प्रभावी प्रबंधन, मजबूत कानून-व्यवस्था, गुंडागर्दी एवं भू-माफियाओं पर कार्रवाई तथा भव्य महाकुंभ के सफल आयोजन ने सरकार की कार्यशैली को नई पहचान दी है। डॉ. रिज़वी ने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की नीति के कारण विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश आज एक्सप्रेस-वे, मेट्रो रेल, फोरलेन सड़कों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना में मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इस अवसर पर डॉ. अम्मार रिज़वी ने उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को उत्तर प्रदेश विधानसभा द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार' से सम्मानित किए जाने पर भी बधाई दी।

भजन-पूजन के साथ दो दिवसीय भव्य 'श्रीराम हनुमत महोत्सव' का शंखनाद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हनुमत सेवा समिति द्वारा 'श्रीराम हनुमत महोत्सव' का आयोजन 16 और 17 मई को किया जा रहा है। बलरामपुर गार्डन परिसर में सायं 4:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित इस आध्यात्मिक समारोह के पहले दिन भक्तों ने लखनऊ में पहली बार छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस सम्प्रदाय के संस्थापक भगवान परशुराम है। इसके अनुयायी अपने शरीर पर 'राम' शब्द का गोदना गुदवाते हैं और 'राम' शब्द छपे शॉल और मोर के पंखों से बने मुकुट पहनते हैं। यह आयोजन विशिष्ट अतिथिगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजीव सिंह, न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला जी को आमंत्रित किया गया था।

प्रेम कान्त तिवारी के प्रभावी संचालन में हुए इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के पहले दिन मंगलाचरण के उपरांत मुम्बई से आमंत्रित विश्व विख्यात भजन गायक प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा हनुमान चालीसा का 21 स्वरों में सामूहिक पाठ किया गया। इसका आनंद आगंतुकों ने पूरी भक्ति भाव से किया। इस क्रम में उन्होंने लोकप्रिय भजन 'हे राम तुम्हारी कृपा अगर एक बार हो जाए', 'मंगल भवन अमंगल हारी', 'अच्युतम केशवम', 'श्रीराम चन्द्र कृपालु भजन मन' मधुर कंठ स्वरों में गाकर इस आयोजन को भक्तों के लिए यादगार बना दिया। इस समारोह में आमंत्रित नैमिषारण्य, सीतापुर के प्रख्यात कथावाचक कपिल शास्त्री जी द्वारा 'और देवता चित्त न धरई, हनुमंत सेई सर्व सुख करई' विषय पर विलक्षण व्याख्यान में बताया गया कि जो भक्त हनुमान महराज की निरंतर बिना किसी लालसा के भक्ति करता है हनुमान जी उसके सभी दुःखों एवं पीड़ाओं का अंत कर देते हैं।

बजरंगबली के भक्त को किसी और देवता की शरण में नहीं जाना पड़ता क्योंकि हनुमान जी अपने भक्तों के, न केवल कष्टों को दूर करते हैं बल्कि उनके आशीर्वाद से अष्ट सिद्धियां, निर्भयता, निरोगी काया, अखंड भक्ति और मोक्ष तक मिल सकता है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभूतियों को 'हनुमंत कृपा सम्मान' भी प्रदान किया गया।

वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर श्रम विभाग की तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। प्रधानमंत्री द्वारा वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत आमजन से की गई अपील के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य सरकार की तैयारियों की समीक्षा कर कतिपय निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, उ0प्र0 अनिल राजभर की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ एम0के0 शन्मुगा सुंदरम तथा श्रम विभाग से संबंधित विभिन्न विभागों/कार्यालयों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल मोड से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमायुक्त उ0प्र0, निदेशक सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ, निदेशक कर्मचारी राज्य बीमा योजना कानपुर, सचिव उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ, उप श्रमायुक्त उ0प्र0 असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड लखनऊ सहित समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

'बैठक में पश्चिम एशिया में होर्मुज जल डमरु मध्य से व्यापार आवागमन बाधित होने से खाड़ी देशों से कर्मचारियों के बेरोजगार होने की संभावना पर चर्चा हुई।

सी.एम.एस. समर कैम्प में सँवर रही है छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में आयोजित किये जा रहे समर कैम्प में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिल रहा है, जहाँ छात्र अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, जूडो-कराटे, फुटबॉल, वॉलीबाल, शतरंज, तैराकी, योगा, स्केटिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व सँवारने में संलग्न नजर आये। इन दोनों कैम्पसों के समर कैम्प में छात्रों का उत्साह अपने चरम पर नजर आया और विभिन्न मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों के कारण सम्पूर्ण विद्यालय परिसर में उत्साह व उमंग की लहर प्रवाहित हो रही थी। विदित हो कि गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है। सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस का समर कैम्प छात्रों के लिए अविस्मरणीय अवसर साबित हो रहा है, जहाँ शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही उनमें उच्च जीवन मूल्यों का भी विकास हो रहा है। जहाँ एक ओर, फुटबाल, वॉलीबाल, स्विमिंग एवं योगा आदि विभिन्न खेल गतिविधियों में छात्र फिजिकल फिटनेस व तकनीकी दक्षता का निखार रहे थे तो वहीं दूसरी ओर गीत-संगीत एवं वाद्य यंत्रों को सीखने के लिए भी बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह सहज ही दिखाई दे रहा था। कुल मिलाकर इस समर कैम्प में छात्र अत्यन्त उल्लासपूर्ण व उत्साहपूर्ण वातावरण में स्वस्थ मनोरंजन के साथ न सिर्फ नई-नई विधाओं को सीख रहे हैं अपितु उनमें अनुशासन, टीम भावना, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित हो रही है।

27 हजार करोड़ की स्मार्ट मीटर योजना पर घिरा सवाल

लखनऊ। जब पूरे देश में प्रधानमंत्री की अपील के बाद आर्थिक संकट से निपटने के उपाय खोजे जा रहे हैं, ऐसे समय में उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों को सबसे पहले अपने कार्यप्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है। प्रदेश में लगभग 3 करोड़ 80 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत उपभोक्ताओं के घरों में ऐसे इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगे हैं जो अभी भी अपनी 5 वर्ष की गारंटी अवधि में हैं तथा सही तरीके से कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं के परिसरों से कार्यरत इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटाकर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की पूरी परियोजना को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर परियोजना के लिए लगभग 18,885 करोड़ की स्वीकृत लागत थी, जबकि इसे लगभग 27,342 करोड़ में अवार्ड किया गया है। यह भविष्य में प्रदेश पर एक बड़ा आर्थिक बोझ और संकट खड़ा करेगा।

कैसरबाग में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर एक्शन

अवधनामा ब्यूरो

- 16 मई तक हटाएं कब्जा, वरना होगी ध्वस्तीकरण कार्रवाई
- पुराने हाईकोर्ट परिसर के आसपास अतिक्रमण पर सख्ती

लखनऊ। नगर निगम प्रशासन ने कैसरबाग स्थित निबंधन कार्यालय और जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर (पुराने उच्च न्यायालय) के आसपास सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए 16 मई 2026 तक स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं।

जारी सूचना के अनुसार नाली, सड़क और फुटपाथ पर अवैध कब्जा कर अधिवक्ताओं द्वारा चैम्बर, खाने-पीने की दुकानें, फोटोस्टेट, चाय-पान आदि के स्थायी निर्माण किए गए हैं। यह निर्माण सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किए जाने की बात सामने आई है।

नगर निगम ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय में विचाराधीन जनहित याचिका और आपराधिक विविध रिट याचिका संख्या-713/2026 अनुराधा सिंह एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पूर्व में भी संबंधित लोगों को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि 16 मई तक अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया तो 17 मई 2026 को प्रातः 10 बजे पुलिस और जिला प्रशासन की मौजूदगी में विशेष अभियान चलाकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही कार्रवाई में आने वाला खर्च भी अतिक्रमणकर्ताओं से वसूला जाएगा। प्रशासन ने यह भी कहा है कि अभियान के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए संबंधित अतिक्रमणकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की पहचान है: डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी

- निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों की जांच ब, मुफ्त दवाओं का वितरण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। स्टेट तकमीलुत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल्स की जानिब से मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी के जनरल सेक्रेट्री डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी की सरपरस्ती में मोहल्ला पटवारी, कस्बा बिजनौर, लखनऊ में निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप इंचार्ज डॉ. सफिया लोखंडे ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति केवल रोगों का इलाज ही नहीं करती, बल्कि संतुलित खान-पान, परहेज़ और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी जागरूक करती है।

डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने कहा कि आयुष पद्धति के अंतर्गत यूनानी चिकित्सा इंसानी मिज़ाज, रहन-सहन और प्राकृतिक उपचार पर आधारित है, जिसमें जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों के माध्यम से रोगों को दूर करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मधुमेह, बीपी, जोड़ों का दर्द, एलर्जी और तनाव जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में यूनानी चिकित्सा सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर सामने आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज अधिकांश लोग शरीर के रख-रखाव और परहेज़ पर ध्यान दिए बिना तुरंत आराम पाने के लिए आधुनिक इलाज की ओर भागते हैं, जिसके कारण बाद में कई दुष्प्रभाव सामने आते हैं। जबकि यूनानी चिकित्सा शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर रोगों को जड़ से दूर करने का कार्य करती है। शिविर में लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। कैंप के आयोजन में प्रशिक्षु ज़ीनत जहां , मोहम्मद अदनान न शबाना इल्मी , तंजीम अहमद , अबीरा , मोहम्मद जमशेद , व मुश्ताक अली, हाफिज अरशद, हाफिज अकमल, मोहम्मद सुहैल, जिया लाल गौतम, मोहम्मद रियाज़, शोएब आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की गई।

भोजशाला फैसले पर मुस्लिम मजलिस ने जताई चिंता

लखनऊ। मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद को लेकर दिये फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संवैधानिक संतुलन और निष्पक्षता को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है। संगठन के महासचिव मोहम्मद इरफान खान कादरी ने एक बयान में कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में आस्था को आधार बना कर दिया फैसला पहले की एक बड़े वर्ग में सवाल खड़े कर चुका है। अब उसी आधार को ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के मामलों में लागू किया जाना न्याय के सिद्धांत के लिए चिंता का विषय है। अगर मस्जिदों, इबादतगाहों और पुरानी इस्लामी इमारतों में मौजूद निशानों या ऐतिहासिक बदलावों के आधार पर उनके धार्मिक स्वरूप पर सवाल उठाए जाएंगे तो इससे संवैधानिक सुरक्षा कमजोर होगी और देश में नए विवाद पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर न्याय के मानदण्ड कमजोर होंगे तो उसका असर केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर भी पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि सभी संवेदनशील धार्मिक मामलों में न्याय, समानता और संविधान की सर्वोच्चता को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

अवधनामा ब्यूरो

- मां की आंख खुली तो बेटे को फंदे से लटका देख मची चीख-पुकार

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र के वादरखेड़ा स्थित जनता विहार कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मां की आंख खुली तो बेटे को पंखे से लटका देख चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक लालबाग कैसरबाग निवासी अमन भारती (23) अपनी मां संगीता के साथ पारा के वादरखेड़ा इलाके की जनता विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। अमन मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात मां-बेटे ने साथ में खाना खाया था, जिसके बाद दोनों कमरे में सो गए। देर रात किसी समय अमन ने कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली।

सुबह जब मां की आंख खुली तो बेटे को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। मां की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पारा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद से मां संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोगों के मुताबिक अमन शांत स्वभाव का था और मजदूरी कर मां का सहारा बना हुआ था। अचानक उठाए गए इस कदम से हर कोई हैरान है।